e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 41

**सुविचार**
कुछ मत पूछो, बदले में कुछ मत मांगो। जो देना है वो दो, वो तुम तक वापस आएगा, लेकिन उसके बारे में अभी मत सोचो।

# प्रभात मंत्र

रविवार
11.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती, चल रहा है इलाज

**कोलकाता :** मिथुन चक्रवर्ती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभिनेता से नेता बने अभिनेता को शनिवार 10 फरवरी को कोलकाता के अपोलो अस्पताल में ले जाया गया है। कथित तौर पर अभिनेता की तबीयत ठीक नहीं थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। दिग्गज एक्टर और बीजेपी नेता मिथुन चक्रवर्ती की हेल्थ के बारे में जानकर उनके फैंस के बीच चिंता का माहौल बना हुआ। कोलकाता के अपोलो हॉस्पिटल में उनका इलाज किया जा रहा है। मिथुन चक्रवर्ती 73 साल के हैं। बता दें कि शनिवार यानी 10 फरवरी की सुबह मिथुन चक्रवर्ती को अचानक सीने में दर्द के साथ-साथ बेचैनी भी महसूस हो रही थी, जिसके बाद उन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उनकी उनकी तबीयत स्थिर है। अब घबराने वाली कोई बात नहीं है। फैंस उनके ठीक होने की दुआ मांग रहे हैं।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद

**इंफाल :** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। अभियान के दौरान सोंगजांग गांव के बीच सामान्य क्षेत्र से मैगजीन के साथ एक 9 मिमी पिस्तौल, मैगजीन के साथ एक 7.65 मिमी पिस्तौल, दस 9 मिमी की गोलियां, दो .32 मिमी गोलियां, तीन 9 मिमी के खाली कारतूस और दो .32 मिमी के खाली कारतूस कांगपोकपी जिले के थोंगलांग अकुत्पा गांव में आईटी रोड के किनारे से बरामद की गईं।वहीं सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए एक अन्य अभियान में मैगजीन के साथ एक कार्बाइन मशीन गन, एक इंसास मैगजीन, आठ 5.56 मिमी गोलिया, एक 36 नंबर का हैंड ग्रेनेड, एक 51 मिमी मोर इल्यूमिनेशन राउंड, एक स्थानीय निर्मित पम्पी, दो स्थानीय निर्मित हैंड ग्रेनेड और एक वॉकी-टॉकी एवं चार्जर के साथ कांगपोकपी जिले के चांगौबुंग से बरामद किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे जिले में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

### महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल को धमकी भरा पत्र, सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार के खाद्यान्न आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को नासिक स्थित उनके कार्यालय में धमकी भरा पत्र मिला है। जिसके बाद भुजबल के आवास और कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस पत्र की छानबीन कर रही है।छगन भुजबल के कार्यालय को मिले धमकी वाले पत्र में कहा गया है कि उन्हें जान से मारने के लिए पांच लोगों ने सुपारी ली है। संबंधित गिरोह के गुर्गे एक होटल में ठहरे हुए हैं और हमले का मौका तलाश रहे हैं। छगन भुजबल ने शनिवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस इस पर अपना काम करेगी। लेकिन धमकी की वजह से वे काम बंद नहीं करेंगे। मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं को इस तरह की धमकी चिंताजनक है। सभी दलों के नेताओं को एक साथ बैठकर इस विषय पर विचार करना चाहिए। छगन भुजबल को मिली धमकी को लेकर सरकार गंभीर है और उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### कार-कंटेनर की टक्कर में 3 लोगों की मौत

**मुंबई :** अहमदनगर जिले के कोपरगांव स्थित ढोटर गांव के पास बीती रात कंटेनर और कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में दो लोग घायल हुए हैं जिन्हें कोपरगांव ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोपरगांव पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक संदीप कोली के अनुसार जालना जिला निवासी राहुल राजभोज शुक्रवार रात अहमदनगर जिले में स्थित शिरडी की ओर कार से जा रहे थे। अचानक कोपरगांव में ढोटर गांव के पास सड़क पर पार्क किए गए कंटेनर से उनकी कार टकरा गई। इस घटना में राहुल राजभोज, उमेश उगले, भाऊसाहेब पैथेन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हिरासत में मौजूद उग्रवादी के घर से मिली कार्बाइन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स की हिरासत में मौजूद आरोपित के घर छापेमारी कर कार्बाइन और अन्य चीजें बराबर की है। एसटीएफ के एसपी इंद्रजीत बसु ने शनिवार शाम इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सात फरवरी को सब्यसाची गोस्वामी नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया गया था।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

## फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार में तेज हुआ सियासी हलचल



### राजद ने अपने विधायकों को तेजस्वी यादव के आवास पर रोका

एजेंसी

**पटना :** बिहार में नई सरकार के गठन ने बाद 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट होना है. इससे पहले 11 फरवरी को जनता दल यूनाइटेड ने विधानमंडल दल की बैठक बुलाई है. इसमें जेडीयू के विधायकों को अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं. इसी बीच आरजेडी ने अपने विधायकों को बैठक के लिए बुलाकर तेजस्वी यादव के आवास पर रोक लिया है. 3 घंटे तक आरजेडी की बैठक चली. इसके बाद विधायकों को तेजस्वी के पांच देश रत्न मार्ग स्थित आवास पर रोका गया. विधायक के लगेज को आवास में भेजा जा रहा है. उधर, फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार कांग्रेस के विधायक हैदराबाद पहुंच चुके हैं.विधायकों के टूटने की आशंका के चलते उन्हें हैदराबाद भेजा गया है. बीते दिनों दिल्ली में प्रदेश के कांग्रेस विधायकों की एक बैठक भी हुई थी. इसमें 19 में से 17 विधायक शामिल हुए थे. इसके बाद बिहार कांग्रेस के 16 विधायक हैदराबाद पहुंचे थे.

### दांव-पेच से गरमाया सियासी माहौल

बिहार की सियासत में दांव-पेच से माहौल गरमाया हुआ है. हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की कोशिश है कि नई सरकार में महत्वपूर्ण विभाग लिया जाए या एक और मंत्री की मांग को आगे बढ़ाया जाए. चूंकि जीतनराम मांझी के बारे में चर्चा होती रही है कि वो महागठबंधन खेमे के संपर्क में है. ऐसी खबरें बार-बार आईं और मंत्री संतोष सुमन ने इन खबरों को खारिज किया.

### नए स्पीकर का चुनाव भी 12 को

नीतीश कुमार ने 28 जनवरी की शाम 8 मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी. विजय सिन्हा (डिप्टी सीएम), सम्राट चौधरी (डिप्टी सीएम), विजय कुमार चौधरी, डॉ. प्रेम कुमार, ब्रिजेंद्र प्रसाद यादव, सुमित कुमार सिंह, संतोष कुमार, श्रवण कुमार नीतीश की नई कैबिनेट का हिस्सा हैं. विधानसभा के नए स्पीकर का भी चुनाव होना हैं, जो 12 फरवरी को किया जाएगा.

## मुख्यमंत्री ने पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना का किया शिलान्यास

# हरा-भरा रहे पलामू, यह सरकार का लक्ष्य : चम्पाई

* पाईपलाईन सिंचाई योजना के निर्माण हेतु कुल 456 करोड़ 62 लाख 61 हजार रुपए होंगे व्यय
* सभी योजना आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित
* योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता
* किसान भाई बंधुओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना ध्येय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पलामू जिला अंतर्गत पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना का शिलान्यास हुआ। यह एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के पूरा होने से पूरे पलामू प्रमंडल क्षेत्र के छोटे-बड़े किसान लाभान्वित होंगे। पलामू अक्सर सुखाड़ के चपेट में रहता है। समय पर वर्षा नही होने के कारण अथवा कम वारिश के कारण सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न होती रही है। हमारी सरकार की सोच है कि पलामू पूर्ण रूप से हरा-भरा रहे इस निमित्त एक ऐतिहासिक सिंचाई योजना पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना का शिलान्यास हुआ है। उक्त बातें मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पलामू जिला स्थित शिवाजी मैदान डाल्टेनगंज में आयोजित पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना का शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-दुनिया जब तेज गति से प्रगति कर रहा है। आधुनिक युग में पहुंच गया है तो हमारा झारखंड क्यों पीछे रहेगा? हम यहां के किसानों के खेत-खलिहान में 12 महीना पानी पहुंचाएंगे।

### आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान हमारी सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान हमारी सरकार की सोच रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सोच के अनुरूप सभी कार्यों को मूर्त रूप देने का काम हम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के गरीब, आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो इस हेतु कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन हो रहा है। हमारे बच्चे भी अब उच्च शिक्षा ले सके शिक्षा लेने में पैसा बाधा बने इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ हुआ है। इस योजना के माध्यम से वैसे बच्चे जो उच्चतर शिक्षा जैसे कि इंजीनियरिंग, डॉक्टर, डिप्लोमा इत्यादि का डिग्री लेना चाहते हैं उन्हें आर्थिक रूप से सहयोग मिल रहा है। इस योजना से आच्छादित बच्चों को जब नौकरी मिलेगी तब से वे धीरे-धीरे इस योजना के तहत मिले ऋण को वापस करेंगे। इस योजना के तहत उन्हें कोर्स के शुल्क के अनुरूप 10 लाख,15 लाख अथवा 20 लाख रुपए तक की मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में अब तक 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन किया है। आने वाले समय में बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों में अपग्रेड किया जाएगा।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक रामचंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, पलामू प्रमंडल के आयुक्त दशरथ दास, आईजी पलामू राजकुमार लकड़ा एवं जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**कई महत्वपूर्ण योजनाओं का भी हो रहा है संचालन:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में संचालित कई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने सभी क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर दिखाया है। हमारी सरकार ने झारखंड में स्थापित उद्योग संस्थानों में 75% नियोजन यहां के मूलवासी, आदिवासी सहित अन्य वर्ग समुदाय के लोगों का हो इस निमित्त कानून बनाया है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। राज्य के 20 लाख से अधिक गरीब परिवारों को अबुआ आवास योजना से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। लक्ष्य के अनुरूप वर्ष 2027 तक सभी चयनित परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। अबुआ आवास योजना का लाभ मिलना अब प्रारंभ हो चुका है। प्रथम फेज में चयनित परिवारों तक डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जा रही है।

**राज्यवासियों को मिल रहा है सर्वजन पेंशन योजना का लाभः** मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य में सर्वजन पेंशन योजना का लाभ लोगों को दिया गया। सर्वजन पेंशन योजना एक महत्वाकांक्षी योजना के रूप में उभर कर सामने आई। वर्तमान में राज्य के भीतर 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्ग महिला-पुरुष को पेंशन मिल रहा है। वही सभी वर्ग समुदाय के दिव्यांग व्यक्ति तथा विधवा माताओं-बहनों को ढूंढ-ढूंढ कर पेंशन योजना के अंतर्गत आच्छादित किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने यह भी फैसला लिया है कि आने वाले वर्षों में आदिवासी-दलित समुदाय के महिला-पुरुषों को अब 50 साल के उम्र के बाद से ही पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा।

# माओवादी जोनल कमांडर ने किया आत्मसमर्पण




संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र

**लातेहारः** लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि झारखण्ड सरकार की आत्मसमर्पण नीति नई दिशा से प्रभावित होकर 10 फरवरी को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमाण्डर कल्टु उर्फ मोजिन्दर उर्फ लालदीप गंझू उर्फ कार्तिक गंझू उम्र करीब 32 वर्ष, पिता भोला गंझू सा. जावाबार, टोला- लेण्डाही, पोस्ट-बालुभांग, थाना बारियातु, जिला लातेहार, राजकुमार लकड़ा पुलिस महानिरीक्षक पलामु प्रक्षेत्र एवं अजनी अंजन पुलिस अधीक्षक लातेहार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। कल्टू प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी में वर्ष 2004 में शामिल हुए थे और करीब 20 वर्षो तक भाकपा माओवादी में रहे। पुलिस के द्वारा लगातार चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान से माओवादी संगठन कमजोर हुआ है। पुलिस के दबिश से पार्टी के कई शीर्ष कमाण्डर गिरफ्तार किये गये हैं एवं कईयों ने आत्मसमर्पण भी किया है।

इन्होंने झारखण्ड सरकार की आत्मसमर्पण नीति नई दिशा के बारे में जानकारी लिया और लातेहार पुलिस के मुख्य धारा से भटके लोगों को मुख्य धारा में लाए जाने के प्रयास एवं जागरुकता अभियान से प्रभावित होकर शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया। साथ ही जंगल में भटक रहे अपने साथी माओवादियों को भी आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में शामिल होने कि अपील की है।

इनके उपर झारखंड विहार में के थाने में लगभग आठ मामले दर्ज हैं। पुलिस महानिदेशक झारखण्ड, राँची के द्वारा झारखण्ड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नई दिशा के तहत माओवादी राधेश्याम यादव उर्फ विमल यादव, अमन भोक्त उर्फ अमन गझू, नवीन यादव उर्फ सर्वजीत यादव उर्फ विजय यादव उर्फ नवीन जी,टीएसपीसी के जितेन्द्र नगेसिया उर्फ जितेन्द्र जी, दशरथ उरांव उर्फ रौशन उरांव उर्फ रौशन जी, अनिल उरांव, जेजेएमपी के संजय प्रजापति, रघुनाथ सिंह खेरवार, कमलेश सिंह उर्फ मुकेश सिंह उर्फ नाना जी,सत्येन्द्र उरांव उर्फ अभिमन्यु सहित लगभग दो दर्जन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया।

# ईडी की टीम भानु प्रताप को लेकर पहुंची विवादित जमीन पर, की पूछताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप से ईडी पिछले पांच दिनों से रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. शनिवार को भी भानु से पूछताछ की गई. इसी दौरान अचानक भानु को लेकर ईडी की टीम रांची के बरियातू स्थित उस जमीन पर पहुंच गई जिसे पूर्व सीएम हेमंत का बताया जा रहा था. वहां से फिर भानु प्रताप को बड़गाई अंचल ऑफिस ले जाया गया. ईडी ने अदालत को दिए अपने रिमांड पीटिशन में भी बताया है कि बड़गाई अंचल के गिरफ्तार राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के पास से जमीन की ओरजिनल रजिस्टर उसके घर से बरमाद हुआ था. भानु प्रताप प्रसाद के मोबाइल की जांच की गई थी, जांच में यह बात सामने आयी थी कि भानु प्रताप ने साजिश रचकर जमीन के ओरिजनल रजिस्टर में हेरफेर कर नाम की इंट्री करने की साजिश रची थी. लेकिन ईडी ने इससे पहले ही कार्रवाई कर दी. ईडी ने लिखा है कि भानुप्रताप प्रसाद ने ओरिजनल रजिस्टर अपने पास ही रखा था. इस सिंडिकेट में कई अन्य लोगों की संलिप्तता के साक्ष्य भी मिले थे. ईडी ने कोर्ट को बताया है कि सेना जमीन घोटाले की जांच के दौरान भानु प्रताप प्रसाद के यहां 13 अप्रैल 2023 को छापा पड़ा था.




### सांसद धीरज साहू, डीसी रामनिवास यादव और आर्किटेक्ट विनोद सिंह से ईडी ने की पूछताछ

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और आर्किटेक्ट विनोद सिंह शनिवार को सुबह ईडी कार्यालय पहुंचे, जहां अलग-अलग मामलों में इनसे पूछताछ की गई। विनोद सिंह से ईडी के अधिकारी ने व्हाट्सएप चैट मामले में पूछताछ की।इससे पहले विनोद सिंह से शुक्रवार को ईडी ने पूछताछ की थी, लेकिन लंबी पूछताछ करने के बाद देर शाम को छोड़ दिया था। साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से भी ईडी पूछताछ की।

## 17वीं लोकसभा के अंतिम कार्य दिवस पर बोले पीएम

# देश की भावी पीढ़ी के लिए हम हमेशा कुछ न कुछ अच्छा करते रहेंगे

एजेंसी

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वीं लोकसभा के अंतिम कार्य दिवस पर बीते पांच साल के कार्यकाल में हुए कामकाज और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बुलंद हौसले का संकेत देते हुए कहा कि वे चुनौतियों का आनंद लेते हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमें विकास कार्यो को आगे बढ़ाना है। चुनाव बहुत दूर नहीं है। यह लोकतंत्र का आवश्यक पहलू है और हम सब इसे गर्व से स्वीकार करते हैं। हमारा लोकतंत्र पूरे विश्व को अचंभित कर रहा है। मुझे विश्वास है यह ऐसे ही बना रहेगा। मुझ पर तो परमात्मा की कृपा रही है कि जब चुनौती आती है तो मैं ज्यादा निखरता हूं। हम हर चुनौतियों का सामना कर पाए हैं। उन्होंने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वो आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। ये सही है हर किसी में ऐसा समार्थ्य नहीं होता है कि इन चीजों पर गर्वान्वित महसूस करे। लेकिन फिर भी इस सदन में भविष्य को लेकर जो



बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है। उन्होंने कहा, 21 वीं सदी में हमारी बेसिक आवश्यकताएं बदल रही है। जिन पर हमारा ध्यान नहीं था, वो अब अमूल्य हो गया है। जैसे डेटा, जिसकी दुनिया में चर्चा है। एक बिल लाकर हमने पूरी भावी पीढ़ी को सुरक्षित किया है। कुछ लोग चुनाव के आते ही घबराने लगते हैं। राम मंदिर पर प्रस्ताव अहम है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम देश की भावी पीढ़ी के लिए हमेशा कुछ न कुछ अच्छा करते रहेंगे। ये सदन हमें प्रेरणा देता रहेगा। सामूहिक संकल्प, सामूहिक शक्ति के साथ उत्तम से उत्तम काम करेंगे। उन्होंने कहा, हम भारत की भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करते रहेंगे।

## करोड़ों कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

# ईपीएफओ ने ब्याज दर 8.25 प्रतिशत तय की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नई दिल्ली :** देश के रिटायरमेंट फंड निकाय ईपीएफओ ने शनिवार को साल 2023-24 के लिए ब्याज दर तय कर दी है। यह ब्याज दर 8.25 प्रतिशत रहेगी और यह बीते तीन वर्षों में सबसे ज्यादा है। मार्च 2023 में कर्मचारी भविष्य निधि फंड में सरकार ने 2022-23 के लिए ब्याज दर 8.15 प्रतिशत तय की थी।

वहीं 2021-22 के लिए यह 8.10 प्रतिशत थी। मार्च 2022 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2021-22 के लिए ब्याज दर को बीते चार दशकों के मुकाबले कम करते हुए 8.1 प्रतिशत कर दिया था। यह 1977-78 के बाद सबसे कम था। ईपीएफओ में फैसले लेने वाली निकाय सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) ने शनिवार को हुई बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि के लिए 2023-24 में ब्याज दर 8.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है। सीबीटी ने मार्च 2021 में ईपीएफ पर ब्याज दर 8.5 प्रतिशत तक तय की थी। जनवरी में ईपीएफओ ने आधार कार्ड को जन्मतिथि के लिए स्वीकार्य दस्तावेज मानने से इनकार कर दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि, बीस या अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों में वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए एक अनिवार्य योगदान है।

# पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से यहां के लोगों को मिलेगी सिंचाई सुविधा : मंत्री








**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि विकसित झारखंड, उभरता झारखंड, बढ़ता झारखंड और बदलता झारखंड की ओर सरकार अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में सुखाड़ की स्थिति बनी रहती थी। ऐसे में पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से यहां के लोगों को सिंचाई सुविधा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव-गांव में शिविर लगाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया गया है। अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त आवेदनों के आलोक में योग्य लाभुकों को गढ़वा जिले में लाभ दिया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से सभी को परिचय कराया। उन्होंने कहा कि उत्तरी कोयल, सोन एवं औरंगा नदी से विभिन्न जलाशयों में जल भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना से पलामू जिले के 13,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि में सिंचाई सुविधा प्रदान किया जा रहा है। साथ ही यह योजना 25,000 से अधिक परिवारों को जोड़ने का काम करेगी। किसानों की कृषि कार्य, उनकी आजीविका को संबल प्रदान करेगा। उन्होंने सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि 2 वर्ष के अंदर योजना को धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। इससे यहां के किसान लाभान्वित होंगे। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना पलामू के जनमानस के लिए अत्यन्त आवश्यक है। खेत खलियान में सिंचाई की बेहतर व्यवस्था के लिए उतरी कोयल नदी, औरंगा नदी और सोन नदी से 14 जलाशयों में जल भरे जाएंगे। इस महत्वकांक्षी योजना से जिले के विभिन्न प्रखंडों के लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो पाएंगे। जलाशयों एवं नहरों के माध्यम से सिचाई के लिए खेतों तक अब पानी आसानी से पंहुच पाएगा। इस योजना से किसान सालों भर खेती- किसानी कर सकेंगे। यह सौगात पलामू जैसे कम वर्षापात वाले क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। पलामू में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, आयुक्त पलामू प्रमंडल दशरथ चन्द्र दास, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त पलामू शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन सहित अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

**456.6261 करोड़ रुपये की पलामू सिंचाई योजना से 8 प्रखंड होंगे लाभान्वित**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पलामू के शिवाजी मैदान में आयोजित शिलान्यास समारोह के तहत 456.6261 करोड़ रुपए की पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना का शिलान्यास किया। योजना का कार्य 2 वर्ष में पूरा कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद संवेदक द्वारा ही योजना का 10 वर्षों के लिए परिचालन, रख-रखाव एवं प्रबंधन किया जाना है। पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना के क्रियान्वयन से पलामू जिले के 8 प्रखंडों के 96 गांव लाभान्वित होंगे। लाभान्वित होने वाले प्रखंडों में चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखंड शामिल हैं।

**31.397 एमसीएम जल उद्धव कर जलाशयों में भरा जायेगा**

पलामू जिला में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों/जल निकायों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराने के निमित्त पलामू पाइपलाइन सिचाई योजना तैयार की गई है। योजना अंतर्गत सोन एवं उत्तरी कोयला नदी से सीधे तथा औरंगा नदी से वीयर निर्माण कर तीन अलग-अलग पाइपलाइन से 31.397 एमसीएम जल उद्धव (लिफ्ट) कर चिन्हित जलाशयों को भरा जाएगा, जिसमें से 1.926 एमसीएम जल पेयजल हेतु उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**उत्तरी कोयल एवं औरंगा नदी श्रोत से योजनाओं को किया जाएगा क्रियान्वित**

पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से उत्तरी कोयल एवं औरंगा नदी श्रोत से एक समग्र पैकेज (पैकेज -1) एवं सोन नदी श्रोत से द्वितीय पैकेज (पैकेज -2) के रूप में योजनाओं को क्रियान्वित किया जायेगा। पैकेज वन के तहत उत्तरी कोयल से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बुटनडूबा डैम और पाइपलाइन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय में पानी भेजा जाएगा। इससे चैनपुर एवं मेदिनीनगर प्रखंड लाभान्वित होंगे। वहीं पैकेज वन के तहत ही औरंगा नदी से मलय डैम, पोस्तिया नाला डैम, पनघटवा डैम, कचहडवाटांड डैम, कुण्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम में पानी भरा जाएगा। इससे सतबरवा एवं मेदिनीनगर प्रखंड लाभान्वित होंगे। पैकेज टू के तहत सोन नदी से बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सूखनदिया डैम, करमा कलन डैम में पानी भेजा जाएगा। पैकेज-वन एवं पैकेज-टू के तहत पाइपलाइन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशयों में भी पानी भेजा जाएगा। इससे विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज प्रखंड लाभान्वित होंगे।

## मुख्यमंत्री को पलामू पहुंचने पर अधिकारियों ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को पलामू पहुंचने पर चियांकी स्थित हवाई अड्डा पर जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन आदि ने स्वागत किया। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गढ़वा विधायक मिथलेश ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जवान आदि उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहर के वार्ड-2 के सैदाबाद गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला एवम पुरुष श्रद्धालु मंदिर परिसर से स्टेशन रोड से शहर का भ्रमण करते हुए देवरी सोननदी पहुचे। वहां पर पुरोहित ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया और कलश में जल स्थापित कराया।कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु बजरंग बली की जय, जय श्री राम जय हनुमान का नारा लगाते मंदिर परिसर पहुंच जल भर कलश को स्थापित किया। आचार्यो के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। भंडारे के साथ इस कार्यक्रम का विधिवत समापन किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से यजमान रामप्रवेश विश्वकर्मा, कपिल शर्मा, अजय प्रसाद गुप्ता, गोबिंद साव, भोला शर्मा, सोनू गुप्ता, अजय विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, रामु विश्वकर्मा, उपेंद्र शर्मा, संगीता देवी, सुमन देवी, पिंकी देवी, रीना देवी समेत सैकड़ो की संख्या में भक्त श्रद्धालु मौजूद थे।

## भाजपा चले गांव की ओर, एक बार फिर मोदी सरकार : मनोज सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** प्रखंड छतरपुर के ग्राम कंगाली डीह (कुम्याही) में बूथ संख्या 73 भाजपा चले गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश एवं जिले से आए भाजपा नेता को क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने गांव में माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने लोगों को एक बार फिर मोदी सरकार के नारे के साथ मोदी सरकार के कार्यो को लोगों को बताया और देश में हरेक क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ, देश की सुरक्षा, फोर लाइट सड़क, पीएम किसान निधि, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो को लोगों को बताया और अपील किया कि इस बार फिर मोदी सरकार, इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, भाजपा नेता पूर्व जिला परिषद भोला सिंह उर्फ रमेश सिंह एवं युवा मोर्चा पूर्व छतरपुर मंडल अध्यक्ष राम नरेश यादव, अशोक मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, भारत साहू, हारुण खान, बूथ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता, शिव शंकर राम, कृष्णदेव सिंह, अजय कुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भाजपा नेता ललन कुमार सिंह का निधन

# शव यात्रा में सर्वदलीय पार्टी के लोग हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी, अधिसूचित क्षेत्र समिति हुसैनाबाद के पूर्व चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता, एके सिंह कालेज जपला के पूर्व सचिव 64 वर्षीय ललन कुमार सिंह का रांची के मेदांता अस्पताल में शुक्रवार की शाम 4:40 बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही हुसैनाबाद क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया है स्वर्गय ललन कुमार सिंह अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी के तट पर किया गया ललन कुमार सिंह का निधन हुसैनाबाद के लिए अपूरणीय क्षति है। ललन कुमार सिंह का व्यक्तित्व समाज के लिए एक ऐसा मिशाल है जो किसी की मदद के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहते थे। व्यवहार कुशल एवं सर्वजन के लिए हमेशा सुलभ रहने वाले श्री सिंह के निधन की खबर मिलते ही पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पलामू लातेहार डी डी सी सुरजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य विनोद कुमार सिंह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह,पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह कर्नल संजय कुमार सिंह हुसैनाबाद नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष उषा देवी, पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, एके सिंह कालेज जपला के सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, संतोष सिंह, डा. अजय जायसवाल, मुखिया संतोष कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, उमेश चंद शिव, विपिन बिहारी सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, रामेश्वर राम उर्फ छठन राम,अशोक कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डा एजाज आलम, योगेंद्र सिंह, रामप्रवेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराम मेहता वार्ड पार्षद अर्जुन प्रसाद गुप्ता ऊपरी कला पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजी राम पवन कुमार पटेल पवन लाल, बीएसपी नेता शेर अली, नुरुल खान, हरी यादव, अजय भारती के अलावा विभिन्न राजनीतिक गैर राजनीतिक दल के नेताओं कार्यकर्ताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## हाईवा के चपेट में आने से बाईक सवार ससुर दामाद की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के मुख्यमार्ग बरछिया थाना के समीप जबरा मोड़ पर शुक्रवार रात्रि लगभग साढे नौ बजे आम्रपाली से कोयला लेकर आ रहे हाईवा वाहन के चपेट में आने से दो वाईक सवार की मौत हो गई. घटना कि सुचना मिलते ही बारियातू पुलिस ने हाईवा व शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.मृतक की पहचान बैजनाथ गंझु (45)वर्ष पिता मोती गंझु ग्राम डगवंधी पंचायत गोनिया बारियातु व नारायण गंझु (33) पिता सावन गंझु ग्राम बरवाडिह पंचायत अमरवाडीह के रुप में की गई।दोनो रिस्ते मे ससुर दामाद थे। मिली जानकारी के अनुसार बैजनाथ गंझू के द्वितीय पुत्री मनीषा कुमारी की शादी 3 मार्च को तय था। शादी की तैयारी के बीच ससुर दामाद दोनो अपने सगे सम्बन्धीयो को निमंत्रण पत्र देने निकले थे। इसी क्रम मे वे जबरा के तरफ से रात्रि लगभग साढे नौ बजे अपने बाईक जेएच ह1सीबी 6180 से वापस आ रहे थे. तभी एनएच 99 मुख्य मार्ग बरछिया मे तेज रफ्तार आ रहे हाईवा जेएच02 बीए 6412 ने बाईक सवार दोनों ससुर दामाद को अपने चपेट में ले लिया। जहाँ घटना स्थल पर नारायण गंझु की मौत हो गई जबकि ससुर बैजनाथ गंझु को रांची रिम्स ले जाने के क्रम मे नगर के पास मौत हो गया। शादी के खुशीयों का माहौल मातम मे बदल गया।

## भाजपा ने विश्रामपुर नगर व ग्रामीण मंडल में चलाया दीवार लेखन अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू :** भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विश्रामपुर ग्रामीण व नगर मंडल में शनिवार को भ्रमण कर दीवार लेखन अभियान की शुरूआत की। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष किरण शर्मा व वरीय भाजपा नेता विनय चौबे ने दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल बनाते हुए अभियान शुरु किया। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि एक बार फिर से मोदी सरकार स्लोगन के साथ शुरू किए गए दीवार लेखन अभियान में पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जुट गया है। उन्होंने कहा कि देश में स्थिर सरकार की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को आगे ले जाना है। वरीय भाजपा नेता विनय चौबे ने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को वर्ष 2014 व 2019 में भरपूर आशीर्वाद दिया था। पिछले 10 साल में देश में विकास के नए आयाम शुरू हुए। भारत ने दुनिया में खुद को स्थापित करते हुए काफी छलांग लगाई। इसी छलांग को तीव्र गति से आगे ले जाना है। किरण शर्मा ने कहा कि दिवार लेखन अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रत्येक घरों तक पहुंचकर पार्टी के विचारों को पहुंचाना है। मौके पर विकास चौबे, रामसरीख पांडेय, गुडु पांडेय, रंजित ठाकुर, कुंदन गुप्ता, अखिलेश शर्मा, जितेंद्र, राजू, राजेश, सुरेंद्र कुमार, तुलसी राम, पप्पू, अमन, अनिमेष, अभिषेक, रामराज सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं ने किया गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भाजपा द्वारा आयोजित गांव चलो अभियान के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के ऊपरी कला व ऊपरी खुर्द में भाजपा नगर मंडल व उरद्वार मंडल के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह गांव चलो अभियान के विधानसभा प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मोदी सरकार के विकास कार्यो से रूबरू कराया गया। वही प्रबुद्ध जनों से मिलकर एक बार पुनः भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कार्य हुए है और भविष्य में भी होंगे।केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास कार्य जारी है। मौके पर भाजपा के वरीय नेता रामप्रवेश सिंह, रणविजय सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, रविंद्र ठाकुर, बिकास कुमार, बिरबली यादव, ललन यादव, बिकास मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

## सभी संकुल संसाधन केंद्रों में पीएम पोषण योजना के तहत कुकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सभी संकुल संसाधन केंद्रों में शनिवार को पीएम पोषण योजना के तहत कुकिंग कम्पटीशन का आयोजन किया गया। उच्च विद्यालय चितविश्राम में सीआरसी स्तरीय सभी विद्यालयों के रसोइया का प्रतियोगिता कराया गया। प्रतियोगिता में सभी रसोईया के द्वारा मेनू के अनुसार स्वादिष्ट भोजन तैयार किया।विजेता व उपविजेता का चयन निर्णायक मंडल के सदस्य शिक्षक राजनाथ राम, अखिलेश प्रसाद, अखौरी प्रवीण सिन्हा ,द्वारिका नाथ पांडेय तथा बाल संसद के सदस्य लक्ष्मी कुमारी द्वारा किया गया।विभागीय निर्देश के अनुसार निर्णायक मंडल के सदस्यों ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ठरकिया के सावित्री देवी तथा उपविजेता के लिए नव प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा के गायत्री देवी का चयन किया।विजेता और उपविजेता रसोईया को उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार ,सीआरपी संजय कुमार सिंह, द्वारिका नाथ पांडेय, शिक्षक राजनाथ राम, अखिलेश प्रसाद तथा अखौरी प्रवीण सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया.सीआरपी संजय कुमार सिंह ने कहा कि विभागीय आदेश के तहत चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि दिया जायेगा।इधर राजकीय मध्य विद्यालय भोजपुर में भी कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय कधवन की रसोइया विमली देवी को विजेता व उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भैंस वेड़वा की रसोइया अनिता देवी को उप विजेता के रूप में चयन किया गया। सीआरपी शक्तिदास सिन्हा ने विजेता व उप विजेता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।जब कि चितविश्राम में सीआरसी विजेता और उपविजेता रसोईया को उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार, सीआरपी संजय कुमार सिंह, द्वारिका नाथ पांडेय, शिक्षक राजनाथ राम, अखिलेश प्रसाद तथा अखौरी प्रवीण सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। चितविश्राम के कार्यक्रम में सोमर देवी, फूलकुमारी देवी, अनिता देवी, मालती देवी, किरण देवी, नागवन्ति देवी, बिंदा देवी, प्रभा देवी, तेतरी देवी सहित सीआरसी के सभी रसोईया तथा भोजपुर में नीलम देवी, विमली देवी, मेनिका देवी, शांति देवी, शायरा बीबी, सरोज देवी, दुर्गावती कुँवर, शिवकुमारी देवी, कुंती देवी सहित सभी रसोइया शामिल थे।

## कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री रामचरित मानस नवाह पारायण सह भव्य महा विष्णुयज्ञ शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सुलसुलिया ग्राम में आयोजित नौ दिवसीय श्री रामचरितमानस नवाह पारायण सह भव्य महा विष्णुयज्ञ शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया.यज्ञ सुलसुलिया ग्राम स्थित शिव मंदिर परिसर में दिल्ली हरिहर पीठाधीश्वर मंहत श्री श्री 108 श्री सुयज्ञमुनि महाराज जी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। सुलसुलिया यज्ञ मंडप से लेकर श्री बंशीधर मंदिर तक गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने श्री बंशीधर मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया।इसके बाद सुलसुलिया नारायणी नदी से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। कलश शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा जय श्रीराम सहित सभी देवी देवताओं के नाम लगाये जा रहे जयकारों से गांव से लेकर शहर तक का माहौल भक्तिमय हो गया।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

**10 फरवरी से लेकर 19 फरवरी तक आयोजित है यज्ञ**

यज्ञ 10 से लेकर 19 फरवरी तक आयोजित किया गया है. 11 फरवरी को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, 15 फरवरी को अग्नि प्रवेश हवन प्रारंभ किया जायेगा। इसके बाद 19 फरवरी को पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोजन एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा।यज्ञ स्थल पर जगतगुरु लक्ष्मणाचार्य एवं पूज्य सोनम जी व्यास के द्वारा प्रतिदिन 3:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक प्रवचन किया जायेगा। प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से लेकर 12:00 बजे तक वृंदावन के कलाकारों के द्वारा रासलीला कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। शोभायात्रा में भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, यज्ञ समिति के संरक्षक मुकेश चौबे, लक्ष्मण राम, पंकज प्रताप देव, हरिशंकर चौबे, यमुना दुबे, ठाकुर सिंह, यज्ञ कमेटी अध्यक्ष उपेंद्र चौबे, सचिव राकेश चौबे, पत्रकार धीरेंद्र चौबे, रजनीश मंगलम, अधिवक्ता नित्यानंद चौबे, अमित शुक्ला, सुधीर चौबे,रघुराज पांडेय,अशोक सेठ, ओमप्रकाश गुप्ता, अनिल चौबे, कुमार कनिष्क, नवनीत चौबे सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चांद नजर नहीं आया, शबे बरात 25 फरवरी को : एदार ए शरिया झारखंड

**रांची :** एदार ए शरिया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि 10 फरवरी 2024, शनिवार अनुसार 29 रजब 1445 को दारुल कजा एदार ए शरिया झारखंड इस्लामी मरकज, रांची सहित रामगढ़ ,हजारीबाग, धननबाद, लोहरदगा, डाल्टेनगंज, चतरा, जमशेदपुर, दमका, मधुपुर।, जमताजड़ा, बोकारो, गिरिडीह , गढ़वा ,लोहरदगा, राजमहल, गुड्डा, कोडरमा, सीमडीगा सहित राज्य के 65 स्थानों से शाबान 1445 हिजरी के महीने का चांद देखने की व्यवस्था की गई। लेकिन शबे बरात का चांद नजर नहीं आया और कहीं से भी चांद नजर आने की कोई सुचना नहीं मिलीअतन्काजीयाने शरीयत दारुल कजा एदार ए शरीया झारखंड रांची द्वारा फैसला लिया गया कि शबे बरात 25 फरवरी को मनाई जाएगी।

### आजमिने हज पहली किस्त की राशि 15 फ़रवरी तक जमा करें

**रांची।** झारखण्ड सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (झारखण्ड राज्य हज समिति) हज हाउस, कडरु, राँची द्वारा आवश्यक सूचना जारी किया है कि हज कमिटी ऑफ इंडिया, मुम्बई से प्राप्त सर्कुलर नं0-09 दिनांक -09.02.2024 के अनुसार हज 2024 के लिये पहली किस्त की राशि 81.800 रु0 जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक-09.02.2024 से बढ़ा कर दिनांक-15.02.2024 तक कर दिया गया है।वैसे आजमिने हज जिसका स्टेटस प्रोविजनल सलेक्सन है और वे अब तक पहली किस्त की राशि जमा नहीं किये है, वे -15.02.2024 से पहले अपनी पहली किस्त की राशि 81,800 / रु0 मात्र हज कमिटी ऑफ इंडिया के खाता में जमा कर सकते है। उक्त जानकारी आफताब अहमद) कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड राज्य हज समिति, रांची ने दी।

# यूपीए सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर दिया था : प्रदीप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने 2004-14 के दौरान देश की इकोनॉमी को खोखला करने का आरोप कांग्रेस पर लगाया। वर्मा ने कहा कि 2004-14 के दरम्यान देश में कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए की सरकार रही। इस दौरान देश की इकोनॉमी को खोखला कर दिया गया था। 2जी, कॉमनवेल्थ गेम्स, कैश फॉर वोट, लैंड स्कैम, शारदा चिट फंड घोटाला जैसे घोटालों की लंबी फेहरिस्त सामने आयी। संसाधनों की लूट हुई। प्रदीप वर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस पर आंखें बंद रखीं। जब नरेन्द्र मोदी ने 2014 में देश की सत्ता संभाली, उस समय जर्जर इकोनॉमी व्यवस्था के साथ देश मिला। सरकार उसी समय चाहती तो श्वेत पत्र ला सकती थी, पर इससे देश का आर्थिक खोखलापन देश के सामने जाहिर होता। अब 10 साल बाद (2024) केंद्र के स्तर से श्वेत पत्र लाया गया है, जिससे पता लगता है कि देश सुरक्षित हाथों में है। अर्थव्यवस्था का कायापलट हुआ है। देश की इकोनॉमी बेहतर और तेजी से गतिशील हुई है। वर्मा ने कहा कि यूपीए सरकार के समय अर्थव्यवस्था ठहर गयी थी। मुद्रास्फीति दोहरे अंकों तक पहुंच गयी थी, जो आज पांच प्रतिशत के आसपास है। आज जीएसटी व्यवस्था के चलते डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन है और किसी भी सरकारी योजना के लिए पैसे की कमी नहीं है। यूपीएस सरकार में बहुआयामी गरीबी 29.2 प्रतिशत थी, जो अब 11.36 प्रतिशत रह गयी है। पूर्व में 350 स्टार्ट अप ही शुरू हुए थे। पिछले 10 सालों में यह एक लाख 17 हजार 257 हो गया है। पहले मेट्रो रेल 5 शहरों में ही था जो अब 20 शहरों में हो चुकी है। पूर्व में 25700 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग (लंबाई) का निर्माण हुआ जो अब 54.9 हजार किमी हो चुका है। पूर्व में हर दिन औसतन 12 किमी एनएच बनाए जाते थे जो अब 28.3 किमी हो चुका है।

# झारखंड के 24 जिला विधिक सेवा प्राधिकारों का चतुर्थ समागम शुरू

### लोक अदालतों एवं मध्यस्थता से विवाद को कोर्ट के बाहर सुलझाने का प्रयास हो : जस्टिस सुजीत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झालसा के डोरंडा स्थित भवन में शनिवार को झारखंड के 24 जिला विधिक सेवा प्राधिकारों का दो दिवसीय चौथा समागम शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सह हाई कोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने किया।

मौके पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचे, इसके लिए पैरा लीगल वालंटियर (पीएलवी) प्रयासरत रहें। सरल एवं सुलभ न्याय लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों एवं मध्यस्थता के माध्यम से विवाद को कोर्ट के बाहर सुलझाने का प्रयास हो।

अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि अदालतों पर मुकदमों का बोझ कम हो।उन्होंने कहा कि जेल में जो कैदी हैं उनकी अपील 60 दिनों के भीतर दायर हो सके, इसका पीएलवी प्रयास करें। समाज के निचले तबके तक नालसा व झालसा की स्कीम पहुंचे। युवाओं को आज के समय के नशा से दूर रखने की जरूरत है। मौके पर वात्सल्य एवं मोटर दुर्घटना दावा स्कीम को लांच किया गया। कार्यक्रम में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉक्टर एसएन पाठक, जस्टिस एके राय, जस्टिस एसके द्विवेदी, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना आदि उपस्थित थे। प्रतिभागी के रूप में सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों के अध्यक्ष एवं सचिव ने भाग लिया।

# ट्रैफिक डीएसपी ने मेन रोड में चलाया चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहीद अल्बर्ट एक्का चौक के पास ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद मिश्रा के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने और बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलने वाले वाहन चालकों का चालान की काटा गया। वहीं पर डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने एक वाहन से ब्लैक शीशा चढ़ा हुआ था उसका भी ब्लैक शीशा उतरा। डीएसपी ने चेतावनी दी है कि बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल चलाने वाले और बिना सीट बेल्ट अगर कोई वाहन चला रहा है तो उसका चालान काटे।

# डीएसपी अपने कार्यालय में सप्ताह में दो बार जनता दरबार लगायेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद द्वारा जिले में नव पदस्थापित सभी पुलिस उपाधीक्षक / अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक किया गया। उक्त बैठक में सभी पुलिस उपाधीक्षक / अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को जिले के बारे में विस्तृ जानकारी दी गई है एवं उन्हे निर्देशित किया गया कि पुलिस के प्रति आम जनता का विश्वास कायम रखने एवं उनका सहयोग प्राप्त करने हेतु उनके साथ लगातार समन्वय स्थापित कर उनके समस्या / कठिनाईयों को तत्काल निदान करने हेतु हरसंभव प्रयास करने के लिए सभी पुलिस उपाधीक्षक / अनुमंडल



पुलिस पदाधिकारियों निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई है, जो निम्न प्रकार है - सभी पुलिस उपाधीक्षक/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह कम से कम 02 बार अपने-अपने कार्यालयों में जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा, जिसमें अपने क्षेत्र के सभी थाना / ओ0पी0 प्रभारी उपस्थित रहेंगे तथा आम जनता द्वारा प्राप्त होने वाले सभी समस्याओं का तत्काल निष्पादन किया जायेगा एवं आगामी जनता दरबार में पुनः इनकी समीक्षा की जायेगी।

### जीरो वेस्ट मैनेजमेंट अपशिष्ट व्यवस्थित पर्यावरण सुरक्षित पर कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा विभाग के धरामीत क्लब ने आइक्यूएसी के सहयोग से संत जेवियर्स महाविद्यालय रांची में शनिवार को जीरो वेस्ट मैनेजमेंट अपशिष्ट व्यवस्थित तो पर्यावरण सुरक्षित कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आइएएस अमित कुमार, एडमिनिस्टेटर रांची नगर निगम, अपने संवाद में कहा - शहर से ज्यादा कचरा उत्पन्न होता है, उसे कम करने के लिए हमें 3ऋ अपनाना चाहिए। शहर के प्रत्येक लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा फा नाबोर लकड़ा, आइक्यूएसी के अध्यक्ष डॉ शिव कुमार, विभाग अध्यक्ष डॉ फ़ा फ्लोरेंस पूर्ति, धरामीत की संरक्षिका डा नंदिता पांडे एवं विभाग के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल थे।

# वार्ड 23 में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के संयुक्त तत्वावधान में निन्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन वार्ड न0 23 के निर्वतमान पार्षद डा0 साजदा खातून के आवासीय कार्यालय, नाला रोड हिंदपीढ़ी में किया गया। इस जांच शिविर में 150 लोगो का निन्शुल्क चर्म एवम सौंदर्य रोग से संबंधित सभी रोगो का जांच किया गया।




इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निन्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी का योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नया टोली चौक,बोदरा लाईन,कांटाटोली स्थित तेजस स्कीन एंड चिल्ड्रेन क्लीनिक के डायरेक्टर डा0 स्वेता,नरेंद्र महतो,एवम वार्ड न0 23 के निर्वतमान पार्षद डा0 साजदा खातून का सहयोग रहा।

# एसपी दीपक ने सभी डीएसपी के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नए पुलिस उपाधीक्षकों, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं प्रशिक्षु उपाधीक्षक मौजूद थे। इस दौरान पुलिस कप्तान ने अपराध पर कैसे नियंत्रण किया जाए, विधि व्यवस्था बना रहें, अपराध पर नियंत्रण हो इसके बारे में जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य कर्तव्य लॉ एंड



ऑर्डर बना के रखना और अपराध पर अंकुश लगाना है। इस दिशा में सभी को काम करना है. किसी भी सूरत पर अपराध को बढ़ने नहीं देना है। यदि कोई घटना घटती है तो उसे नियंत्रित करने और माहौल बिगाड़ने वालों को जल्द से जल्द पकड़ने की भी जानकारी दी। साथ ही जितने भी थाने में लंबित कांड है उसका उद्भेदन करते हुए उसमें शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अगामी सरस्वती पूजा को लेकर भी चर्चा की गई। पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसको लेकर एसपी ने पुलिस अधिकारियो को कई दिशा निर्देश दिए।

# डीएवी गांधीनगर में बारहवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर में ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के द्वारा बारहवीं के छात्रों को बिदाई दी गई। इस अवसर पर ग्यारहवीं के छात्रों ने गीत,संगीत,नृत्य आदि मनोरंजन के अनेक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी। बच्चों के उज्वल व सफल जीवन के लिए वैदिक मंत्रों से विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया तथा उन पर पुष्पवर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया। अपने संदेश में प्राचार्य एस के सिन्हा ने कहा कि छात्र निर्भय एवं तनाव रहित होकर परीक्षा दें। जीवन में सफलता के लिए अभिभावक एवं छात्र परीक्षा में प्राप्त अंकों को ही आधार न माने। सफलता के असंख्य कारक होते हैं। किसी भी एक कारक को आधार बनाकर सफलता के लिए अग्रसर होना चाहिए। इस मौके पर बारहवीं के छात्रों ने विद्यालय में व्यतीत किए गए अपने अनुभवों को साझा किया। छात्रों ने विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत, लगनशीलता, अनुशासनप्रियता एवं मृदुल व्यवहार की सराहना की। श्री निराकार आचार्य ने कहा कि बारहवीं के बाद अपने निर्णय में आप सफल होंगे। विद्यालय और अपने माता पिता के सपनों को साकार करें और अपने सुंदर देश को और भी सुंदर बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विगत सत्र में विद्यालय के विभिन्न क्रियाकलापों एवं अनुशासन व्यवस्था को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रजेशजी सिन्हा, जया जायसवाल,कविता मुखर्जी, के नलिनी, शर्मिला सिन्हा, सोमा घटक, लक्ष्मी कुमारी, के के प्रसाद, पुष्प झा, परितोष दुबे, मनोज कुमार, अंजु सिन्हा, ज्योति आचार्या ,ज्योति मिश्रा आदि शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

### श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 17 मार्च को

**रांची :** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वावधान में 17 मार्च को रांची में राजस्थान के खाटू श्री श्याम जी की परंपरा अनुसार ही श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शनिवार को बताया कि ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी से शुरू होकर श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड़ में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त होगी। उल्लेखनीय है कि कि खाटू धाम में यह परंपरा है कि श्याम की ध्वजा निशान यात्रा 17 किमी की पदयात्रा कर बाबा श्री श्याम को समर्पित करते हैं।

# 12 फरवरी को स्वयं सहायता समूहों का शिविर-सह-महासम्मेलन आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा 12 फरवरी 2024 को मोरहाबादी, राँची में जेएसएलपीएस राँची द्वारा आयोजित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का एक्सपोजर व क्षमता संवर्द्धन शिविर-सह-महासम्मेलन की तैयारी हेतु आयोजित बैठक कि गई। बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची, चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक, यातायात, शहर, राँची, राजकुमार मेहता, अनुमण्डल पदाधिकारी, राँची, उत्कर्ष कुमार, आईपीएस अधिकारी, याकूब, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, राँची, श्री प्रदीप भगत, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी राँची,श्री राम वृक्ष महतो, अपर समाहर्ता राँची, रामनारायण सिंह, अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि व्यवस्था, राँची, राजेश्वर नाथ आलोक, अपर नगर आयुक्त, राँची नगर निगम, राँची, जिला परिवहन पदाधिकारी, राँची। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राँची, श्री प्रदीप भगत, जिला कल्याण पदाधिकारी, राँची, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, राँची, जिला नजारत उप समाहर्ता, राँची, सुदेश कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, राँची, रामशंकर सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची, सुरभि सिंह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, राँची, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, राँची, रविशंकर मिश्रा जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, राँची, डॉ प्रभात शंकर, जिला खेल पदाधिकारी, रांची,शिवेंद्र कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस , राँची, प्रवीण कुमार एवं सम्बंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

**बैठक में क्रमवार समीक्षा:** उपायुक्त द्वारा बैठक में क्रमवार समीक्षा करते हुए ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (आईएसआईएस) द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के एक्सपोजर द क्षमता संवर्धन तथा समूह की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर सह महासम्मेलन का आयोजन राज्य स्तर पर किए जाने को लेकर सम्बंधित अधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# दक्षिण-पूर्व रेलवे जोन में रांची को बेस्ट स्टेशन का मिला खिताब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दक्षिण पूर्व रेलवे के 68वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह में रांची रेल मंडल को छह अवार्ड मिले हैं। ये अवार्ड कोलकाता में जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने दिये। दक्षिण-पूर्व जोन में रांची ने सबसे बेहतर ट्रेन ऑपरेशन किया है। रांची से 98 प्रतिशत ट्रेनों का ऑपरेशन समय पर किया गया। बेस्ट स्टेशन का अवार्ड भी रांची को मिला है। सीनियर डीसीएम निशांत कुमार को स्टेशन की शील्ड दी गई है। खेल में भी रांची को शील्ड मिली है। यहां की तीन खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे व संगीता कुमारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में परफॉर्म कर रही हैं। कोलकाता के कलामंदिर सभागार में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में 89 रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर समग्र दक्षता के लिए चक्रधरपुर मंडल को समग्र दक्षता की शील्ड प्रदान की गई। अन्य श्रेणियों में दक्षता शील्ड भी विभिन्न विभागों, कार्यशालाओं और स्टेशनों को दी



गई। रांची स्टेशन को बेस्ट केप्ट स्टेशन चुना गया है। वहीं दक्षिण पूर्व रेलवे का सर्वोच्च हेल्थ केयर शील्ड चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुब्रत कुमार मिश्रा को प्रदान की गई।

**रांची से 98 प्रतिशत ट्रेनों का ऑपरेशन समय पर किया गया। बेस्ट स्टेशन का अवार्ड भी रांची को मिला है। सीनियर डीसीएम निशांत कुमार को स्टेशन की शील्ड दी गई है।**

# देश में नफरत व हिंसा के लिए कोई जगह नहीं : राजकुमार यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजनीतिनफरत और हिंसा की राजनीति के खिलाफ सद्भाव और इंसाफ के लिए आज इंसाफ मंच इचाक प्रखंड के द्वारा दाऊद कॉलोनी इचाक में परिचर्चा अयोजित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व भीड़ हत्या और किसान आन्दोलन के शहिदों को एक मिनट का मौन श्रृद्धांजली अर्पित किया गया । कार्यक्रम के माध्यम से सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इस बार साम्प्रदायिक ताकतों को परास्त करने का फ़ैसला लिया गया। परिचर्चा का विषय प्रवेश करते हुए इन्साफ मंच के नेता इब्राहिम अंसारी ने कहा कि इब्राहिम अंसारी ने कहा कि देश में नफरत के बीज बोए जा रहे हैं, बलात्कारियों को सांसारिक बताया जा रहा है। सड़को से लेकर सदन तक न्याय और इन्साफ की आवाज़ बुलन्द करने वाली पार्टी के पक्ष मे खड़ा होना होगा।परिचर्चा के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक व भाकपा माले के नेता राजकुमार यादव ने कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र के पक्ष में बोलने वाले कार्यक्रताओं को जेलों में बन्द किया जा रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुबारक हुसैन फैज ने किया जबकि संचालन मोहम्मद मिन्हाज उर्फ सोनू ने किया। परिचर्चा को मौलाना मुख्तार साहब, कोडरमा बरकट्ठा के प्रभारी भुवनेश्वर केवट, शेर मोहम्मद, सुलतान खान, चांद अखर,शिव कुमार सिंह , मोहम्मद जमिल, मोहम्मद तोफिक, बेबी तबसूम, सजदा खातून, उदय द्विवेदी, रोहित मेहता बद्री सिंह ने भी संबोधित किया। सात सूत्री प्रस्ताव पारित किया गया ।

# जीवन मे आगे बढ़ने का सबसे अच्छा माध्यम शिक्षा ही है : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरना एकेडमी स्कूल पुरनाडीह कुसुमटोला का ग्यारहवीं वर्षगांठ सह वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया. समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि जीवन मे आगे बढ़ने का सबसे अच्छा माध्यम शिक्षा ही है .उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि एक रोटी कम खाओ पर अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दे. कहा कि आज यह एकेडमी सुदूरवर्ती क्षेत्र में कम संसाधन के बावजूद बेहतर शिक्षा दे रहा है. गांव के बच्चे शहर के स्कूल में नहीं जा सकते. लेकिन उनके गांव में ही बेहतर शिक्षा उपलब्ध है. उन्होंने पढ़ाई अलावा विद्यालय के अन्य गतिविधियों की सराहना की.श्री तिर्की ने इसके लिए विद्यालय प्रबंधन को बधाई दिया. इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. भांगड़ा, नागपुरी नृत्य, नाटक व छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य को लोगों ने काफी सराहा. एकेडमी के निदेशक महेंद्र उरांव विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया. उन्होंने विद्यालय के बीते वर्ष की शैक्षणिक, खेलकूद अन्य उपलब्धियों की जानकारी दी. विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं में हुए व्यापक सुधार के बारे में बताया. स्वागत भाषण प्रधानाचार्य गोपाल सिंह व धन्यवाद ज्ञापन उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गुप्ता ने दिया. इस मौके कांग्रेस के प्रदेश सचिव इंदिरा देवी, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, बेती मुखिया सरिता देवी,सोनू पांडेय, बहुरा मुंडा, रमेश शिक्षक पवन सिंह , रोनित सिंह , सुरेंद्र चौहान ,बीरेंद्र , बलबीर , अजय सिंह , रत्न सिंह , विजेता टोप्पो , सुसाना लकरा, बबिता वर्मा , रोस्ती मिंज,सहित अभिभावक, शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे.

# झारखण्ड युवा मोर्चा के बुड़मू प्रखण्ड कमिटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुडमू :** शनिवार को बुडमू प्रखंड में भुनेश्वर साहू की अध्यक्षता में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय में बुड़मु झामुमो युवा मोर्चा के विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक रखा गया । जिसमें झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव सोनू मुंडा, उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, संगठन सचिव विश्वजीत गोप अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव सुजीत कुजूर, महिला मोर्चा अध्यक्ष नयनतारा उरांव, उपाध्यक्ष राखी देवी, नगडी प्रखंड के अध्यक्ष विनोद तिर्की, महिला अध्यक्ष सुकरमणि देवी, उपाध्यक्ष सोमरी देवी, नामकुम प्रखंड सचिव मुजाहिद हुसैन शामिल हुए इस बैठक में और सभा का संचालन बुडमू प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष शमीम बड़ेहार, ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद कुशवाहा, सुरेश यादव, प्रदीप यादव, रघुवीर साहू, निर्मल मुर्मू, उदित मुंडा, हरकनाथ महतो, अख्तर अंसारी, एहसान अंसारी, मुरसिम लाल मांझी, लाला महली, हीरा लाल, कुदरत अंसारी, सुषमा देवी, आरती देवी, लालमणि कुमारी, चिंतामणि मिंज, दुर्गा हांसदा, अर्जुन पहान, रतन उरांव, विजय यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमें बुड़मु युवा मोर्चा प्रखंड कमेटी और महिला मोर्चा प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए युवा मोर्चा बुडमू के प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा मुंडा, सचिव अशोक कुमार साहू, उपाध्यक्ष मनोज मुंडा, कृष्णा मुर्मू और संगठन सचिव फारुख अंसारी महिला मोर्चा से अध्यक्ष सुषमा देवी, सचिव रीता देवी, उपाध्यक्ष चिंतामणि मिंज, आशा हांसदा, संगठन सचिव लक्ष्मी कुमारी, सह सचिव बिरसमणि कुमारी और आरती देवी को सर्वसम्मति से मिलकर बनाया गया और बुडमू प्रखण्ड मे झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय त्रिविन्धा चौक स्थित न्यू ऑप्टिक पैलेस में शनिवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शार्प साइट आई हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से आयोजित शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप कुमार दुबे ने 85 लोगों के नेत्र रोग की जांच कर जरूरतमंदों के बीच मुफ्त दवा का वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से हाजी इस्माईल, मो आसिफ, शाद अब्दुल्लाह व हॉस्पिटल के स्टॉफ ने सराहनीय योगदान दिया।




## श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत साल्हन पंचायत ग्राम बेडवारी में झटनी डूंगरी में श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची लोकसभा पूर्व सांसद रामटहल चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन थे कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया और कलश यात्रा लेकर झटनी टूगरी से बेडवारी होते हुए स्वर्णरेखा नदी के लिए रवाना हुए बता दे की इस कलश यात्रा में लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया! वक्ताओं ने कहा कि श्री मद्भागवत कथा का आरम्भ करने से पहले कलश यात्रा निकाली जाती है। कलश में सारे देवता विराजमान होते हैं और कलश को महिलाओं के सिर पर रखकर भ्रमण करने से धरा सिद्ध होती है। जो कलश को धारण करता है उसकी आत्मा भी पवित्र हो जाती है। इसीलिए कलश यात्रा निकाली जाती है। मौके पर कार्यक्रम मुख्य पुजारी पीड़ित आचार्य श्री राधे राधे महराज मिरंजन शास्त्री मुरलीधर शास्त्री टुनटुन जी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा मुख्य पुजारी झब्बू महतो अलीमा देवी जितेंद्र संध्या देवी सेवा राम महतो सरिता देवी मनीराम महतो आशा देवी थे इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो रणधीर महतो सागर साहू जिला परिषद अनुराधा मुंडा मनोज चौधरी धनेनाथ महतो राजेश महतो विश्वराम महतो महेंद्र महतो सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह आदि उपस्थित थे ।



## अमर शहीद वीर बुधु भगत की 232वीं जयंती सह मेला को लेकर स्मारक समिति की हुई बैठक

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड अंतर्गत शिलागाई में अमर शहीद वीर बुधु भगत स्मारक समिति के अध्यक्ष शिवपूजन भगत की अध्यक्षता में 17 फरवरी को शहीद वीर बुधु भगत की 232वीं जयंती सह विकास मेला का सफल आयोजन को लेकर बैठक किया गया। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी एवं ग्रामीणों को अपने-अपने कार्यों का बंटवारा कर प्रभारी बनाया गया। इस दौरान समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ परमेश्वर भगत ने जानकारी देते हुए कहा की कार्यक्रम का आयोजन राजकीय स्तर पर किया जाता है, जिसका आय ब्यय का खर्च सरकार वहन करती है बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। मौके पर चान्हो अंचल अधिकारी संजीव कुमार,समिति के अध्यक्ष शिवपूजन भगत, महासचिव गोपाल भगत, रघुनाथपुर पुर्व मुखिया सुनील उरांव, प्रवीण गोप, अनामुल अंसारी, रामधनी भगत, अनिल गोप, एवं स्मारक समिति के सभी पदाधिकारी एवं गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए।



# सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के शैक्षणिक सत्र 2023-24 का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के शैक्षणिक सत्र 2023-24 का समापन, विद्यालय परिसर में फ्लैग-ऑफ समारोह आयोजित कर किया गया। इस अवसर पर 'कड़ी मेहनत और आत्म-विश्वास से सफलता मिलती है' विषय पर एक विशेष सभा आयोजित की गई। सभा की शुरुआत प्रेरक गीत से हुई। छात्रों ने वर्तमान सत्र के सफल समापन पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्कूल का प्रतिनिधित्व कर नाम रौशन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पूरे वर्ष की गई विभिन्न गतिविधियों में छात्रों की सक्रिय भागीदारी और अर्जित अंकों के आधार पर प्राचार्या ने यजुर्वेद सदन को सत्र 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ सदन घोषित किया और कक्षा II A, V A, VI G और IX A को दूसरे टर्म के लिए सर्वश्रेष्ठ कक्षा घोषित किया गया। इस विशेष एसेंबली को प्राचार्या ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में वर्तमान वर्ष की विभिन्न उपलब्धियों के लिए सभी को बधाई दी और आगामी वर्ष में सभी क्षेत्रों में और भी बेहतर प्रदर्शन करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने शैक्षणिक सत्र के सफल समापन के लिए सभी को बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सभी बच्चों को उनकी आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक सफल और रचनात्मक शैक्षणिक सत्र के लिए सभी के प्रयासों की सराहना की।

# गांव चलो अभियान के तहत सिल्ली में भाजपा की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली पंचायत के जाम टोला में शनिवार को भाजपा सिल्ली शक्ति केंद्र की बैठक भाजपा सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू के अध्यक्षता में की गई। बैठक में भाजपा के रांची लोकसभा विस्तारक जयकांत पासवान एवं सिल्ली विधानसभा विस्तारक मनीष कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में गांव चलो अभियान के तहत सिल्ली शक्ति केंद्र के सभी बुथ अध्यक्षों के साथ चर्चा की गई। जयकांत पासवान ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं को लोगों तक पहुंचना है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गांव चलो अभियान को अति महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है।

## ठाकुर गांव थाना परिसर में सरस्वती पूजा के अवसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ठाकुर गांव थाना परिसर में सरस्वती पूजा के अवसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें विशेष मुदावाओं पर बात हुई जिसमें खास कर के मूर्ति विसर्जन के लिए 11ञ्00 ृरू बजे तक हर हाल में निकालना है, और बजा बंधवाने और डीजे बॉक्स गाड़ी से बाहर बंधा नही जाना चाहिए, साथ में अभद्र गाना नहीं बजाना है, जिससे माहौल बिगड़े का चांस पैदा हो, साथ ही मूर्ति बिसर्चन रात्रि 10 बजे से पहले किया जाना चाहिए और ,और इससे देर होने पर जो पूजा समिति के सदस्य हैं उन पर करवाई किया जाएगा, इस बैठक में विशेष रूप से ठाकुर गांव थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, द्वारा संचालित किया गया और साथ में,ृ.स्.ढ्ढ संतोष कुमार, ृ.स्.ढ्ढ प्रधान किसको, थाना के मुंशी अरुण कुमार यादव और पुलिस के जवान उपस्थित थे,और शांति समिति के सदस्य प्रेस बंधुओ सहित सभी पूजा समिति के सदस्य सामिल थे।

## शपथ पत्र

मैं ललिता कुमारी पति रमेश यादव उम्र लगभग 37 वर्ष ग्राम करमा, पोस्ट करमा, पंचायत चोंगाखार, थाना बिरनी, जिला गिरिडीह, झारखंड का स्थाई निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम ललिता कुमारी एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम ललिता देवी दर्ज है। मैं अपने गांव में ललिता कुमारी पति रमेश यादव एवं ललिता देवी पति रमेश यादव दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। अर्थात ललिता कुमारी पति रमेश यादव एवं ललिता देवी पति रमेश यादव एक हीं महिला का नाम है, जो मैं हीं हूं। मैं अपने दोनों नामों के लिए यह शपथ पत्र दे रही हूं।

## जिला परिवहन कार्यालय, राँची।

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, राँची से निबंधित व्यवसायिक वाहन जिनका पथकर भुगतान नहीं करने की स्थिति में महालेखाकार, झारखण्ड, राँची के अंकेक्षण दल द्वारा आपत्ति दर्शाया गया है।

अतः उक्त स्थिति में वैसे सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर अपने वाहन का पथकर का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा मोटरवाहन अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए आपके विरूद्ध निलामपत्र वाद दायर किया जायेगा एवं वाहन का निबंधन संख्या को NOT TO BE TRANSACTED कर दिया जायेगा।

| S No | REG NO | CLASS | RLW/SC | Tax Due From |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01DP4468 | HGV | 25000 | 08.05.2022 |
| 2 | JH01DQ0126 | LGV | 7490 | 12.10.2021 |
| 3 | JH01DQ0544 | LGV | 7300 | 23.05.2021 |
| 4 | JH01DQ0593 | HGV | 16200 | 14.07.2021 |
| 5 | JH01DQ1361 | LGV | 7300 | 11.03.2022 |
| 6 | JH01DQ4892 | LGV | 7300 | 23.05.2022 |
| 7 | JH01DQ6852 | LGV | 7300 | 11.03.2022 |
| 8 | JH01DQ6927 | LGV | 3270 | 28.02.2022 |
| 9 | JH01DQ7014 | HGV | 16200 | 14.07.2021 |
| 10 | JH01DQ7524 | LGV | 7490 | 30.09.2021 |
| 11 | JH01DQ8509 | LGV | 7300 | 23.05.2021 |
| 12 | JH01DR1017 | HGV | 37000 | 23.04.2022 |
| 13 | JH01DR1411 | HGV | 37000 | 23.04.2022 |
| 14 | JH01DR4749 | HGV | 28000 | 05.05.2021 |
| 15 | JH01DR5111 | HGV | 37000 | 23.04.2022 |
| 16 | JH01DR6406 | HGV | 37000 | 23.04.2022 |
| 17 | JH01DR7491 | HGV | 37000 | 23.10.2022 |
| 18 | JH01DR8100 | HGV | 25000 | 08.05.2022 |
| 19 | JH01DS4387 | HGV | 25000 | 30.04.2022 |
| 20 | JH01DS7391 | LGV | 3425 | 26.04.2021 |
| 21 | JH01DS7486 | HGV | 25000 | 11.11.2021 |
| 22 | JH01DS8048 | LGV | 7300 | 07.12.2021 |
| 23 | JH01DT0132 | HGV | 37000 | 28.05.2022 |
| 24 | JH01DT0682 | HGV | 37000 | 28.05.2021 |
| 25 | JH01DT0865 | HGV | 37000 | 28.05.2022 |
| 26 | JH01DT1476 | LGV | 7300 | 28.05.2021 |
| 27 | JH01DT2650 | HGV | 37000 | 28.05.2021 |
| 28 | JH01DT3731 | LGV | 7300 | 25.04.2021 |
| 29 | JH01DT3798 | MPV | 42 | 26.03.2022 |
| 30 | JH01DT7525 | HGV | 37000 | 28.05.2021 |
| 31 | JH01DT8174 | HGV | 46000 | 20.05.2021 |
| 32 | JH01DT8945 | HGV | 46000 | 20.05.2021 |
| 33 | JH01DT8999 | LGV | 7490 | 03.09.2021 |
| 34 | JH01DT9082 | HGV | 25000 | 27.02.2022 |
| 35 | JH01DT9119 | HGV | 37000 | 28.11.2021 |
| 36 | JH01DU0680 | LGV | 7490 | 02.07.2022 |
| 37 | JH01DU3400 | LGV | 7490 | 03.12.2021 |
| 38 | JH01DU5873 | LGV | 7490 | 10.04.2021 |
| 39 | JH01DV0328 | HGV | 25000 | 04.09.2022 |
| 40 | JH01DV1779 | LGV | 7490 | 25.02.2022 |
| 41 | JH01DV4826 | HGV | 35000 | 28.11.2021 |
| 42 | JH01DV5445 | LGV | 3425 | 13.02.2022 |
| 43 | JH01DW1034 | HGV | 43500 | 17.07.2022 |
| 44 | JH01DW1806 | LPV | 32 | 13.06.2022 |
| 45 | JH01DW2208 | LPV | 33 | 05.06.2022 |
| 46 | JH01DW2396 | HGV | 25000 | 15.04.2022 |
| 47 | JH01DW2828 | LGV | 4850 | 21.04.2021 |
| 48 | JH01DW3002 | LGV | 7490 | 23.06.2022 |
| 49 | JH01DW3637 | HGV | 25000 | 17.01.2022 |
| 50 | JH01DW4129 | HGV | 35000 | 20.06.2022 |
| 51 | JH01DW4465 | LGV | 6250 | 25.05.2022 |
| 52 | JH01DW4624 | LPV | 19 | 20.06.2022 |
| 53 | JH01DW5860 | LGV | 7490 | 18.06.2021 |
| 54 | JH01DW6905 | LGV | 7490 | 06.03.2022 |
| 55 | JH01DW7125 | LGV | 3475 | 24.06.2022 |
| 56 | JH01DW8348 | LGV | 6250 | 25.05.2022 |
| 57 | JH01DW9492 | LGV | 3425 | 17.09.2021 |
| 58 | JH01DX3707 | LGV | 3490 | 18.09.2021 |
| 59 | JH01DX5389 | LGV | 3490 | 19.09.2021 |
| 60 | JH01DX5747 | HGV | 12990 | 17.06.2022 |
| 61 | JH01DY5684 | LGV | 3490 | 11.05.2021 |
| 62 | JH01DY8529 | HGV | 28000 | 03.07.2021 |
| 63 | JH01DZ5403 | LGV | 7490 | 24.05.2022 |
| 64 | JH01DZ8007 | LGV | 3490 | 16.12.2021 |
| 65 | JH01DZ8303 | LGV | 3490 | 11.09.2021 |
| 66 | JH01DZ9371 | LGV | 7490 | 03.12.2021 |
| 67 | JH01DZ9597 | LGV | 7490 | 24.05.2022 |
| 68 | JH01E0726 | LGV | 7000 | 12.03.2022 |
| 69 | JH01E2130 | HGV | 16200 | 16.07.2021 |
| 70 | JH01E2748 | HGV | 16200 | 16.07.2021 |
| 71 | JH01E5217 | LPV | 33 | 20.05.2021 |
| 72 | JH01E5666 | LGV | 5300 | 20.08.2022 |
| 73 | JH01E8111 | LGV | 5300 | 15.10.2021 |
| 74 | JH01E9764 | HPV | 53 | 14.07.2021 |
| 75 | JH01E9765 | HPV | 53 | 14.07.2021 |
| 76 | JH01EA2837 | HGV | 28500 | 04.09.2022 |
| 77 | JH01EA3254 | LGV | 7490 | 29.10.2021 |
| 78 | JH01EA7290 | HGV | 15710 | 04.11.2022 |
| 79 | JH01EB0473 | LGV | 3490 | 09.08.2022 |
| 80 | JH01EB0494 | LGV | 3490 | 02.11.2022 |
| 81 | JH01EB2019 | LGV | 7490 | 06.05.2022 |
| 82 | JH01EB2959 | LGV | 7490 | 07.05.2022 |
| 83 | JH01EC5475 | LGV | 7490 | 19.05.2021 |
| 84 | JH01EC6429 | LGV | 3490 | 28.08.2021 |
| 85 | JH01EC9986 | LGV | 3490 | 02.12.2021 |
| 86 | JH01ED0137 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 87 | JH01ED0864 | LGV | 7490 | 30.06.2021 |
| 88 | JH01ED1765 | LGV | 7300 | 08.07.2022 |
| 89 | JH01ED1906 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 90 | JH01ED2319 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 91 | JH01ED2422 | HGV | 16100 | 17.03.2022 |
| 92 | JH01ED3307 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 93 | JH01ED5099 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 94 | JH01ED5527 | MPV | 33 | 11.04.2021 |
| 95 | JH01ED5668 | LGV | 3490 | 29.12.2021 |
| 96 | JH01ED5988 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 97 | JH01ED6044 | LGV | 7490 | 06.04.2021 |
| 98 | JH01ED6198 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 99 | JH01ED7229 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 100 | JH01ED7333 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 101 | JH01ED7518 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 102 | JH01ED7946 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 103 | JH01ED8312 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 104 | JH01ED8326 | LGV | 7490 | 06.04.2021 |
| 105 | JH01ED9559 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 106 | JH01ED9663 | LGV | 3490 | 11.12.2021 |
| 107 | JH01ED9707 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 108 | JH01ED9961 | HGV | 16100 | 04.04.2021 |
| 109 | JH01EE0108 | HGV | 16020 | 29.04.2021 |
| 110 | JH01EE0742 | HGV | 16020 | 18.04.2021 |
| 111 | JH01EE1118 | HGV | 25000 | 20.01.2022 |
| 112 | JH01EE2592 | HGV | 16020 | 29.04.2021 |
| 113 | JH01EE2658 | LGV | 7490 | 28.04.2021 |
| 114 | JH01EE2705 | LGV | 7490 | 09.05.2022 |
| 115 | JH01EE2811 | HGV | 28000 | 21.04.2022 |
| 116 | JH01EE2891 | LGV | 3490 | 14.04.2022 |
| 117 | JH01EE3425 | LGV | 7490 | 22.04.2022 |
| 118 | JH01EE3455 | HGV | 28000 | 30.10.2022 |
| 119 | JH01EE4071 | HGV | 16020 | 29.04.2021 |
| 120 | JH01EE4254 | LGV | 7490 | 02.05.2021 |
| 121 | JH01EE6713 | MGV | 11880 | 14.04.2021 |
| 122 | JH01EE7206 | LGV | 7490 | 21.04.2022 |
| 123 | JH01EE8450 | HGV | 16020 | 29.04.2021 |
| 124 | JH01EE8871 | LGV | 3490 | 21.04.2021 |
| 125 | JH01EE9253 | HGV | 16020 | 29.04.2021 |
| 126 | JH01EE9354 | LGV | 7300 | 01.05.2021 |
| 127 | JH01EE9445 | LGV | 7490 | 28.04.2022 |
| 128 | JH01EE9467 | HGV | 28000 | 30.10.2022 |
| 129 | JH01EF0393 | HGV | 16020 | 29.04.2021 |
| 130 | JH01EF0686 | LGV | 7490 | 30.07.2022 |
| 131 | JH01EF0928 | HGV | 16020 | 30.04.2021 |
| 132 | JH01EF1264 | HGV | 16020 | 23.04.2021 |
| 133 | JH01EF1631 | LGV | 7490 | 09.11.2022 |
| 134 | JH01EF1708 | LGV | 3490 | 28.08.2022 |
| 135 | JH01EF2652 | LGV | 7490 | 06.09.2021 |
| 136 | JH01EF4391 | LGV | 5950 | 01.06.2022 |
| 137 | JH01EF4488 | HGV | 16020 | 19.08.2022 |
| 138 | JH01EF4649 | HGV | 16020 | 22.04.2021 |
| 139 | JH01EF4717 | LGV | 7490 | 26.05.2022 |
| 140 | JH01EF5086 | HGV | 16020 | 28.04.2021 |
| 141 | JH01EF5381 | LGV | 7490 | 26.05.2022 |
| 142 | JH01EF7308 | HGV | 28000 | 12.06.2022 |
| 143 | JH01EF7598 | HGV | 16020 | 22.04.2021 |
| 144 | JH01EF7928 | HGV | 16020 | 24.04.2021 |
| 145 | JH01EF8057 | HGV | 16020 | 08.05.2021 |
| 146 | JH01EF8991 | HGV | 16020 | 22.04.2021 |
| 147 | JH01EF9685 | HGV | 16020 | 28.04.2021 |
| 148 | JH01EG0207 | LGV | 7490 | 17.07.2022 |
| 149 | JH01EG0210 | LGV | 6990 | 17.07.2021 |
| 150 | JH01EG0460 | LGV | 7490 | 09.07.2022 |
| 151 | JH01EG1950 | LGV | 7490 | 03.07.2021 |
| 152 | JH01EG2269 | LGV | 7490 | 15.09.2022 |
| 153 | JH01EG2474 | LGV | 3490 | 20.06.2021 |
| 154 | JH01EG3403 | LGV | 5950 | 30.06.2021 |
| 155 | JH01EG4788 | LGV | 6990 | 17.07.2021 |
| 156 | JH01EG5424 | LGV | 7490 | 17.06.2021 |
| 157 | JH01EG5535 | HGV | 28000 | 12.07.2021 |
| 158 | JH01EG6546 | LGV | 7490 | 18.06.2021 |
| 159 | JH01EG7102 | LGV | 3490 | 26.06.2021 |
| 160 | JH01EG9237 | LGV | 3490 | 07.07.2021 |
| 161 | JH01EG9297 | HGV | 35000 | 23.06.2022 |
| 162 | JH01EG9396 | LGV | 6990 | 17.07.2021 |
| 163 | JH01EH0592 | LGV | 7490 | 01.10.2021 |
| 164 | JH01EH0827 | LGV | 7490 | 30.06.2022 |
| 165 | JH01EH2118 | HGV | 16020 | 26.06.2021 |
| 166 | JH01EH3080 | HGV | 16020 | 16.05.2022 |
| 167 | JH01EH3340 | LGV | 3490 | 04.09.2021 |
| 168 | JH01EH3501 | LGV | 6990 | 27.07.2021 |
| 169 | JH01EH4421 | LGV | 3490 | 25.08.2021 |
| 170 | JH01EH6663 | LGV | 3490 | 18.09.2021 |
| 171 | JH01EH7372 | HPV | 43 | 04.09.2021 |
| 172 | JH01EH7566 | LGV | 3490 | 01.10.2021 |
| 173 | JH01EH9812 | MPV | 56 | 07.08.2021 |
| 174 | JH01EJ1298 | HGV | 28000 | 15.10.2022 |
| 175 | JH01EJ1922 | HGV | 25000 | 08.12.2021 |
| 176 | JH01EJ2430 | MGV | 8990 | 27.07.2022 |
| 177 | JH01EJ3337 | LGV | 3490 | 24.10.2021 |
| 178 | JH01EJ3622 | HGV | 28000 | 02.05.2022 |
| 179 | JH01EJ4296 | LGV | 7490 | 20.01.2022 |
| 180 | JH01EJ7318 | LGV | 7490 | 15.10.2021 |
| 181 | JH01EJ7501 | LGV | 3490 | 24.04.2022 |
| 182 | JH01EK0922 | LGV | 3490 | 27.11.2021 |
| 183 | JH01EK2967 | LGV | 4995 | 17.12.2021 |
| 184 | JH01EK4435 | HGV | 28000 | 03.09.2022 |
| 185 | JH01EK4464 | LGV | 3490 | 27.11.2021 |
| 186 | JH01EK9428 | LGV | 4125 | 30.11.2021 |
| 187 | JH01EK9588 | LGV | 3490 | 09.12.2021 |
| 188 | JH01EL1616 | LGV | 7300 | 17.12.2021 |
| 189 | JH01EL6268 | LGV | 3490 | 17.04.2022 |
| 190 | JH01EL6878 | LGV | 7490 | 11.01.2022 |
| 191 | JH01EL8519 | LGV | 7490 | 17.06.2022 |
| 192 | JH01EM1793 | LGV | 3490 | 28.01.2022 |
| 193 | JH01EM7030 | LGV | 3490 | 22.02.2022 |
| 194 | JH01EN1784 | HGV | 28500 | 12.04.2022 |
| 195 | JH01EN2014 | HGV | 16020 | 26.08.2022 |
| 196 | JH01EN2301 | LGV | 3490 | 25.03.2022 |
| 197 | JH01EN3117 | HGV | 28000 | 30.09.2022 |
| 198 | JH01EN3123 | LGV | 3490 | 07.10.2022 |
| 199 | JH01EN6008 | LGV | 5950 | 15.02.2022 |
| 200 | JH01EN6541 | LGV | 3490 | 08.04.2022 |
| 201 | JH01EN8846 | LGV | 3490 | 08.03.2022 |
| 202 | JH01EN9442 | LGV | 7490 | 20.03.2022 |
| 203 | JH01EP0285 | HGV | 28000 | 30.04.2022 |
| 204 | JH01EP0344 | LGV | 3490 | 21.08.2022 |
| 205 | JH01EP1192 | LGV | 3490 | 25.04.2022 |
| 206 | JH01EP1707 | HGV | 28000 | 30.04.2022 |
| 207 | JH01EP6545 | LGV | 4995 | 30.04.2022 |
| 208 | JH01EP7511 | LGV | 7300 | 30.04.2022 |
| 209 | JH01EP9416 | HGV | 16020 | 25.04.2022 |
| 210 | JH01EP9609 | LGV | 7490 | 30.10.2022 |
| 211 | JH01EQ1644 | LGV | 3490 | 25.05.2022 |
| 212 | JH01EQ1850 | LGV | 3490 | 25.06.2022 |
| 213 | JH01EQ2449 | LGV | 3490 | 24.06.2022 |
| 214 | JH01EQ2669 | LGV | 3490 | 10.06.2022 |
| 215 | JH01EQ3504 | LGV | 3490 | 03.09.2022 |
| 216 | JH01EQ3613 | LGV | 3490 | 16.06.2022 |
| 217 | JH01EQ4336 | LGV | 4990 | 05.05.2022 |
| 218 | JH01EQ5384 | LGV | 7490 | 24.05.2022 |
| 219 | JH01EQ5787 | HGV | 18500 | 05.06.2022 |
| 220 | JH01EQ8440 | HGV | 18500 | 28.05.2022 |
| 221 | JH01EQ8513 | LGV | 7490 | 15.05.2022 |
| 222 | JH01EQ8626 | HGV | 18500 | 14.06.2022 |
| 223 | JH01EQ9058 | MGV | 8990 | 19.08.2022 |
| 224 | JH01ER1152 | LPV | 19 | 15.07.2022 |
| 225 | JH01ER1976 | LPV | 19 | 20.07.2022 |
| 226 | JH01ER2132 | HGV | 16100 | 30.06.2022 |
| 227 | JH01ER3016 | LGV | 3490 | 09.10.2022 |
| 228 | JH01ER3237 | LGV | 3490 | 24.06.2022 |
| 229 | JH01ER3371 | LGV | 3490 | 05.08.2022 |
| 230 | JH01ER4811 | LGV | 7490 | 30.06.2022 |
| 231 | JH01ER5216 | LGV | 7490 | 29.06.2022 |
| 232 | JH01ER6105 | LGV | 4995 | 30.09.2022 |
| 233 | JH01ER6332 | HGV | 16100 | 30.06.2022 |
| 234 | JH01ER6523 | HGV | 16100 | 30.06.2022 |
| 235 | JH01ER6623 | HGV | 16100 | 30.06.2022 |
| 236 | JH01ER7847 | LGV | 3490 | 28.06.2022 |
| 237 | JH01ER7925 | HPV | 53 | 24.10.2022 |
| 238 | JH01ER8213 | HGV | 16020 | 29.07.2022 |
| 239 | JH01ER8222 | HGV | 16100 | 23.10.2022 |
| 240 | JH01ER8591 | LGV | 3490 | 05.08.2022 |
| 241 | JH01ER9247 | LGV | 3490 | 07.06.2022 |
| 242 | JH01ER9333 | LGV | 3490 | 02.07.2022 |
| 243 | JH01ES0280 | LGV | 3490 | 20.08.2022 |
| 244 | JH01ES0308 | LGV | 3490 | 31.08.2022 |
| 245 | JH01ES2167 | LGV | 7490 | 23.08.2022 |
| 246 | JH01ES2663 | LGV | 4995 | 27.07.2022 |
| 247 | JH01ES3263 | LGV | 3490 | 28.08.2022 |
| 248 | JH01ES3950 | LGV | 3490 | 02.09.2022 |
| 249 | JH01ES6608 | LPV | 19 | 28.08.2022 |
| 250 | JH01ES7206 | HGV | 16020 | 30.07.2022 |

जिला परिवहन पदाधिकारी,
राँची।

PR 318562 Transport(23-24)D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## श्री झारखंड सीमेंट प्लांट ने सीएसआर के तहत स्कूली बच्चों को दिए स्कूल बैग और स्वेटर



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री झारखंड सीमेंट प्लांट ने श्री फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से सीएसआर के तहत संयंत्र के आस-पास विभिन्न सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को स्कूल बैग और स्वेटर वितरित किया गया, जिनमे बुरुडीह हाईस्कूल, पोटका मिडिल स्कूल, असुरा प्राइमरी स्कूल, रिगोगोडा मिडिल स्कूल,बुरुसाई मिडिल स्कूल बंदी गाजूडीह प्राइमरी स्कूल गोनपुर मिडिल स्कूल और शिमला मिडिल स्कूल शामिल है। इस अवसर पर संयंत्र के तकनीकी प्रमुख संदीप सिंह बिसेन व मानव संसाधन प्रमुख सौरभ कुमार तथा संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक उपस्थित रहे। मौके पर श्री बिसेन ने छात्र एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते उन्हें जीवन में सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की बात कही। अंत में स्कूलों के अध्यापकों ने श्री झारखंड सीमेंट प्लांट में श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा सीएसआर के तहत आस-पास के विभिन्न सरकारी स्कूलों एवं गावों में कराए जा रहे विकास कार्यो की सराहना करते हुए कंपनी के प्रति अपना आभार प्रकट किया।

## सरदार पटेल कॉलेज ऑफ फार्मेसी गालूडीह में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गालूडीह स्थित सरदार पटेल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एवं लाइंस क्लब ऑफ़ यूनिटी जमशेदपुर के संयुक्त सहयोग से आज कॉलेज परिसर में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस समाजोपयोगी कार्य में संस्थान के निदेशक उपेंद्र प्रसाद की सक्रिय भूमिका रही। लायंस क्लब के द्वारा समाज के हित में सदैव ही जन उपयोगी कार्य किए जाते रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य धर्मेंद्र सिंह, लाइंस क्लब के संजय सरकार, समाजसेवी खुदीराम महतो, ग्राम प्रधान बसंती सिंह एवं संस्थान के शिक्षकगण उपस्थित थे। ठंड के इस मौसम में जरूरतमंद कंबल पाकर काफी खुश नजर आये। संस्थान के निदेशक उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि हमारे संस्थान द्वारा समय- समय पर मेडिकल जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर, फूड वितरण एवं जरूरतमंदों को फ्री एजुकेशन दिया जाता है।

## सैप्टिक टैंक निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास




**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के भुला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में अनाबद्ध निधि से स्वीकृत सैप्टिक टैंक निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को विधायक मंगल कालिंदी के अनुपस्थिति में प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने नारियल फोड़कर किया। सुभाष कर्मकार ने बताया कि करीब 4 लाख रुपये से सैप्टिक टैंक का निर्माण किया जाना है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि बोड़ाम छुटुलाल हांसदा, हिमांशु महतो, अश्विनी महतो, श्याम सुंदर सिंह,विनय मंडल, क्षेत्रमोहन गोप, दामोदर सिंह, रेवती गोप,धीरेन भुइयां, काजल सिंह व आशुतोष महतो आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल प्रखंड अंतर्गत चिल्गू पंचायत भवन में आयोजित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चयनित 46 सहिया का छः दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान सभी छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण सर्टिफिकेट भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एचएस शेखर ने बताया कि प्रशिक्षण में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम पोषण, यौन प्रजनन, स्वास्थ्य अधिकार, लिंग आधारित हिंसा, गैर संचारी रोग, नशामुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य पर संस्थान के प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। वही यही कार्यक्रम रुचाप पंचायत भवन में भी हुआ। अगला प्रशिक्षण कार्यक्रम आसनबनी पंचायत भवन में किया जायेगा। एएनएम आशा होरो, बीटीटी सन्तोष सिंह ,सहिया भवानी गोराई, अंजना गोप, नीलिमा मंडल,अश्टमी देवी, साबित्री महतो, गीता रानी देवी, छितारानी मुर्मू, नियती सिंह,निरोबती देवी,सोमबारी हांसदा उपस्थित थे।

## बिजली विभाग ने ठनठनी घाटी के पास गेस्ट हाउस में की छापेमारी, प्राथमिकी दर्ज

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली विभाग के कनीय अभियंता अमीर हमजा के नेतृत्व में शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे चलाए गए छापेमारी अभियान में पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ठनठनी घाटी के समीप स्थित शालीमार गेस्ट हाउस, धुसरा में मीटर बाईपास करते हुए बिजली चोरी पकड़ी गई है। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता ने पटमदा थाना में गेस्ट हाउस के मालिक सुखदेव सहिस के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा गया है कि यहां वाणिज्यिक संबंध है लेकिन मीटर बाईपास कर 2 केवी विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए विभाग को 31,755 रुपए की क्षति पहुंचाई गई है। छापेमारी अभियान में सहायक विद्युत अभियंता मोहम्मद शाहनवाज अंसारी, जेएमडी विद्युत कर्मी मोहम्मद महमूद व सुरेश कुमार रजक शामिल थे।

### गोबरघुसी में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

# पुलिस को बेहिचक बताएं अपनी समस्याएं होगा समाधान : एसएसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस की ओर से शुक्रवार को पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोबरघुसी पंचायत के सारी तिलाईटांड़ मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि यह क्षेत्र कभी नक्सल प्रभावित था जो आप सभी ग्रामीणों के सहयोग से नक्सल मुक्त करने में काफी हद तक सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि अपनी समस्याओं को बेहिचक पुलिस के समक्ष रखें समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आप खेल के साथ-साथ पुलिस व सेना की भर्ती के लिए भी नियमित अभ्यास करें सफलता जरूर मिलेगी। 8 टीमों के बीच आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में उपविजेता रही अपो टीम के कप्तान से जब पूछा तो उसने बताया कि आधे घंटे में 10 किमी की दूरी दौड़कर तय कर लेते हैं इससे एसएसपी ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे जारी रखने की सलाह दी। मौके पर एसएसपी किशोर कौशल व ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने विजेता गोबरघुसी व उपविजेता अपो टीम को बूट, जर्सी व कप देकर पुरस्कृत किया। जबकि महिला प्रदर्शनी मैच में विजेता बनी आमदापहाड़ी व उपविजेता लायलम टीम को बूट, जर्सी व कप देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान सैकड़ों स्कूली बच्चों के बीच बैग, कॉपी व अन्य पाठ्य सामग्री के अलावे सैकड़ों बुर्जुग महिला-पुरुषों के बीच साड़ी-धोती व अन्य सामग्रियों का वितरण किया। जबकि गोबरघुसी पंचायत के सभी ग्राम प्रधान, पंसस व पूर्व मुखिया के अलावे चार पत्रकारों को एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पटमदा डीएसपी बचनदेव कुजूर, परीक्ष्यमान डीएसपी सह पटमदा थाना प्रभारी अकरम रजा, इंस्पेक्टर हीरालाल महतो, पुलिस अवर निरीक्षक रणजीत कुमार सिंह, धीरंजन कुमार, अरविंद कुमार व सार्जेंट विवेक कुमार आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

### एसएसपी ने अपो बूथ का लिया जायजा



**पटमदा :** एसएसपी किशोर कौशल ने ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग व डीएसपी बचनदेव कुजूर के साथ गोबरघुसी पंचायत के अपो उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की सुंदरता देख एसएसपी काफी खुश हुए और कहा वाह ब्यूटीफुल! उन्होंने मौके पर मौजूद कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ एवं क्लस्टर के बारे में जानकारी ली। इससे पूर्व सारी में आयोजित सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ दिलाई। पहले मतदान फिर जलपान का नारा भी लगवाया।

## एक्सएलआरआइ ने किया स्कूली बच्चों के लिए करियर टिप्स का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में टीम सामर्थ्य की ओर से एक करियर काउंसलिंग सेशन दिशा 2024 का आयोजन किया गया. जिसमें जमशेदपुर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, डीएवी, जेएच तारापोर, लोयोला, बाल्डविन फार्म एरिया समेत अन्य स्कूलों के करीब 450 बच्चों ने हिस्सा लिया. इस दौरान रिसोर्स पर्सन के रूप में मौजूद प्रसिद्ध मोटिवेटर सह करियर काउंसलर नीना मुखर्जी ने सभी बच्चों को करियर बनाने के लिए कई टिप्स दिए. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रोफेशन को चुनने से पहले अपने पसंद के साथ ही अपने मजबूत पक्ष को जरूर पहचानें. इस दौरान बच्चों को बायो टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाइनिंग, जर्नलिज्म, डिफेंस, सिविल सर्विसेज, इंजीनियरिंग, मेडिकल के साथ ही कॉमर्स लेने के बाद किस-किस क्षेत्र में करियर बनायी जा सकती है, इससे जुड़ी जानकारी दी गयी. करियर काउंसलिंग सेशन दिशा 2024 में करीब 700 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया था.

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों के चिकित्सीय सहायता के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान

**सरायकेला :** ज़िला परिवहन पदाधिकारी शंकरचर्या शमाद के निर्देशानुसार शनिवार को ज़िला सड़क सुरक्षा टीम द्वारा सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को मदद करने हेतु सदर अस्पताल सरायकेला मे जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ज़िला अंतर्गत हो रहे सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मदद मिल पाये। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुन्दन वर्मा, आदि थे।

## प्रदूषण के खिलाफ एसडीएम ने किया औद्योगिक इकाईयों की जांच शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** लोगों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सरायकेला की एसडीएम पारुल सिंह द्वारा औद्योगिक इकाइयों में जांच अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार को वह कांड्रा स्थित नीलाचल आयरन एंड पावर लिमिटेड कंपनी पहुंची और प्रबंधन से प्रदूषण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्लांट का भ्रमण कर भौतिक निरीक्षण भी किया। कंपनी के भीतर कई स्थानों पर बने गड्ढों में गन्दा पानी देखकर वह भड़क उठी। गौरतलब है कि कांड्रा की विभिन्न कंपनियों के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा पूर्व में प्रदूषण फैलाने की शिकायत की गई थी। एसडीएम द्वारा इस बावत बीते शुक्रवार को उन कंपनियों के प्रतिनिधियों को रिपोर्ट के साथ तलब किया था। परंतु उनके द्वारा रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण एसडीएम द्वारा स्वंय भौतिक सत्यापन करने की बात कही गई थी। इसी कड़ी में शनिवार उन्होंने कांड्रा स्थित नीलाचल कंपनी आकर अधिकारियों के साथ मिलकर प्रदूषण की जांच की।

# मानदेय भुगतान को लेकर महिला पॉलीटेक्निक के आवश्यकता आधारित व्याख्याता ने किया हड़ताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विगत दस माह से बकाया मानदेय के भुगतान समेत अन्य मांगों को लेकर राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, गम्हरिया के आवश्यकता आधारित व्याख्याता शनिवार को हड़ताल पर रहे। इस दौरान व्याख्याताओं द्वारा संस्थान के मुख्य भवन के समक्ष प्रदर्शन किया। हड़ताली व्याख्याताओं ने बताया कि विगत दस माह से मानदेय भुगतान नहीं होने से उनके समक्ष गम्भीर आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। आवश्यकता आधारित व्याख्याताओं के मानदेय भुगतान के लिए विभाग द्वारा किसी प्रकार के फॉर्मेट की मांग नही की गई है। इसके बाद रांची पॉलीटेक्निक के एक पत्र के जवाब में विभाग द्वारा स्पष्ट भी किया गया है कि पुराने किसी भी बिल फॉर्मेट को भी नहीं मांगा गया है। इसके बावजूद इस संस्थान के प्राचार्य द्वारा अंशकालिन व्याख्याता सम्बन्धी विपत्र पर मानदेय भुगतान हेतु बिल भरने के लिए दबाब दिया जा रहा है। उक्त विपत्र भरने से मना कर दिए जाने से प्राचार्य द्वारा स्थानीय स्तर पर कमेटी गठित कर उनके द्वारा तत्कालीन तौर पर विपत्र फॉर्मेट बनाकर विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश नहीं आने तक इसी फॉर्मेट पर बिल जमा करने का निर्देश दिया गया है। नए फॉर्मेट पर बिल जमा करने पर प्राचार्य द्वारा विगत 09 फरवरी को बिल भुगतान करने से मना कर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्राचार्य द्वारा उनके मानदेय भुगतान विगत दस माह से नहीं किया जा रहा है। इससे व्याख्याताओ में रोष व्याप्त है। इस दौरान एक ज्ञापन भी दिया गया है । जिसके माध्यम से विगत दस माह के बकाए मानदेय का भुगतान जल्द करने, तात्कालिक तौर पर कम से कम दिसम्बर और जनवरी माह के मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान करने, प्रत्येक आवश्यकता आधारित व्याख्याता को 18 लेक्चरर प्रति सप्ताह संस्थान के समय सारिणी पर आबंटित करने, कंडिका 2(8) का अक्षरतः पालन करने जिसमे कहा गया है कि एनबीएल की प्रतिष्ठा, सम्मान बनाए रखने की मांग किया है। इस मौके पर सभी व्याख्याता उपस्थित थे।

## ईचागढ़ शैक्षिक समुदाय ने दिवंगत पारा शिक्षक के आश्रितों को दी सहयोग राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय, सालगाडीह के दिवंगत पारा शिक्षक अनादि कुमार महतो के परिजनों को ईचागढ़ शैक्षिक समुदाय ने शनिवार को सहयोग राशि प्रदान की तथा मौके पर दिवंगत पारा शिक्षक को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। शैक्षिक समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल पारा शिक्षकों के प्रखंड अध्यक्ष पुस्तम हजाम के नेतृत्व में अनादि कुमार महतो के सालगाडीह, चिपड़ी स्थित पैतृक आवास जाकर यह सहयोग प्रदान किया। मौके पर उपस्थित पारा शिक्षक-गैर पारा जेटेट सफल अभ्यर्थी संघ झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष कुणाल दास ने संबोधित करते हुए कहा कि सूबे के पारा शिक्षक विगत बीस सालों से प्रदेश की प्रारंभिक शिक्षा की बागडोर संभाले हुए हैं। बावजूद इसके सरकार की ग़लत नीतियों की वजह से आज़ भी उपेक्षित हैं।



## तख्तों के संचालन में महाराष्ट्र सरकार के हस्तक्षेप से सिख समुदाय में नाराजगी : मथारु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग, राँची के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा तख्त हजूर साहिब अवचलनगर, नांदेड के नये प्रबंधन कानून की गहरी आलोचना की है एवं इसे समुदाय की धार्मिक आजादी पर हमला करार दिया है। महाराष्ट्र सरकार ने तख्त हजूर साहेब की प्रबंधन पर काबिज होने के लिये 1956 के कानून में संशोधन किया है। पहले महाराष्ट्र सरकार प्रबंधन में सात सदस्यों को मनोनित करती थी जिसे बढ़ाकर बारह कर दिया गया है। जबकि निर्वाचन क्षेत्र को घटाकर तीन कर दिया गया है। वहीं सिख शिरोमनी गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटि के अधिकारों में भी कटौती करके चार के स्थान पर दो सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार दिया है। एक सदस्य हैदराबाद और सिकंदराबाद से चुन कर आते थे, जिसे समाप्त कर दिया गया है। नये कानून में प्रबंधन में सत्रह सदस्य होंगे जिसमें बारह सदस्य सरकार द्वारा मनोनित होंगे। इस व्यवस्था से अब यह तय है कि प्रबंधन कमिटि पर सरकार का नियंत्रण हो जायेगा। इससे सिख समुदाय में गहरी नाराजगी है। सिख समुदाय की नाराजगी को देखते हुये उपाध्यक्ष द्वारा राष्टपति एवं महाराष्ट के राज्यपाल से इस कानून को वापस कराने का अनुरोध किया है। साथ हीं महाराष्ट के मुख्यमंत्री से कानून को वापस लेने का अनुरोध किया है तथा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष को भी इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : मधुश्री

### कुचाई के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र रायपीढी गांव में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के अरुवां पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र सेरेंगदा गांव के रायपीढी फुटबॉल मैदान में झारखंडी भाषा संस्कृति शैक्षणिक स्वास्थ्य मेला के द्वारा रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान 25 यूनिट ब्लड सदर अस्पताल सरायकेला को उपलब्ध कराया गया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने रक्तदान कर रहे सभी लोगों को हौसला बढ़ाया और कहा कि अपना रक्तदान कर और लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। वही बीडीओ साधुचरण देवगम ने कहा कि रचनात्मक एवं सकारात्मक सोच के साथ स्वस्थ एवं स्वच्छ रहने के लिए रक्तदान करना चाहिए। सपन महतो, दिलीप चांद महतो, महेश महतो, मनोज बनर्जी, पिंटू सरदार, सुमित, दशरथ, प्रवीण, मकरध्वज, कैलाश, अगनु लोहार आदि उपस्थित थे।

### ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल का पेशेंट इंगेजमेंट कार्यक्रम के तहत रिवाइव कार्यक्रम आयोजित

# पोस्ट ज्वाइंट रिप्लेसमेंट पेशेंट ने किया रैंप वॉक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के एक निजी होटल में ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर द्वारा पेशेंट इंगेजमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत रिवाइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोस्ट ज्वाइंट रिप्लेसमेंट पेशेंट का रैंप वॉक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के सकारात्मक पहलुओं को उजागर किया गया एवं मरीजों के आत्मविश्वास में वृद्धि एवं उन्हें पुनः अपने जीवन में नई शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया गया। ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ राजेश सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल में आए मरीजों को सबसे पहले स्वस्थ जीवन शैली एवं प्रीवेंटिव हेल्थ केयर के बारे में बताया जाता है, ताकि उन्हें जोड़ रोग से मुक्ति मिल सके। ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी हमेशा से एक अंतिम विकल्प होता है। डॉ प्रशांत आर्य ने आर्थ्रोस्कोपिक सर्जरी के फायदे बताते हुए कहा कि मिनिमल इनवेसिव सर्जरी के माध्यम से लिगामेंट एवं स्पोर्ट्स इंजरी जल्द ठीक किया जा सकता है। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ विवेक शर्मा ने ज्वाइंट डिजीज मरीजों के लिए सहज व्यायाम के माध्यम से अपने जीवन को गतिशील बनाने के लिए उपाय बताए। फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से, हमारा लक्ष्य ज्वाइंट डिजीज से संबंधित बाधाओं को दूर करना और ज्वाइंट हेल्थ के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना है। संस्थान ने अभी तक 1500 से भी ज्यादा सफलतापूर्ण ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की है।

## पटना विमेंस कॉलेज एलुमनाई एसो. के नवनिर्वाचित कार्यकारी सदस्यों ने की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पटना विमेंस कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन (जमशेदपुर चैप्टर) के नवनिर्वाचित कार्यकारी सदस्यों के साथ सत्र 2024 की प्रथम बैठक लोयोला स्कूल के प्रांगण में सम्पन्न हुई। नव निर्वाचित सेक्रेटरी पूनम महथा, प्रेसिडेंट विद्या तिवारी, ट्रेजरर आशिमा कपूर ने इस वर्ष में होने वाले समाज सेवा, सांस्कृतिक एवम अन्य क्रियाकलापों की योजना सदस्यों के समक्ष रखी जिसमे सभी ने अपने सुझाव एवम विचार रखे। पूर्व सेक्रेटरी डॉ निधि श्रीवास्तव तथा पूर्व प्रेसिडेंट डॉ शुभ्रा द्विवेदी सहित पटना विमेंस कॉलेज की पूर्व छात्राएं सुजाता कुमार, भारती कुमारी, आशा सिन्हा,मंजू सिंह, विद्या तिवारी, पूनम महथा, दीपाली डोकानिया, अनुपमा सहगल, शिल्पी सिन्हा दत्ता, नमिता लांबा, आशिमा कपूर, छाया प्रसाद एवम रूबी मौजूद थीं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


संपादकीया

# दिमाग में चिप

**प्रथम** दृष्टया यह खबर चौंकाती है कि इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण सफलता पूर्वक किया गया है। विज्ञान के जरिये मानव कल्याण के क्षेत्र में किये गये हर शोध-अनुसंधान का स्वागत ही किया जाना चाहिए। लेकिन संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि यह प्रत्यारोपण किसी सरकारी चिकित्सा शोध संस्थान या विश्वविद्यालय में नहीं हुआ है। यह प्रत्यारोपण दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने किया है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर-सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। बहरहाल, अभी चिप लगाने की शुरुआत हुई है। आम लोगों तक इसका लाभ पहुंचने में दशकों लग सकते हैं। वहीं इसके प्रत्यारोपण की प्रक्रिया इतनी खर्चीली होगी कि शायद ही आम आदमी के हिस्से में कभी इसका लाभ आ सके। बहरहाल, हर नये अनुसंधान व शोध का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज मानवता की संहारक न बने। जैसे अल्फ्रेड नोबेल को अपने डायनामाइट के आविष्कार के संहारक होने का अपराध बोध हुआ। उन्होंने इसके चलते विश्व शांति व मानवता को समृद्ध करने वाले विभिन्न विषयों की प्रतिष्ठा के लिये अपनी कमाई से कालांतर नोबेल प्राइज की शुरुआत की थी। बहरहाल, शुरुआती संकेत बताते हैं कि इंसानी दिमाग में चिप लगाने का प्रयास सफल रहा है। इस प्रयोग से इंसानी जीवन में विज्ञान व तकनीक की भूमिका के नये अध्याय की शुरुआत मानी जा सकती है। यह मानव कल्याण के लिये वरदान भी साबित हो सकती है बशर्ते यह निर्मम बाजार का हथियार न बने। वैसे ऐसा भी नहीं है कि न्यूरालिंक इस तकनीक का प्रयोग सफलतापूर्वक करने वाली पहली कंपनी है। इससे पहले इस कंपनी की प्रतिस्पर्धी कंपनी ब्लैकरॉक न्यूरोटेक भी इंसान के दिमाग में चिप प्रत्यारोपण का सफल प्रयोग कर चुकी है। कहा जा रहा है कि इसका लाभ उन लोगों को होगा जो जन्मजात या किसी दुर्घटना तथा बीमारी के चलते अपने कुछ अंगों से वंचित हैं। चिप लगाने के बाद इन लोगों के महज सोचने भर से फोन, कंप्यूटर आदि निर्देशों का पालन करने लगेंगे। किसी बीमारी के चलते किसी व्यक्ति के निष्क्रिय अंग सक्रिय हो सकेंगे। विशेष रूप से मानसिक रोगों, मसलन पार्किंसन व भूलने की बीमारी अल्जाइमर में यह चिप कारगर हो सकती है। इतना ही नहीं अवसाद व विभिन्न लतों से मुक्ति दिलाने में भी इसे सहायक बताया जा रहा है। लेकिन आने वाले वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये यदि इंसान के दिमाग पर ऐसी चिप के जरिये नियंत्रण के नकारात्मक प्रयास होने लगें तो निस्संदेह, स्थिति खासी विकट हो सकती है। निश्चित रूप से किसी व्यक्ति के दिमाग का मामला बेहद संवेदनशील होता है। यही वजह है कि कुदरत की बनायी जटिल दिमागी प्रक्रिया से छेड़छाड़ या कहें सर्जरी से आधुनिक चिकित्सा भी परहेज करती है। यहां यह भी सवाल कायम रहेगा कि चिप कितने समय तक काम करती रहेगी। यानी कितने समय तक यह चिप इंसान के कुदरती दिमाग से साम्य बना सकेगी। अभी यह प्रयोग शुरुआती दौर में है और कहना मुश्किल है कि इससे वास्तविक लाभ कितना होता है।

इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण सफलता पूर्वक किया गया है। विज्ञान के जरिये मानव कल्याण के क्षेत्र में किये गये हर शोध-अनुसंधान का स्वागत ही किया जाना चाहिए। लेकिन संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि यह प्रत्यारोपण किसी सरकारी चिकित्सा शोध संस्थान या विश्वविद्यालय में नहीं हुआ है। यह प्रत्यारोपण दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने किया है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर-सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। बहरहाल, अभी चिप लगाने की शुरुआत हुई है। आम लोगों तक इसका लाभ पहुंचने में दशकों लग सकते हैं। वहीं इसके प्रत्यारोपण की प्रक्रिया इतनी खर्चीली होगी कि शायद ही आम आदमी के हिस्से में कभी इसका लाभ आ सके। बहरहाल, हर नये अनुसंधान व शोध का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज मानवता की संहारक न बने। जैसे अल्फ्रेड नोबेल को अपने डायनामाइट के आविष्कार के संहारक होने का अपराध बोध हुआ।

## देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा

# यूसीसी पर उत्तराखंड ने जो सार्थक पहल की है उससे दूसरे राज्यों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए

ललित गर्ग

आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यह उत्तराखण्ड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है।

**उत्तराखंड** मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी और इसे विधानसभा में पेश भी कर दिया। अब चार दिनों के विशेष सत्र में इसे आसानी से पारित भी कर दिया जायेगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। इससे पहले गोवा में यह लागू है। आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यह उत्तराखण्ड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए। समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-



अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखण्ड विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं एवं संदेह दूर हो जाएंगे। जो अन्य राज्यों के लिये लागू करने का आधार बनेगी। भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्म-निरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदायों (जैसे- हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, आदि) को मानने वालों को अपने-अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़कर अन्य सभी धर्मों व संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। बहरहाल, उत्तराखण्ड राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन होता है। इन देशों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्र, अमेरिका, आयरलैंड, आदि शामिल हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के लिए एकसमान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है। देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाए तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आए, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गए। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। मुस्लिम पर्सनल लॉ में अनेक विसंगतियां हैं, जैसे शादीशुदा मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी को महज तीन बार तलाक कहकर तलाक दे सकता था। इसके दुरुपयोग के चलते सरकार ने इसके खिलाफ कानून बनाकर जुलाई 2019 में इसे खत्म कर दिया है। तीन तलाक बिल पास होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सदियों से तीन तलाक की कुप्रथा से पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला है। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। 1985 में शाहबानो केस के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला सुर्खियों में आया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था।

दृष्टि कोण

# समान नागरिक संहिताः प्रगतिशील समाज के लिए जरूरी पहल, इसमें निहित हैं व्यापक हित

**उत्तराखंड** सरकार ने विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया है। जानकारी के अनुसार, इसमें सभी नागरिकों के कल्याण के लिए एक जैसे कानून का प्रस्ताव है। हलाला तथा तीन तलाक जैसी अमानवीय प्रथाओं को प्रतिबंधित कर दिया गया है। सभी धर्मों की तलाकशुदा महिलाओं के लिए समान रूप से भरण-पोषण की व्यवस्था की गई है। सभी लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष कर दी गई है। लिव-इन संबंधों के कारण अक्सर विवाद और हिंसा की खबरें आती रहती हैं। इससे निपटने के लिए उनका पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। बहुपत्नी प्रथा को समाप्त करके सभी के लिए केवल एक विवाह का नियम प्रस्तावित है। संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता की स्पष्ट व्यवस्था के बावजूद सरकारें इस दिशा में आगे कदम बढ़ाने से हिचकती रहीं। संविधान का अनुच्छेद 44 सबसे अधिक दुष्प्रचारित हिस्सों में से एक है। इस उपबंध के साथ बहुत अन्याय हुआ है। इसमें देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाने की बात कही गई है। इसमें सरकार से अपेक्षा की गई है कि वह लिंग, क्षेत्र, भाषा की परवाह किए बगैर सभी के लिए एक जैसा कानून बनाए, जो मानवीय गरिमा का सम्मान करे, उसे सुरक्षा बोध दे और सभ्य समाज के मानकों पर खरा भी उतरे। दुर्भाग्यवश अनुच्छेद 44 की इस पवित्र मंशा को आगे बढ़ाने, उस पर तार्किक बहस करने




के बजाय उसे सांप्रदायिक रूप देकर अछूत बना दिया गया। सुप्रीम कोर्ट का आग्रह बेकार गया। यह दस्तूर आज भी कायम है। संविधान निर्माताओं ने महसूस किया कि विवाह और भरण-पोषण से जुड़े मामलों का संबंध किसी पूजा-पद्धति से नहीं है, बल्कि इसका संबंध इंसानियत से है। निःसंतान व्यक्ति यदि किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी वंश-परंपरा को आगे बढ़ाना चाहता है या उससे उसको सुरक्षा बोध का एहसास होता है, तो उससे किसी पूजा-पद्धति की अवमानना कैसे हो सकती है? यदि किसी कानून से किसी महिला को सामाजिक सुरक्षा मिलती है या पति से अलग होने या पति के नाराज होने के बाद उसे दर-बदर भटकने के बजाय गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है, तो इसमें उसका धर्म कहां से आड़े आता है? महिला-पुरुष के वैवाहिक संबंधों में यदि समानता सुनिश्चित की जाती है, तो इससे किसी भी सभ्य समाज को शर्मिंदगी नहीं, अपितु गर्व होना चाहिए। आजादी के बाद हिंदू विधि में व्यापक परिवर्तन किए गए। हिंदू विवाह अधिनियम द्वारा बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया गया। पति-पत्नी को विवाह-विच्छेद करके सम्मानपूर्वक एक-दूसरे से अलग रहने का अधिकार दिया गया। महिलाओं को भरण-पोषण का अधिकार दिया गया। पिता की संपत्ति में बेटियों को भी अधिकार देने की परंपरा शुरू हुई। संतान को गोद लेने के मामलों में भी पति के एकाधिकार को तोड़ते हुए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की गई। हिंदू कानून में किए गए सुधारों में मानवाधिकारों और समानता के सिद्धांतों को तरजीह दी गई। पर वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरी जगहों पर ऐसा नहीं हो सका और उन्हें बेहतरी के मौके से लगातार वंचित रखा गया। आधुनिक सोच का लाभ दूसरे मतावलंबियों को भी हासिल हो, इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रही हैं। मोहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो मामले (1985) में सुप्रीम कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खेद का विषय है कि अनुच्छेद 44 में तय राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूहों का संग्रह बनकर रह गई है। अदालत ने कहा कि मुस्लिम समाज को इस मामले में पहल करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में वे दूसरों से पीछे न रहें। हैरानी की बात यह है कि शाहबानो के जिस मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों से आगे बढ़ने की पहल का आह्वान किया, उसके दुष्प्रचार ने समान नागरिक कानून की पहल को सबसे मर्मांतक चोट पहुंचाई। उसके बाद सरला मुद्गल तथा लिली थॉमस जैसे कई प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय ने समान नागरिक कानून के नहीं होने के दोषों को उजागर करते हुए इसका तुरंत क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। वैवाहिक मामलों में वैयक्तिक विधि के दुरुपयोग से विचलित होकर अदालत ने कहा कि अब तो इसका दुरुपयोग कानून को धोखा देने के लिए होने लगा है। जब वैवाहिक साथी से छुटकारा पाना हो, तो कुछ समय के लिए अपना धर्म बदलकर दूसरी शादी कर ली, क्योंकि दूसरे धर्म से जुड़े कानून में उसे मान्यता दी गई है। उसके बाद अपनी मर्जी से तलाक देकर उस महिला से छुटकारा पा लिया, क्योंकि उस धर्म का कानून इसकी इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट और कई विद्वानों ने इसी कमी की ओर बार-बार इशारा किया, पर हमारे राजनीतिक नेतृत्व के ऊपर इसका कोई असर नहीं पड़ा। प्रो ताहिर महमूद ने अपनी पुस्तक मुस्लिम पर्सनल लॉ (1977) में तथा न्यायमूर्ति एमएच बेग ने इम्पैक्ट ऑफ सेक्यूलरिज्म (1973) में भी संविधान के अनुच्छेद 44 को अमली जामा पहनाने का आह्वान किया, किंतु शाहबानो प्रकरण के दुःस्वप्न से अब भी कोई उबरने को तैयार नहीं है। समाज के व्यापक हितों के मद्देनजर समाज के पंथनिरपेक्ष हित चिंतकों को आगे बढ़कर इस दिशा में पहल करने की जरूरत है, ताकि हम एक प्रगतिशील समाज के रूप में एकजुट हो सकें।

कुछ अलग

# आत्मनिर्भरता का पहला पाठ

**आज** कल लोग अपनी और अपने मन की बात नहीं करते बल्कि दूसरों के मन की बातें इधर-उधर फेंकते रहते हैं। इनमें न तो फेंकने वाले का ध्यान होता है और न ही ज्ञान। अगर आपने सहानुभूति प्राप्त करने की आशा से किसी को मेसेज किया कि मुझे आज लूज मोशन हो रहे हैं तो उत्तर आ सकता है- वंडरफुल।अब बताइए इसमें क्या वंडरफुल है।किसी को भी हो सकती है यह व्याधि। किसी को अधिक मात्रा में पौष्टिक पदार्थ खाने से तो किसी निर्धन को भूखे पेट ज्यादा पानी पी लेने से। हम तो साधारण आदमी हैं भगवान बुद्ध को भी कहते हैं अंत काल में पेचिश हो गई थी जिसमें बार बार जाना पड़े और उपलब्धि लगभग शून्य। निष्कासित पदार्थ की मात्रा की अधिकता की अपेक्षा बार बार शौचालय जाने आने में शक्ति के अपव्यय से घुटने टूट जाते हैं। हम पतले दस्त को 'लूज मोशन' लिख रहे हैं क्योंकि लेखन में अश्लील को श्लील बनाने के लिए या तो संस्कृत के शुद्ध शब्द चाहियें या फिर अंग्रेजी के। जनता की बोली में बोलने से भाषा गंदी हो जाति है। बेचारे नीतीश कुमार को विधान सभा में ऐसे ही जनसंख्या वृद्धि के बारे में जनभाषा बोलने के कारण सांस्कृतिक पार्टी के द्वारा ट्रोल होना पड़ा। पीछा छुड़ाने के लिए अंत में पार्टी ही बदलनी पड़ी। हमें कल किसी ने संसद में अपनी नाक में अंगुली डालकर सफाई करते हुए गृहमंत्री अमित शाह जी की एक छोटी सी क्लिप फॉरवर्ड कर दी। चूंकि आजकल भारत में राष्ट्रभक्ति, धर्म, संस्कृति, हिन्दुत्व, चाल, चेहरा और चरित्र का वाइरल बुखार फैला हुआ है इसलिए हमने इसे गंभीरता से लिया और आते ही तोताराम को वीडियो दिखाकर पूछा- यह क्या है? बोला- क्यों? तुझे साफ दिखाई नहीं देता? अभी तो मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले डाक्टर को पूरा भुगतान भी नहीं किया है। चलते हैं, अभी तो लेंस का गारंटी पीरियड चल रहा होगा। हमने कहा- शिक्षा, चिकित्सा, न्याय और सेवा में कोई गारंटी नहीं होती। अगर विद्यार्थी फेल हो जाए, मरीज मर जाए, आप केस हार जाएँ, बैंक में 15 लाख रुपए और अच्छे दिन कभी न आयें तो भी आप स्कूल, डाक्टर, वकील और प्रधानमंत्री के खिलाफ कहीं फ़रियाद नहीं कर सकते, किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं। तो जिसने आँखों का ऑपरेशन किया था वही हमें कौन रसीद देने वाला है। वैसे हमें देखने में कोई समस्या नहीं है। बोला- तो फिर इसमें क्या यशोदा की तरह बालकृष्ण में मुँह में ब्रह्मांड देखना है या चंपत राय की तरह मोदी जी में विष्णु के दर्शन करने हैं। ये भारत के गृहमंत्री, देश के चाणक्य श्री अमित शाह हैं।

**हमने फिर पूछा- लेकिन कर क्या रहे हैं? बोला- अपनी नाक में अंगुली कर रहे हैं।**

**हमने कहा- तो क्या यह अच्छी बात है?**
बोला- बुरी बात भी क्या है? अपनी नाक में अंगुली कर रहे हैं। वे गृहमंत्री हैं वे देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए चाहें तो किसी और को भी अंगुली कर सकते हैं। और फिर अंगुली करने क्या पाकिस्तान जाएंगे? मुसलमानों की बात और है वे हिजाब पहनने, मांस खाने, मस्जिद बनाने, नमाज पढ़ने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। दुनिया में 50 से ज्यादा मुस्लिम देश हैं वहाँ जा सकते हैं। लेकिन एक हिन्दू के लिए कोई विकल्प नहीं है। उसके लिए तो जीना यहाँ, मरना यहाँ, इसके सिवा जाना कहाँ।
हमने कहा- लेकिन अजीब नहीं लगता?
बोला- तो क्या संसद में राष्ट्रहित में चल रही महत्वपूर्ण चर्चा को छोड़कर इस जरा से काम के लिए बाहर चले जाएं? या यह काम किसी और से करवाएं? अगर किसी और से यह काम करवाएं तो भी तुम लोग यही कहोगे कि जो व्यक्ति अपनी नाक खोदने तक में स्वावलंबी नहीं है वह 'आत्मनिर्भर भारत' कैसे बनाएगा? लेकिन तुझे पता होना चाहिए कि खुदाई से ही सभी आवश्यक और मूल्यवान पदार्थ प्राप्त होते हैं। गहरे कुएं में पानी मीठा होता है।

देश दुनीया से

# सही दिशा में छोटा कदम, पूरे देश के लिए साबित हो सकता है नजीर

संविधान की शुरुआत 'सत्यमेव जयते' से होती है, जहां सारनाथ का सिंह कानून के शासन के महत्व को दर्शाता है। गणतंत्र के 75 साल बाद भी यूसीसी पर चल रहे असमंजस को संविधान में उकेरे गए पौराणिक आख्यानों से समझा जा सकता है। संविधान सभा में के. एम. मुंशी जैसे सदस्यों की बात मानकर अगर यूसीसी को मूल अधिकार वाले अध्याय में शामिल किया जाता, तो यह कानून सभी के लिए बाध्यकारी हो जाता। मूल अधिकार वाले अध्याय-3 में रावण को पराजित करने के बाद लौट रहे राम-लक्ष्मण और सीता के साथ अधर्म पर धर्म की जीत का चित्र है।

**संविधान** के प्रावधानों को साकार करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर कानून बनाने की ऐतिहासिक पहल की है। संविधान की शुरुआत 'सत्यमेव जयते' से होती है, जहां सारनाथ का सिंह कानून के शासन के महत्व को दर्शाता है। गणतंत्र के 75 साल बाद भी यूसीसी पर चल रहे असमंजस को संविधान में उकेरे गए पौराणिक आख्यानों से समझा जा सकता है। संविधान सभा में के. एम. मुंशी जैसे सदस्यों की बात मानकर अगर यूसीसी को मूल अधिकार वाले अध्याय में शामिल किया जाता, तो यह कानून सभी के लिए बाध्यकारी हो जाता। मूल अधिकार वाले अध्याय-3 में रावण को पराजित करने के बाद लौट रहे राम-लक्ष्मण और सीता के साथ अधर्म पर धर्म की जीत का चित्र है। लेकिन नजीरुद्दीन अहमद जैसे सदस्यों के विरोध की वजह से इसे मार्गदर्शक सिद्धांत वाले अध्याय-4 में डाला गया। जहां कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण गीता के उपदेश से अर्जुन के मोह को हरने की कोशिश करके कर्म के लिए प्रेरित कर रहे हैं। संविधान में स्त्री और पुरुष, दोनों को बराबरी से चुनावों में वोट डालने का अधिकार है। सभी धर्मों के स्त्री और पुरुषों के लिए आपराधिक कानून भी समान हैं। लेकिन शादी, तलाक, बच्चे और संपत्ति से जुड़े सिविल मामलों में धर्म के आधार पर महिलाओं के साथ भेदभाव होना दुर्भाग्यपूर्ण है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की बातों पर अमल करते हुए वर्ष 1956 में हिंदू कोड बिल के साथ मुस्लिम समुदाय के लिए भी कानून बनना चाहिए था। वर्ष 1985 में शाहबानो मामले के बाद भी इस बारे में ठोस कदम उठाया जा सकता था। उसके बजाय तुष्टीकरण नीति के तहत सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने से कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा ही मिला। इंडोनेशिया, बहरीन, तुर्किये और लेबनान जैसे कई मुस्लिम देशों में आधुनिक कानून लागू हैं, तो फिर भारत में ओवैसी जैसे कट्टरपंथी नेताओं द्वारा धर्म के आधार पर यूसीसी के विरोध को प्रधानता क्यों मिलनी चाहिए? पर्सनल लॉ के नाम पर रजस्वला होने के बाद नाबालिग मुस्लिम लड़कियों की शादी का समर्थन करने वालों को शरीयत ऐक्ट की धारा 3-बी पढ़ने की जरूरत है। कॉन्ट्रैक्ट ऐक्ट की धारा-11 के तहत ऐसे अनुबंध में दोनों पक्षों का सक्षम यानी बालिग होना जरूरी है। इसलिए शरीयत ऐक्ट की आड़ में नाबालिग मुस्लिम बच्चों की शादी गलत है। सियासी बवाल और धार्मिक विरोधाभास के साथ कई कानूनी चुनौतियां भी हैं। पहला, लिव-इन के दौर में बहु-विवाह पर प्रभावी रोक कैसे लगेगी? प्रस्तावित कानून में लिव-इन में रहने की स्वघोषणा के साथ अभिभावकों को सूचना देने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले और कानून के बावजूद सभी शादियों के रजिस्ट्रेशन के नियमों का पालन नहीं हो रहा, तो फिर लिव-इन के दौर में शादी और तलाक के मामलों का निर्धारण कैसे होगा? दूसरा, देश के कानून के अनुसार, शादी के लिए न्यूनतम उम्र लड़कियों के लिए 18 साल और लड़कों के लिए 21 साल है। लड़कियों की शादी की उम्र 18 से 21 साल करने पर संसद में कई साल से सिर्फ मंथन हो रहा है। उत्तराखंड में




पूर्व जज की कमेटी ने भी माना है कि बाल-विवाह के पीछे अशिक्षा और गरीबी बड़ी वजह है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, नाबालिग बच्चों के सहमति से बने संबंधों को अपराध के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए। इसलिए लड़कियों की उम्र को बढ़ाने के बजाय लड़कों की शादी की न्यूनतम उम्र को भी 18 साल करने पर विचार होना चाहिए। इससे लैंगिक समानता के साथ कानून-पालन का भाव बढ़ेगा। तीसरा, कुछ लोग यूसीसी को जनसंख्या विस्फोट से निपटने का कारगर उपाय मानते हैं। भारत में कई दशकों से जनसंख्या नियंत्रण पर सिर्फ कानून बनाने की बात हो रही है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि अगले 10 वर्षों में कामकाजी आबादी कम होने के साथ बूढ़ों की तादाद भी बढ़ जाएगी। यूसीसी के तहत लिव-इन से पैदा होने वाले नाजायज बच्चों को भी कानूनी अधिकार मिलेंगे। सरोगेसी के तहत भी लोग बच्चे पैदा करते हैं। इन नई चुनौतियों के बीच दो बच्चों की नीति पर प्रभावी अमल कैसे होगा? उत्तराखंड के अलावा, मध्य प्रदेश और गुजरात में भी ऐसी पहल हो रही है। समवर्ती सूची में यूसीसी से जुड़े अनेक मामलों पर संसद ने कानून बनाए हैं। कई विषयों पर कानून बनने की जोरों से बात हो रही है। इसलिए उत्तराखंड विधानसभा में पारित होने के बाद राज्यपाल इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय और राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेज सकते हैं। सियासत के नजरिये से राज्यों में कानून बनाना लाभकारी हो सकता है, लेकिन कई राज्यों में मनमाने तरीके से कानून निर्माण से गलत मिसाल के साथ सांविधानिक अराजकता भी बढ़ सकती है।

आप का नजरीया

# छोटे चौधरी का बड़ा खेला, इंडी गठबंधन की डूबती नाव से कूदने के लिए लगा है रेला

**विपक्ष** के इंडी गठबंधन की नाव डूबती देख इस पर सवार राजनीतिक दलों में कूद कर अपनी जान बचाने की होड़ देखने को मिल रही है। इंडी गठबंधन की नाव को जिन नीतीश कुमार ने तैयार किया था वही सबसे पहले यहां से दूसरी तरफ कूद गये जिससे नाव का संतुलन गड़बड़ा गया। मौका देख ममता बनर्जी ने भी इस नाव से दूरी बना ली और अब राष्ट्रीय लोक दल भी इससे कूदने के लिए पूरी तरह तैयार है। आम आदमी पार्टी भी इंडी गठबंधन की नाव से कूदने के लिए अपना सामान समेट रही है। इस गठबंधन में अब जो दल बचे हैं वह या तो आपस में ही लड़ रहे हैं या उन दलों के भीतर ही भितरघात देखने को मिल रही है जिसके चलते किसी का चुनाव चिह्न खतरे में पड़ गया है तो किसी की पार्टी का मालिकाना हक किसी और के पास चला गया है। विपक्ष की यह स्थिति देख अब प्रधानमंत्री मोदी के संसद में दिये गये संबोधन की वह बात किसी को अतिश्योक्ति नहीं लग रही कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले दम पर 370 सीटें जीतेगी और एनडीए 400 के पार जायेगा। विपक्षी गठबंधन की हालत से देश के सामने एक बात और स्पष्ट हो गयी है कि बेमेल विचारधारा वाला यह गठबंधन सिर्फ सत्ता स्वार्थ के लिए बना था। जहां तक राष्ट्रीय लोक दल की बात है तो उसके बारे में बताया जा रहा है कि उसका भाजपा के साथ आना तय हो चुका है। एकाध दिनों में इसकी घोषणा हो सकती है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि राष्ट्रीय लोक दल का भाजपा में विलय भी संभव है लेकिन अगर विलय नहीं हुआ तो गठबंधन होना पक्का है। हम आपको याद दिला दें कि भाजपा ने राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन का प्रयास उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भी किया था लेकिन तब जयंत चौधरी ने साथ आने से मना कर दिया था। राष्ट्रीय लोक दल 2014 से सभी चुनाव विपक्षी दलों के साथ मिलकर लड़ा है लेकिन इसका उसे कोई ज्यादा लाभ नहीं हुआ। हालांकि 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में जरूर समाजवादी पार्टी से गठबंधन का रालोद को फायदा हुआ था साथ ही सपा कोटे से जयंत चौधरी को राज्यसभा की सदस्यता भी मिल गयी थी। लेकिन अब छोटे चौधरी के नाम से मशहूर जयंत चौधरी के पाला बदलने की अटकलों से विपक्षी खेमा बेचैन दिख रहा है। क्योंकि बात यह नहीं है कि छोटा दल गठबंधन से बाहर जा रहा है या बड़ा दल, बात यह है कि लंबे समय से गठबंधन में साथ रहा दल अब दूसरे के साथ जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि हाल ही में अखिलेश यादव ने जयंत चौधरी के साथ एक फोटो ट्वीट करते हुए ऐलान किया था कि रालोद के लिए गठबंधन में सात लोकसभा सीटें दी गयी हैं। लेकिन यह सात सीटें कौन-सी होंगी इसका ऐलान नहीं किया गया था। इस बात से जयंत चौधरी नाराज बताये जा रहे थे। जयंत चौधरी ने राजस्थान विधानसभा चुनावों के दौरान भी कांग्रेस से कुछ सीटें अपने लिये मांगी थीं लेकिन कांग्रेस की ओर से स्पष्ट इंकार कर दिये जाने के चलते उन्हें निराशा हाथ लगी थी।

**संक्षिप्त खबरें**

### स्वीप कार्यक्रम का जायजा लेने बीडीओ पहुंचे बरटा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के बरटा के बूथ पर स्विप कार्यक्रम का जायजा लेने प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव शनिवार को पहुंचे। जहां मतदाताओं को ईवीएम मशीन वीवीपैट से संबंधित कई जानकारी मतदाताओं को बताया गया। और ईवीएम मशीन व वीवीपैट से होने वाली मतदान की प्रक्रिया को समझाया गया। मौके पर पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा बीएलओ सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## 28 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म को लेकर भुक्त भोगी ने दिया लिखित आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के पंचायत जांगी के जरही गांव की एक (काल्पनिक) 28 वर्षीय मुनिया देवी के साथ जरही टोला के गुरबांदी के प्यारे लाल और राजेंद्र कुशवाहा दोनों पिता रामकेरा सिंह ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। जिसे लेकर भोगता समाज की एक ग्रामीण बैठक की गई थी। जिसमें छोटू सिंह भोगता बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।जहां भुक्तभोगी से हीं समाजिक खर्च के लिए छोटू सिंह द्वारा 15 हजार रुपया लिया गया था। बैठक के बाद 1 लाख 50 हजार रुपये आरोपियों पर दण्ड लगाया गया था। वहीं उक्त दण्ड का रुपया भुक्तभोगी को देने की बात कही गयी थी। किन्तु आरोपियों से छोटू सिंह भोगता द्वारा डेढ़ लाख रुपया तो ले लिया गया परन्तु भुक्तभोगी महिला को अब तक नहीं मिली। उल्टे छोटू सिंह भोगता द्वारा भुक्त भोगी के पति श्री गंझू को मारपीट करने की धमकी दिया जाने लगा। पीड़िता ने जब देखा कि अब समाज में हमारा कोई न्याय नहीं मिल पा रहा है।तो अंत में सिमरिया थाना को आप बीती घटना की जानकारी लिखित रूप से देते हुए गिरफ्तारी कर कानूनी कार्रवाई की मांग किया है। भुक्तभोगी ने लिखित आवेदन में कहा है कि मैं बकरियों को जंगल की ओर चरा रही थी कि अचानक अकेला देख प्यारे लाल और राजेंद्र कुशवाहा दोनों मिल कर बाजबरन मेरे साथ बलात्कार किया। घटना के बाद आप बीती मामला अपने पति और ग्रामीणों को बताया। घटना का बीते लगभग अब 6 माह हो चुका है। चुकी छोटू सिंह और आरोपियों द्वारा हम लोगों को हमेशा इस घटना को किसी से जानकारी नहीं देने की बात कही जाती थी। जिसके डर से हम लोग सिमरिया थाना नहीं आ पा रहे थे। भुक्त भोगी ने कही है कि हम लोग गरीब एवं असहाय है। प्रतिदिन मजदूरी कर जीवन यापन करते आ रहें हैं मामले को बढ़ते देख हमलोगों पर दबाब बनाने के गर्ज से हीरा लाल और वीरेंद्र सिंह दोनों मारने पीटने की धमकी हमेशा देते आ रहें है। हमको डर है कि किसी भी वक्त हम परिवार के लोगों के साथ मारपीट की घटना का अंजाम दिया जा सकता है।

## गांव चलो अभियान के तहत बीजेपी ने किया जनसंपर्क व दीवार लेखन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** भारतीय जनता पार्टी ने गाँव चलो अभियान का शुभारंभ शनिवार को मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि, महामंत्री के नेतृत्व में दीवार लेखन व कमल फूल का चित्र बनाकर किया।वही बूथ संख्या 280,281 में केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओ के बारे में लोगों को बताया गया। वही कुंदा व चिलोई के प्रभारी मनोज यादव एवं चाया के प्रभारी बसंत यादव ने लाभार्थी जनसंपर्क अभियान भी चलाया। गाँव चलो अभियान कार्यक्रम के संयोजक सह सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता सभी गांवों में मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं, और आगामी लोकसभा चुनाव में उनका समर्थन मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी चुनाव को लेकर रणनीति का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए लाखो कार्यकर्ताओं को अपना संयोजक नियुक्त किया है। वही पार्टी नेताओं व बूथ अध्यक्षों ने भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल को दीवार पर उकेरा और भारत माता का जयघोष किया। वही गाँव चलो अभियान के तहत केंद्र की योजनाओं के बारे में लाभार्थियों को बताया गया। मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष सीमा प्रभात, बूथ अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, रविशंकर वर्मा, घनश्याम यादव, इंद्रदेव भारती समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर पत्थलगड़ा थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड में सरस्वती पूजा को लेकर हर त्योहार के जैसा दोनो समुदाय के बीच शांति वैवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक हुई जिस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी व संचालन थाना प्रभारी सचिन कुमार दास कर रहे थे बैठक में सरस्वती पूजा को लेकर विशेष चर्चाएं की गई बैठक में सभी प्रखंड पूजा समितियों को खास दिशा निर्देश दिया गया पूजा को लेकर पूजा समितियों को रूटचार्ट, विसर्जन के समय व तारीख तय किया गया साथ ही पूजा समितियों को हिदायत भी किया गया की फरवरी महीने के 15 से 17 तारीख के बीच आचार संहिता लागू हो सकता है जिसमे ष्ठ छ्व लॉडिस्पिकर बैन होने के साथ मूर्ति विसर्जन भी रुक सकता है इस लिए सभी पूजा समिति अपना दिए हुवे निर्देश का पालन करें इस बैठक में प्रखंड मुखिया अध्यक्ष संदीप कुमार सुमन, सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी, नवाडीह पंचायत पूर्व मुखिया मेघन दांगी, नोनगांव पंचायत मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा मेराल मुखिया नीतू देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विकास यादव सहित कई प्रखंड के जनता उपस्थित रहे

## सरस्वती पूजा को लेकर सिमरिया थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना परिसर में सरस्वती पूजा शांति पूर्ण मनाने को लेकर पारम्परिक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ विनय कुमार ने किया। बैठक में मौजूद बुद्दिजीवियों ने अपना अपना विचार प्रस्तुत किया और कहा सिमरिया में किसी तरह का कोई वादविवाद ना हुआ है ना होगा। चुकी यहां एक दुशरे के पर्वो को सम्मान करना जानते है साथ हीं सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर हंसी खुशी पर्व मनाते आ रहे हैं। यहाँ हमेशा की तरह शांति और सौहार्द पूर्व सरस्वती पूजा मनाई जाएगी। बीडीओ विनय कुमार ने कहा कि यदि कोई भी पूजा पंडालों या झांकियों में धर्मविरोधी गाना या भड़काऊ गाना बजा कर किसी की आहत करते पाया जाएगा तो उसे चिन्हित कर अविलंब उस पर कानूनी रूप से कार्रवाई किया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि पूजा पंडालों या झांकियों में कोई भी शराब के नशे में हुड़दूँगी करते पाया गया तो अविलंब शिकायत के आलोक में कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर प्रमुख रोहन साहू, एसआई दिलीप रज्जक, एसआई तापे, लखन साहू,परमेश्वर यादव, नेमधारी महतो, करम साहू, महाबीर साहू, प्रदीप साहू, भोला सिंह, मनोरंजन पासवान, दिलेश्वर महतो, अंतु प्रसाद, सुरेश पासवान, उपेंद्र यादव,चमन महतो, अर्जुन साहू, सुजीत कुमार, विनय स्वर्णकार, श्यामसुंदर कुमार, अजित सिंह, छोटू यादव के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** प्रखंड के सिकीदाग पंचायत के मदारपुर गांव में शनिवार से पांच दिवसीय 1008 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ।इससे पूर्व 501 श्रद्धालू भक्त शामिल हुए।जत्था मंदिर परिसर से कलश लेकर गाजे-बाजे के साथ भौरुडीह शिव मंदिर से होते हुए पुनःस्थित नदी जल सरोवर के तट पर पहुंचा।वहा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलबोझी की गई।इसके बाद कलश यात्रियों का जत्था जय बजरंगबली के जयकारे के साथ विभिन्न मार्गो से होते हुए भौरुडीह हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचा, जहां मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापित की गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं व युवतियों ने भाग लिया। स्थानीय मुखिया अनिता देवी ने बताया कि रविवार को वेदी पूजन व बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। वही इस महायज्ञ के अवसर पर 5 दिवसीय रामकथा का भी आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर पूर्व मुखिया ज्ञानती देवी समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव, यज्ञ समिति अध्यक्ष द्वारिका यादव, संजय यादव, बिजय यादव, प्रदीप यादव, सीकेन्द्र यादव, चंद्रिका यादव, संभु यादव, धीरेंद्र साव, नीतीश कुमार समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बलबल मां बागेश्वरी मंदिर प्रबंधन समिति की आज होगी बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में स्थित बलबल में रविवार को मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक मंदिर परिसर में की जाएगी। इस बैठक में मेला प्रबंधन समिति से जुड़े लोगों की उपस्थित होना आवश्यक है। बैठक सुबह 11:00 बजे से किया जाएगा। जहां मकर संक्रांति पशु मेला 2024 को सफल संचालन के बाद मेला एवं मंदिर की आय व्यय की हिसाब और मंदिर विकास एवं निर्माण संबंधित बातों पर विशेष विचार एवं चर्चा की जाएगी। इस आशय की जानकारी द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने दिया है। एवं सभी सम्मानित बुद्धिजीवी परबुद्ध ग्रामीण सदस्य गणमान्य सम्मानित धर्म प्रेमी सज्जन सभी सम्मानित प्रतिनिधि गण सभी सम्मानित लोगों को बैठक में बुलाया गया है। ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

## जिला आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, 71 लोगों का हुई जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के पेक्सा गांव में जिला आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। यह कार्यक्रम डॉ निरंजन शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पदाधिकारी के द्वारा करवाया गया। उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी नीलू कुमारी एएनएम योग प्रशिक्षक गौरी शंकर प्रसाद दांगी थे। जहां 71 मरीजों का बीपी शुगर हीमोग्लोबिन लिकोरिया गठिया साइटिका सर्दी खांसी बुखार का निशुल्क जांच किया गया। निशुल्क दवा वितरण किया गया। साथ में वैलनेस रहने के लिए जानकारी दी गई। तथा योगा के बारे में बताया गया। और इसके फायदा भी उपस्थित लोगों को बताया।और योग करने का तरीका बताया गया।

## सड़क सुरक्षा को लेकर +2 बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार के आदेशानुसार प्लस 2 बालिका उच्च विद्यालय लातेहार में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सेमिनार एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार सुरेन्द्र कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार प्रिंस कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम का शूभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्राओं के द्वारा सड़क सुरक्षा गीत एवं सड़क सुरक्षा से संबधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सभी छात्राओं से सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। ज़िला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि व्यस्क होने के उपरांत ड्राइविंग लाइसेंस बनवा कर ही वाहन का परिचालन करें।वाहन चलाते समय या वाहन पर बैठने के क्रम में हेलमेट एवं सीटबेल्ट का उपयोग अचूक रूप से करें एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग बिलकुल ना करें। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का अनुपालन आवश्यक है। विद्यालय की तरफ से प्रधानाध्यापिका ज्योति जत्शना, शिक्षक अनुराधा पांडेय के द्वारा छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन एवं जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## बच्चों के लिए विद्यादान, बड़ों के लिए सेवादान, समाज के लिए योगदान, इन्सानियत के लिए कीजिए रक्तदान : उत्तम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका नगर इकाई एसएफएस के द्वारा डिग्री कॉलेज मनिका में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता, सचिव जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू,अभाविप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार, जिला परिषद पश्चिमी मनिका बलवंत सिंह,नगर मंत्री सौरभ भारती ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता ने कहा कि डिग्री कॉलेज में एसएफएस के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर बहुत ही सराहनीय कार्य है, इस तरह के आयोजन से छात्रों में जागरूकता बढ़ती है,मैं यह भी यकीन के साथ कह सकता हूं कि जिस दिन प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में मात्र एक बार रक्तदान करना शुरू कर देगा तो उसी दिन से किसी की जान रक्त के अभाव से नहीं जाएगी। अपने जीवन का तीसरा रक्तदान कर रहे नगर मंत्री सौरभ भारती ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी की मेरे द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जिंदगी बचेगी।वहीं अपने जीवन का पहला रक्तदान कर रही छात्रा रुचि प्रिया व छात्र कार्तिक कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, हमारे मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है हमें समय समय पर रक्तदान करना चाहिए।प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने कहा कि हमारे रक्त का एक एक बूंद अमूल्य है, आज हमारे क्षेत्र मनिका में ही कई बच्चे थैलीसीमिया नामक बीमारी से जूझ रहे हैं उन बच्चों को हर महीने रक्त की जरूरत होती है, हमारे संगठन के द्वारा लगातार मनिका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, आगे उन्होंने कहा कि मनिका जैसे पिछड़े क्षेत्र में इस तरह के आयोजनों से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और उनके मन में रक्तदान को लेकर जो भी भ्रम है वो भी दूर होगा,आज इस शिविर से मनिका प्रखंड के तमाम सम्मानित जनता से अनुरोध करता हूं कि समाज कल्याण के लिए, इंसानियत के वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य कीजिए।

## आजसू पार्टी का मिलन समारोह कार्यक्रम 18 फरवरी को लातेहार में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार 18 फरवरी को लातेहार आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो का कार्यक्रम सह मिलन समारोह होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें विभिन्न प्रखंड के लोग आजसू का दामन थामेंगे। इसी कार्यक्रम कि तैयारी कि समीक्षा के लिए अनुशासन समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सुबोध प्रसाद का आगमन हुआ। जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आजसू के सभी नेता कार्यकर्ता ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।इस बैठक में मुख्य रूप से अनुशासन समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय केंद्रीय समिति सदस्य विशाल कुमार जिला प्रवक्ता नीतेश पाण्डे छात्र जिला अध्यक्ष अभिजीत कुमार जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव सचिव शयाम प्रसाद नितेश जयसवाल सुधांशु सिन्हा आदि आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** धनबाद रेल मंडल के केचकी रेलवे स्टेशन परिसर मे शनिवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय उपध्यक्ष मुरलीधर प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व मे एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों के साथ एक दिवसीय धरना दिया। मौके पर चौरसिया ने कहा कि केचकी रेलवे स्टेशन से देश बिदेश के पर्यटको का आना जाना लगा रहता है। लेकिन यहां कोरोना काल से सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहरना केचकी रेलवे स्टेशन पर बंद कर दिया गया। तब से यहां पर्यटको के साथ साथ आम ग्रामीणों को परेशानी बढ़ गई है। केचकी रेलवे स्टेशन से बेतला नेशनल पार्क और केचकी संगम की दूरी महज पांच से सात किलो मीटर है लेकिम यहां एक्सप्रेस का ठहराव नही होने से पर्यटको को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर उतरा पड़ता है। जिसके काफी परेशानी होती है।

## सांसद प्रतिनिधि ने दौरा कर किया दीवार लेखन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिह सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह, जिप सदस्य रमेश राम, ब्रजमोहन राम, शिवमंगल सिंह, लालदीप उरांव सहित कई भाजपाईयों ने गांव चलो अभियान के तहत 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डाढा, साल्वे, टोटी सिबला, अमरवाडीह सहित सभी पंचायत के गांव मे पहुँच कर घर-घर दिवार लेखन कर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल फूल का दीवारों मे चित्र बनाकर अभियान प्रारम्भ किया. एक बार फिर मोदी सरकार दिवार लेखन के क्रम मे मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र, शिव मंगल सिंह,ब्रजमोहन राम ने आसपास के ग्रामीण महिला पुरुष से पीएम मोदी द्वारा दिए गए लाभ उज्ज्वल योजना, पीएम किसान, आवास योजना सहित कई उपलब्धियां के बारे मे जानकारी लिया. साथ ही कहा की एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है. और आगामी चुनाव मे कमल फूल के निशान पर बटन दबाकर नरेन्द्र मोदी को विजयी बनना है, भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा सबका साथ सबका विकास मे कमयाब रही है, 10 वर्षो मे लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत ही अच्छा कार्य कर दिखया है. नरेंद्र मोदी की नेतृव मे देश आगे की ओर बढ़ा है, इससे देशवाशियों को मान सम्मान बढ़ा है। मौके पर कई भाजपाई व ग्रामीण मौजूद थे।

## सुधांशु सुमन ने क्षेत्र का किया भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी सुधांशु सुमन ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। वही अपने समर्थकों से मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव में चुनाव लड़ने का संकेत दिया। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के कई नेताओं से मिल चुका हूं। अगर मुझे भाजपा मौका देती है तो मैं इस क्षेत्र का सेवा करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी मैं इस क्षेत्र के सभी गांव का भ्रमण कर चुका हूं। एवं गांव की समस्याओं से अवगत होते हुए गांव की विकास के लिए एक्शन प्लान बना चुका हूं। गांव का विकास करना मेरी मुख्य प्राथमिकता होगी। वही सुधांशु सुमन ने बरक्षीया ग्राम पहुचकर शुक्रवार की देर रात हाईवा की चपेट में आने से नारायण गंझू एवम सावन गंझू की मौत होने के बाद उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया। व सरकार से मांग करते हुए कहा कि मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी व उचित मुआवजा दी जाए। इस मौके पर ईश्वरी साहू, फूलचंद गंझू, कामेश्वर गंझू, रणधीर प्रजापति, राजेश प्रजापति, समेत कई लोग मौजूद थे।

## गांव चलो अभियान के तहत भाजपा नेता पहुंचे बूथ स्तर पर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत शनिवार को बालूमाथ भाजपा के कई नेताओं ने बालूमाथ पंचायत के बूथ नंबर 142,143, 144,145,146 में पहुच कर दीवार लेखन किया ।एवम कमल फूल का निशान एवम फिर से एक बार मोदी सरकार के नारे लिखे। वहीं भाजपा नेताओं ने बूथ स्तर के कार्यकर्ता एवं मतदाता से मिलकर भाजपा द्वारा किए जा रहे विकास कार्य की जानकारी दी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रवासी प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि मोदी जी की गारंटी पर लोगों का विश्वास बढ़ा है ।लगातार तीसरी बार मोदी जी की सरकार बनाने के लिए हम भाजपा के लोग बूथ स्तर पर पहुंच रहे हैं ताकि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी हर कोई को मिले एवं आने वाला लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जीत दिला कर मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बना सके। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, गांव चलो अभियान के मंडल संयोजक विजय यादव, मंडल सह संयोजक अमित कुमार, जिला कार्यसमिति सदस्य संयज यादव, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, बूथ अध्यक्ष नरेंद्र रजक समेत कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची , रविवार, 11 फरवरी 2024 | पेज



## संक्षिप्त खबरें

### प्रमुख ने किया कोल्हू में ट्रासफार्मर का उद्घाटन



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीझरिया प्रखंड के कोल्हु गांव में टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने 63 केवीए ट्रासफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर एवं नारियल फोडकर किया। प्रमुख ने कहा कि यहां पुर्व में 25 केवीए का ट्रासफार्मर था जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी। ट्रासफार्मर में उपभोक्ताओ की संख्या ज्यादा थी जिससे लोगों को नियमित बिधुत नही मिल रहा था। लोगों की समस्या का समाधान करना ही पहली प्राथामिकता है। अभी विद्यार्थियों का परीक्षा का समय है। अब 63 केवीए के ट्रासफार्मर लगने से विधुत उपयोग करने में परेशानी नही होगी। मौके पर लालचंद मंडल,शंकर प्रसाद,राजेंद्र प्रसाद,संजय मंडल,प्रकाश प्रसाद,भुनेश्वर सिंह,पंकज मंडल,रविंद्र प्रसाद समेत अन्य उपस्थितथे।

### टाटीझरिया थाना में शांति समिति की बैठक आज

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में सरस्वती पूजा पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी अनुभव भरद्वाज ने शांति समिति की बैठक आहूत किया है। उन्होंने शांति समिति की बैठक को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के झरपो, भाराजो,खैरा,डूमर, धर्मपुर, डहरभंगा,टाटीझरिया, बेड़म पंचायत अंर्तगत विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधियों समाजसेवीयो प्रबुद्ध गणमान्य बुद्धिजीवि लोगों को शामिल होने का आग्रह किया ।

### प्रांतीय सुलेख एवं निबंध प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने लहराया जीत का परचम

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली,हजारीबाग के भैया अंकित कुमार प्रांतीय सुलेख प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार एवं बहन स्मृति ने निबंध प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार वही लक्ष्मी कुमारी ने निबंध प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार जीतकर विद्यालय का नाम रोशन कियाद्य आज विद्यालय की वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया साथ ही उन्होंने उन्हें बधाई एवं शुभकामना देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन विद्यालय के आचार्य बंधु -भगिनी एवं भैया- बहन उपस्थित थे ।

### इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का कल बरही रेलवे स्टेशन पर होंगा ठहराव, सांसद करेंगे उद्घाटन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही रेलवे स्टेशन पर रांची मधुपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18617- 18 का ठहराव के लिए रेलवे बोर्ड नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है। जिसका उद्घाटन हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा रविवार को बरही रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 18618 का ठहराव सुनिश्चित करने के लिए शाम 6¬30 से 6¬46 उक्त ट्रेन को हरि झंडी दिखा कर विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से बरही विधायक उमाशंकर अकेला भी आमंत्रित हैं। यह जानकारी रेल सलाहकार समिति धनबाद सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि चंदवारा चंद्र भूषण प्रसाद साहू व बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने दिया। उन्होंने बताया कि सांसद जयंत सिन्हा के प्रयास से इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का सौगात मिला है, जो बरही रेलवे स्टेशन में ठहराव सुनिश्चित हुआ है, जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बरही की जनता की ओर से सांसद को साधुवाद दिया है।

### पूर्व विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत गोबरबंदा गांव टावर मोहल्ला में 100 केबीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन लोकप्रिय पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत नारियल फोड़कर फिता काटकर किया। ज्ञात हो की बहुत दिनों से ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने के लिए मजबूर थे। ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा कई जनप्रतिनिधिगण को सुनाई पर किसी ने उनकी पीड़ा नही सुनी वही ग्रामीणों ने पूर्व विधायक श्री जानकी प्रसाद यादव को अपनी पीड़ा सुनाई। पूर्व विधायक ने त्वरित मामले को संज्ञान में लेते हुए उच्च अधिकारियों, पदाधिकारियों से बात करके ट्रांसफर्मर लगवाए। मौके पर प्रतिनिधियो में सिकंदर दास, उपप्रमुख सतेंद्र कुमार, विस्सूत्री अध्यक्ष मनोहहर राम, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार मेहता, पंसस प्रतिनिधि गोबिंद प्रसाद मेहता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि उमेश मेहता उपमुखिया प्रतिनिधि कैलाश मेहता, राजेन्द्र उर्फ राजू मेहता, काली मेहता, राजेश मेहता, पिंटू मेहता, सरफू अंसारी, मो0 सफीक अंसारी, रमेश मेहता, राजू मेहता, अनूप मेहता, अनिल मेहता, अर्जून मेहता, प्रकाश मेहता, जुगल मेहता सहित अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पिपरवार में हुई संयुक्त मोर्चा की बैठक में 16 फरवरी से हड़ताल को सफल बनाने का लिया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा की एक आवश्यक बैठक शनिवार की शाम जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय बचरा में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता जनता मजदूर संघ के सचिव रविन्द्रनाथ सिंह और संचालन सीटु के सचिव इस्लाम अंसारी ने किया।बैठक में आगामी 16 फरवरी से होने वाले देशव्यापी हड़ताल को पिपरवार क्षेत्र मे सफल बनाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक मे सर्वसम्मति से हड़ताल को सफल बनाने के लिए पिपरवार क्षेत्र के सभी परियोजना कार्यालय एवं पीट ऑफिस में गेट मीटिंग,पीट मीटिंग व नुक्कड़ मीटिंग करने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कोयला उद्योग मे कोयला खदान निजीकरण,श्रम कानून में परिवर्तन,एमडीए मोड में खदान को बेचने,शेयर मोड में कोयला खदानों को निजी कंपनियों को देने के विरोध में,चार लेबर कोर्ट लागू करने, ग्रेच्युटी भुगतान में त्रुटि,कोल इंडिया में सैफ के द्वारा हो रहे मजदूरों के साथ शोषण, अनफिट मजदूरों के जगह पर उनके आश्रित को बहाली करने सहित क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 16 फरवरी से देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की गई है।वक्ताओ ने कहा कि गेट मीटिंग के माध्यम से कोयला मजदूरों को जागरुक कर हड़ताल को सफल बनाने की अपील की जाएगी।

## माघी काली पूजा के अवसर पर रौशनलाल चौधरी ने जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के नापो कला मे माघी काली पूजा के शुभ अवसर पर आयोजित जागरण कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। माँ काली का आशीर्वाद लेते हुए उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया, तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण करते हुए, आयोजित भव्य जागरण का फीता काटकर



उद्घाटन किया। मौके पर नापो पंचायत के मुखिया गणेश साव, पूर्व मुखिया चन्द्रिका साव, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजा खान, प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस, आजसू नेता पप्पू कुमार दांगी, आजसू के वरिष्ठ नेता वीरेंदर यादव,ओबीसी के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा साव, कमल यादव, जग्गी महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## शांति सेवा सदन नर्सिंग होम के पास खड़ी, दो बाइक की हुई चोरी, थाने में आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग रोड स्थित शांति सेवा नर्सिंग होम के पास गेट के समीप से बीती रात शुक्रवार को लगभग 12¬20 बजे दो बाइक की चोरी हो गई। बाइक शांति सेवा नर्सिंग होम के संचालक विवेक सोनी की यामाहा कंपनी की फाइजर और बबलु राणा की बजाज कंपनी की पल्सर बाइक थी। मामले को लेकर नर्सिंग होम के प्रबंधक सुरेंद्र प्रसाद सोनी ने बड़कागांव थाने में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। प्रबंधक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा में दो नकाबपोश अज्ञात लोगों का मोटरसाइकिल को चुराकर हजारीबाग रोड की ओर भागते हुए वीडियो कैद हुआ है। वहीं पुलिस ने बताया की मामला दर्ज कर लिया गया है ,मामले की जांच की जा रही है।

## मगध संघमित्रा मे हुई द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल मगध संघमित्रा एरिया मे क्षेत्रिय स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ और संचालन एरिया सेफ्टी ऑफिसर शंभू नाथ ने किया।इस बैठक में मगध संघमित्रा एरिया के सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में सभी का स्वागत बुके देकर किया गया।बैठक मे कोयला



खदान में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा,मशीनों के रख-रखाव सहित खदानों की सुरक्षा संबंधी बातों पर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने कहा कि शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर उत्पादन कंपनी की प्राथमिकता है। इस तरह का बैठक समय-समय पर आयोजित कर कोयला खदानों की सुरक्षा पर समीक्षा की जाती है।साथ ही कोयला खदानों में सुरक्षा नियमों को सख्ती के साथ पालन करने पर जोर दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि है,जिसको लेकर मगध संघमित्रा प्रबंधन के द्वारा लगातार मजदूरों के बीच सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाता है,साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित कर मजदूरों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का काम किया जाता है।बैठक में सुरक्षा संबंधी बातों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए काम करने की अपील की गई।

## धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने नव पदस्थापित एसडीओ से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बरही में नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडु से उनके कार्यालय जाकर शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान उन्हें डायरी और बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद मुखिया ने बरही एसडीओ को अपने पंचायत की वस्तु स्थिति से अवगत कराया और कहा कि पंचायत के विकास में उनका सहयोग जरूरी है। जिसके बाद मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बरही प्रखंड मुख्यालय स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय पहुंचकर बीपीएम दीपक कुमार को स्थानांतरण पर बुके और डायरी देकर विदा करते हुए उनके सुखद जीवन की कामना की। साथ ही नव पदस्थापित बीपीएम



सुजाता सोनी को बुके और डायरी देकर स्वागत किया और उनसे बेहतर कार्यो की अपेक्षा की। कहा कि दीपक कुमार का कार्यकाल प्रशंसनीय है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने से लेकर उनके सभी समस्याओं के निदान को लेकर वह प्रयासरत रहते थे।

## बाबा साहेब औपचारिक मंच के संस्थापक विजय कुमार महतो का दूसरा पुण्यतिथि मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चरही क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी और बाबा साहेब औपचारिक मंच के संस्थापक विजय कुमार महतो का दूसरा पुण्य तिथि उनके आवाश व पुराना पंचायत भवन में शनिवार को मनाया गया। वही पुण्यतिथि में सभी लोगो ने उनको याद किए और सभी लोगो ने दो मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दिया। वही लोगों ने कहा को वो बहुत ही शांत स्वभाव के थे और सामजिक कार्यो मे हमेशा उनकी भूमिका रहती थी। उनका परिवार में उनकी पत्नी शांति देवी दो पुत्र गौतम कुमार गुलशन कुमार हैं । वही मुख्य रूप से जिला परिषद बासुदेव करमाली, पंचायत समिति आशा राय, उमेश सिंह,किशुन महतो ,विश्वनाथ महतो, दिनेश्वर महतो नीरज बेसरा, नीरज प्रसाद यादव, ललिता देवी, माधुरी



देवी , चरण करमाली, रमेश करमाली ,जीतू ठाकुर ,मनोज ठाकुर , बाबूलाल महतो ,दीपक ठाकुर,सुषमा देवी, नरेश महतो ,भारती देवी, कंचन महतो ,शुकर ठाकुर, मनोज महतो, प्रदीप महतो ,भोम्पल ठाकुर ,मोहन महतो ,विनोद महतो, मिथुन महतो ,अजय महतो, संदीप पटेल ,जंगल करमाली, पंकज कुमार सहीत कई ग्रामीण उपस्थित थे

## जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में प्रश्नोत्तरी सह परामर्श सत्र का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** 9वीं एवं 11वीं के विधार्थियों के लिए जिला स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार एवं समरिटन वेलफेयर फाउन्डेशन,हजारीबाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में प्रश्नोत्तरी सह परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व काउंसलर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ,विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा,जिला शिक्षा अधीक्षक उपेंद्र राय एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित शिक्षाविद् अशोक कुमार थे। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्या द्वारा पुष्प गुच्छ से किया। उपायुक्त ने अपने कैरियर काउंसलिंग के लिए सेवा के विभिन्न आयामों को छात्रों के सामने रख उनके भविष्य



निर्माण के रास्ते बताए।

उन्होंने बताया की जीवन में बहुत सारी परेशानियां होती है कैरियर के चुनाव को लेकर जिसमे हमें कभी कभी परिवार का साथ भी नही मिलता परंतु हमे इससे परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम खुशकिस्मत है की हमे अपने परिवार,शिक्षक का साथ एवं सहयोग मिला जिससे आज हम और आप यह मौजूद है। हम सब को मिल कर पूरे झारखंड में इस विद्यालय को शिखर में ले जाना है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय वैश्वीकरण का हैं। कोई भी क्षेत्र में अगर बेहतर करना है तो शिक्षा ही एक मात्र मार्ग है। और इसके लिए न्यूजपेपर की महता को बताते हुए उसको पढ़ने पर बहुत जोर दिया खासकर इंग्लिश न्यूज पेपर जिससे आप जिंदगी की सारी उपलब्धि हासिल कर सकते है।आप किसी से कम नही है बस स्वयं को पहचानते हुए बेहतरीन तरीके से तैयारी करना है। स्वयं को शांत रख कर चूने गए विषय के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल कर आगे बढ़ना चाहिए । हमें स्वयं अपने जीवन व भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। सरकारी गर्ल्स स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय और जिला स्कूल के 100 छात्रों ने सभी चार उत्कृष्ट स्कूलों, जिला स्कूल, सरकारी गर्ल्स स्कूल, चार्ली एन बरही के 30 शिक्षकों के साथ भाग लिया।एवं बेहतरीन करने वाले बहुत छात्र छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बहुत सारे शिक्षको के साथ सीएम गवर्मेनेट गर्ल्स स्कूल की प्राचार्य सुजाता कुमारी थी।

## झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर वार्डन ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र सवांददाता**

**दारू :** झारखंड बालिका आवसीय विद्यालय हरली में नामांकन को लेकर विद्यालय प्रशासन व जिला पार्षद , प्रमुख् व मुखिया के साथ शनिवार को विद्यालय प्रांगण में बैठक हुई। इस् विद्यालय में कक्षा 6 से लेकर क्लास 9 तक के बच्चों का नामांकन लिया जाएगा। नामांकन के लिए प्रपत्र विद्यालय से वितरित किया जा रहा है।प्रपत्र जमा करने का अंतिम तिथि 9 मार्च तक निर्धारित है। बैठक में निर्णय लिया गया कि नामांकन पारदर्शिता रखने के लिए प्रपत्र जमा होने के बाद पंचायतवार सूची तैयार किया जाएगा। सूची तैयार होने के बाद नामांकन चयन समिति के बैठक में क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने पंचायत के उम्मीदवारों का अनुमोदन सरकार के गाइड लाइन के अनुसार करेंगे।पंचायत प्रतिनिधियों के अनुमोदन के अलावे



भी छितिज बच्चे, दिव्यांग माता पिता के बच्चे, अनाथ एवं बिल्कुल असहाय बच्चों के नामंकन को प्राथमिकता दी जाएगी। इस वर्ष कक्षा 6 में 50 ,कक्षा 7 में 25 , कक्षा 8 में 43 व कक्षा 9 में 43 बच्चे का नामांकन लिया जाएगा।इस मौके पर जीप सदस्य गीता देवी, प्रमुख कुमारी स्वेता, उप प्रमुख कौशिल्या देवी,विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबु, मुखिया फरजाना खातून,अनिता देवी, सुनील कुमार, अनिल देव, सोनी देवी, महेंद्र मुर्मू , पंसस गीता देवी, रामाशीष प्रसाद, मो फारूक, धनपत प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, विद्यालय कि वार्डेन चंचला कुमारी व अकाउंटेंट राजेन्द्र प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बरही के तेलोडीह व सिंहपुर के बीच देवानियानाला पर विधायक ने किया पुल का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही के तेलोडीह व सिंहपुर के बीच करीब ढाई करोड़ की लागत से बनने वाला देवानियानाला के पास पुल का शिलान्यास किया। इस दौरान सभा का भी आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता व संचालन प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने किया। पुल का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, रघुवीर यादव, बासुदेव यादव, युवा नेता अमित जायसवाल, प्रकाश यादव आदि मौजूद थे। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि तेलोडीह और सिंहपुर के बीच में



देवानियानाला के पास पुल की सख्त जरूरत थी। बरसात के समय मे ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही थी, जिससे अब ग्रामीणों को निजात मिलेगा। वहीं उन्होंने बताया कि इस पुल के बनने से पांच पंचायत के ग्रामीण लाभान्वित होंगे, जिसमें विजैया, भंडारों, डपोक, मलकोंको व दुलमाहा के ग्रामीण शामिल है। वहीं उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हर एक गांव की मुझे चिंता है, हर जगह पर सड़कों का जाल व पुल का निर्माण किया जा रहा है। बड़ाकर नदी में मैंने पांच पुल बनवाने का काम किया है, बहुत जल्द ही 40 सड़कों का शिलान्यास करेंगे। वही संचालन कर रहे अब्दुल मनन वारसी ने कहा कि बरही विधायक के नेतृत्व में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जहां पर पुल की जरूरत है वहां पुल बनाया जा रहा है, बरही विधायक को इसलिए विकास पुरुष कहा जाता है। इस दौरान ग्रामीणों में खूब लाल यादव, जितेंद्र सिंह, संजय यादव, सोना यादव, श्याम सुंदर यादव, बुलाकी यादव समेत भारी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण शामिल थे।

## खूंटी व तोरपा में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति किया गया जागरुक



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिवहन पदाधिकारी,खूंटी के निदेशानुसार सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला मुख्यालय स्थित हिंदी मध्य विद्यालय के छात्रों के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर प्रभात फेरी निकाली गयी। इस दौरान सभी राहगीरों से सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन करने का अनुरोध किया गया। छात्रो को सड़क सुरक्षा यातायात नियमो के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दरम्यान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि व्यस्क होने के उपरांत ड्राइविंग लाईसेंस बनवाकर ही वाहन का परिचालन करें। वाहन चलाते समय या वाहन पर बैठने के क्रम में हेलमेट एवं सीटबेल्ट का उपयोग आवश्य करें। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग हरगिज ना करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का अनुपालन अतिआवश्यक है। इस दौरान प्रधानाध्यापक रघुनाथ महतो, जवाहर लाल, आभा भेंगरा तथा उषा किरण उपस्थित थीं। सड़क सुरक्षा माह को लेकर सदर अस्तपताल, खूंटी में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगो के आखों का निःशुल्क जांच कर चिकित्सकीय परामर्ष दिया गया। वहीं तोरपा प्रखण्ड में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से सभी लोगो को यातायात नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगो को प्रभावशाली ढंग से साइनेज, ट्रैफिक लाईट, हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुआवजा एवं गुड समारीटन के विषय में जानकारी दी गई।

## बुंडू के सिम्बायोसिस पब्लिक स्कूल 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया



**बुंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू स्थित सिम्बायोसिस पब्लिक स्कूल में शनिवार को को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों को तिलक लगाकर अभिनंदन किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुई एवं छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सब का मन मोहा।इस दौरान खुशी प्रमाणिक को मिस फेयरवेल और सौरव राज को मिस्टर फेयरवेल का खिताब दिया गया। एल्बर्ज़ नौशाद को मिस्टर स्टनिंग और कुमकुम कुमारी को मिस स्टनिंग के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए पलों को साझा किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर बोर्ड परीक्षा में सफलता की मंगल कामना की गई। शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या तराना बेगम ने कहा कि परीक्षा की तैयारी उत्सव की तरह करें परीक्षा के दौरान अपने आप को तनाव मुक्त रखें एवं समय का पूरा-पूरा सदुपयोग करते हुए धैर्य के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ते रहो।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फ़ाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने शुभारंभ सदर अस्पताल रामगढ़ से किया मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवन्त कुमार भट्ट, सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद नजारत उपसमाहर्ता रविन्द्र कुमार गुप्ता, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज सहित अन्य अधिकारियों व चिकित्सकों के साथ फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाकर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त को 10 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने हेतु तैयार माइक्रो प्लान आदि की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन सहित अन्य सभी अधिकारियों, चिकित्सकों आदि को लोगों को अपने सामने ही फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने अपने बचपन में फाइलेरिया रोग से संबंधित मामले का जिक्र करते हुए सभी को फाइलेरिया रोग से बचाव को लेकर जागरूक किया। साथ ही उन्होंने रोग से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने का भी कार्य किया। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के पहले दिन उपायुक्त ने सदर अस्पताल रामगढ़ में सेल्फी अभियान में हिस्सा लिया वहीं लोगों को फाइलेरिया रोग एवं इससे बचाव के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




## कांग्रेस ने अरगड्डा में बैठक कर सिरका सेल में लगातार भ्रष्टाचार पर प्रशासन की चुप्पी को लेकर उठाए सवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा के कांग्रेस कार्यालय के प्रांगण में शनिवार को कांग्रेस जिला रामगढ़ महासचिव समसूद खान की अध्यक्षता व बबलू कुमार के संचालन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिरका लोकल सेल में बेरोजगारो के हक, अधिकार को लेकर आंदोलन लगातार जारी रखने का निर्णय लिया गया। अवसर पर मुख्य वक्ता समसूद खान ने कहां कि सिरका सेल संचालन समिति व प्रशासन के गतिविधि पर कांग्रेस की निगाह बनी हुई हैं। आखिर इतना भ्रष्टाचार के बावजूद प्रशासन ने चुप्पी क्यों साध रखी हैं, सिरका सेल में खुल्लम-खुल्ला लूट खसोट मचा हुआ हैं, इतना जानने के बाद भी प्रशासन चुप हैं, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए बहुत जल्द कांग्रेस पार्टी सिरका लोकल सेल का चक्का जाम करेगी। बैठक में इमरान अंसारी, राहुल सिंह, अमर मुंडा, जेठू बेदिया, सिकंदर मुंडा, विनोद टोपनो, अजय कुमार, हसन अंसारी, तबारक अंसारी, ललन राम समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## कोल इंडिया का शेयर बेचकर कोयला मजदूरों का अस्तित्व मिटाना चाहती है केन्द्र की मोदी सरकार : बिधांचल बेदिया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उरीमारी के पोटंगा परियोजना स्थित शनिवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन की सभा हुई। वहीं इस सभा की अध्यक्षता महादेव मांझी व संचालन संजय शर्मा ने किया। वहीं इस सभा में 16 फरवरी को कोल इंडिया सहित देश व्यापी व औद्योगिक हड़ताल को सफल बनाने पर चर्चा किया गया। संयुक्त मोर्चा के संयोजक बिधांचल बेदिया ने कहा कि कोल इंडिया का शेयर बेचकर कोयला मजदूरों का अस्तित्व मिटाना चाहती है केन्द्र की मोदी सरकार। इसलिए हमलोग को सावधान रहने की जरूरत है। वहीं बिन्धाचल बेदिया ने यह भी कहा कि 16 फरवरी की हड़ताल एतिहासिक होगी। और वहीं इस सभा में बासुदेव साव,डा जीआर भगत,अशोक गुप्ता, अर्जुन सिंह, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, चमन मुंडा, विश्वनाथ मांझी, बिनोद साव, सुरेश सिन्हा, जगरनाथ पासवान, गणेश राम,कजरू उरांव, इन्द्रदेव राम,शिव चरण करमाली, आजाद भुइयां, सुरेश राम, गोबिंद करमाली, दशरथ सिंह, निरंजन पटेल,डीपी मेहता, संजय कुमार, गोपाल यादव आदि लोग मौजूद थे।

## जनता के हर सुख दुःख में आजसू पार्टी साथ खड़ी हैं : नीरज मंडल

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ कोइरी टोला निवासी जयबीर महतो की बीमार होने की सूचना मिलते ही उनके घर पहुंचे खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, नंदू महतो द्य मौके पर नीरज मंडल ने कहा कि जय बीर महतो कुछ दिन पूर्व पेरालैशिश बीमारी से ग्रशित हो गए थे, जो की खुदरा सब्जी बेच कर अपना जीवन यापन करते हैं जिसकी सूचना सचिव संजय कुशवाहा ने विधायक सुनिता चौधरी को दी द्य विधायक सुनिता चौधरी के निर्देश पर हमलोग इनके आवास में मिलने पहुंचे ओर हाल चाल उनके परिजनों से मिल कर जाना और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया और कहा की जब भी जरूरत हो दिन या रात हमलोग आपके साथ खड़े हैं द्य मौके पर खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, नंदू महतो, प्रकाश महतो, मोजूद थे।



# भाजपा रामगढ़ नगर परिषद की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद बैठक भरेच नगर सांडी अग्रसेन डीएवी के समीप संपन्न हुआ । बैठक कि अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद साहू ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड मंत्री हरि कुशवाहा ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी उपस्थित हुए । इस बैठक में गांव चलो अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में सामग्री वितरण किया गया बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार लोकसभा चुनाव में 400 पर का संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए गए कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक बुथ स्तर पर बैठक करके योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देना नए मतदाता को जोड़ना मतदाता सूची का निरीक्षण करना, नमो ऐप सरल ऐप डाउनलोड करना युवाओं किसान समूह व्यवसाय समूह से मिलना विकसित भारत को ब्रांड एंबेसडर बनना प्रतिभावान विद्यार्थी खिलाड़ी शिक्षक छात्र-छात्राओं से बैठकर सम्मानित करना भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को सम्मानित करना धार्मिक स्थलों का दर्शन, 2024 में 51त्न से अधिक वोट का लक्ष्य 11 फरवरी को प्रत्येक बूथ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय डीके पुण्यतिथि बनाना आदि शामिल है इस बैठक में रामगढ़ नगर परिषद के गांव चलो अभियान के प्रभारी संजय साह ने विस्तार पूर्वक बातें रखी बैठक में जुआ मोर्चा प्रदेश सदस्य पप्पू झा विजय गिरी कमलेश बिटिया नरोत्तम सिंह रंजीत प्रसाद साहू वीरेंद्र प्रसाद रामचंद्र मुंडा दुलाल पांडा राजेश प्रजापति मुकेश ठाकुर राजदीप प्रसाद साहू राजकुमार महतो मांडू विधानसभा के विस्तारक राजा सिंधु महतो रामगढ़ विधानसभा के विस्तारक देवाशीष प्रधान शामिल थे।



## द लीजेंड रीबॉन : काइनेटिक ग्रीन ने ई-लूना लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के अग्रणी निर्माता, काइनेटिक ग्रीन ने आज एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में गर्व से बहुप्रतीक्षित ई-लूना पेश किया, जो उन्नत तकनीक और सुविधाओं के साथ एक स्टाइलिश, बहु-उपयोगी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है। नई दिल्ली। प्रतिष्ठित लूना के इस बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक संस्करण का अनावरण भारत सरकार के माननीय सड़कपरिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के हाथों, भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, डॉ. हनीफ कुरेशी, आईपीएस, के साथ किया गया। भारत सरकार, काइनेटिक ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अरुण फिरोदिया और काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने इस महत्वपूर्ण अवसर को बहुत महत्व दिया। ई-लूना अद्वितीय बहुमुखी प्रतिभा के साथ एक अनूठी पेशकश के रूप में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में खड़ा है। यह नवाचार का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि इसे व्यक्तिगत आवागमन और छोटे व्यवसायों के लिए विभिन्न अनुप्रयोगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी उन्नत इलेक्ट्रिक तकनीक और नवीन विशेषताएं पर्यावरण के अनुकूल और अत्यधिक समकालीन सवारी अनुभव में योगदान करती हैं। ई-लूना एक हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर है जो 100त्न डिजाइन, इंजीनियर और भारत में निर्मित है, जिसमें स्टाइलिश डिजाइन, अत्यधिक बहुमुखी अपील, अत्यधिक किफायती कीमत पर लंबे समय तक चलने वाले निर्माण के साथ-साथ उन्नत हरित तकनीक की पेशकश की गई है। कीमत। ई-लूना को इस दृष्टि से डिजाइन किया गया है कि केवल वर्ग ही नहीं, बल्कि आम जनता भी ईवी क्रांति में भाग ले और बड़ी बचत और शोर रहित, उत्सर्जन-मुक्त सवारी के ई-मोबिलिटी के लाभों से लाभान्वित हो।



## राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने पोटंगा वर्कशॉप का निरीक्षण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के पोटंगा वर्कशॉप में शनिवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने अपने सभी पदाधिकारियों के साथ वर्कशॉप मे संचालित मशीन, सेफ्टी रूम, मजदूरो का विश्राम गृह,कैन्टीन आदि का निरीक्षण किया। इसदौरान राजू यादव मजदूरों की समस्याओ से रुबरु हुए। वहीं मजदूरों ने भी संडे कटौती को लेकर उनसे चर्चा किया। सभी समस्याओ को देखते हुए क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा मजदूरों की जोभी समस्याए है उसे हल कर लिया जाएगा। कोयला मजदूरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रबंधक से वार्ता कर यहा जल्द ही एक कांफ्रेंस रूम बनवाया जाएगा, सेफ्टी रूम जर्जर हालत में है उसे जल्द ही रिपेयर करवाया जाएगा, मशीनो को सफाई करने के लिए एक अलग से मोटर पम्प लगवाया जाएगा। मजदूरो को पीने का पानी के लिए समरसेबुल मशीन दिलवाया जाएगा। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, डा जीआर भगत, गणेश राम, बाल्मिकी यादव, विश्वनाथ मांझी, बिशल सोरेन,अलि खान, हकिम मांझी, कजरू उरांव, गोपाल टुडू, संजय कुमार यादव, राजकुमार महतो, बिनोद प्रजापति, सतेन्द्र राम, रामेश्वर महतो, आदि लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ एसपी ने पांच पुलिस निरीक्षकों को किया पदस्थापित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने जिला में आए पांच पुलिस निरीक्षकों को पदस्थापित किया है द्य पुलिस निरीक्षक अजय कुमार साहू को रामगढ़ थाना का प्रभारी बनाया गया हैद्य वहीं जिला के पतरातू अंचल, गोला अंचल जो रिक्त थाद्य उसमे नए पुलिस निरीक्षकों को पदस्थापित किया गया है द्यपुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला के पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को बनाया हैद्य वही पतरातू अंचल का पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह को बनाया गया हैद्य गोला अंचल का पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार को बनाया गया हैद्य यातायात थाना प्रभारी रजत कुमार को बनाया गया हैद्य वही रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे को बनाया गया हैद्य पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने अपने आदेश में कहा है कि सभी पुलिस निरीक्षकों को 24 घंटे के भीतर पदस्थापन स्थल पर योगदान देना हैद्य जानकारी के अनुसार रामगढ़ जिला में पदस्थापित पुलिस निरीक्षकों का तबादला दूसरे जिलों में कर दिया गया हैद्य इसके बाद से कई थाना के प्रभारी और महत्वपूर्ण पद खाली थे।

## नॉर्थ उरीमारी साइडिंग का कोल मंत्रालय की अपर सचिव रूपिन्द्र बरार ने निरीक्षण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** भारत सरकार की कोल मंत्रालय से आई हुई अपर सचिव रूपिन्द्र बरार ने शनिवार को सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी नोर्थ रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह भी मौजूद रहे।वहीं निरीक्षण के क्रम में अपर सचिव रुपिन्द्र बरार ने न्यू बिरसा परियोजना एंव उरीमारी परियोजना का भी मुआयना किया। वहीं अपर सचिव रूपिन्द्र बरार के द्वारा महाप्रबंधक अजय सिंह को जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं इस मौके पर रांची हेडक्वार्टर की टीम, बिरसा परियोजना मैनेजर रामेश्वर मुंडा आदि लोग मौजूद थे

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में वार्षिक महोत्सव मनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में वार्षिक



महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को पुष्प कुछ भेंट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मंजीत सिंह रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधक अध्यक्ष ने अपने भाषण के द्वारा सभा को संबोधित किया। बच्चों ने रंगारंग स्वागत गान एवं नृत्य कर सभी का मन नहीं लिया।विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने सुंदर नृत्य और गायन से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। बच्चों ने स्वागत गान से सभी का स्वागत किया फिर भक्ति गीत,गुरुद्वारा नर्सरी स्कूल द्वारा घूमर गीत,चन्द्रयान अधिनियम अंग्रेजी प्रहसन, हैप्पी डांस नर्सरी एलकेजी द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा कठपुतली का अभिनय भी दिखाया गया ।देशभक्ति नृत्य गुरुद्वारा नर्सरी स्कूल और डिज्नी जो बच्चों को अति प्रिय है वह यूकेजी के बच्चों ने दिखाया ।थीम पर यूकेजी के बच्चों ने डांस दादा-दादी के द्वारा फैशन शो प्रस्तुत किया गया। दादा दादी का परिवार में क्या महत्व है यह बच्चों ने लोगों को बताया और लोगों को यह दिखाया कि बच्चे और बूढ़े दोनों एक होते हैं दोनों को प्यार की जरूरत होती है। कार्यक्रम में भाई-बहन से जुड़े नृत्य भी प्रस्तुत किए गए जिसमें दोनों से जुड़े प्यार क्यों दिखाया गया और बताया गया कि दोनों कितना भी क्यों न लड़ी पर दोनों एक है ।पर्यावरण को बचानेका संदेश बच्चों ने अपने नाटक के माध्यम से दिया कि अगर धरती पर पेड़ हैं तो ही हम सुरक्षित हैं अगर हम इन्हें काट देंगे तो हमारा जीवन नष्ट हो जाएगा। बच्चों ने हिंदी नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि बच्चों के लिए संस्कार और उनके परिवार कितने महत्व रखते हैं फिर नन्ही मुन्ने कलाकार बच्चों मे डिस्को नृत्य किया ।सर्कस से जुड़े नृत्य को लोगों को दिखा आकर्षित किया।अर्ध शास्त्रीय नृत्य तथा फ़ोन की लत बच्चों के लिए कितनी घातक हो सकती है उन्होंने अपने अभिनय के माध्यम से बताया ।कवाली,नागपुरी,भांगड़ा नृत्य कर सब का मन मोह लिया। विद्यालय के कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि डॉ मंजीत सिंह ने भाषण दिया और विद्यालय के प्रबंधक कमेटी के द्वारा विद्यालय के उन बच्चों को मूवमेंट को दिया गया जो बहुत अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## मगनपुर पंचायत सचिवालय में अग्रगति कैलाश सत्यार्थी के द्वारा की गई बैठक

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के मगनपुर पंचायत सचिवालय में शनिवार को अग्रगति कैलाश सत्यार्थी टीम के द्वारा एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में बच्चों के उजवल्ल भविष्य को लेकर बातें की गई तथा सरकारी योजना के लाभ से कोई वंचित न रहे उस संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर पंचायत के मुखिया नुरुल्लाह अंसारी, तसनीम फैजी, विद्यालय के अध्यक्ष कुलेश्वर महतो के द्वारा अग्रगति टीम के भागीरथ महतो, भुनेश्वर महतो, रीता देवी, गौतम कुमार शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## भाजपा भुरकुंडा मंडल का मुहिम गांव चलो अभियान शुरू

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भुरकुंडा में भारतीय जनता पार्टी की अभियान और योजनाओं के माध्यम से शनिवार को गांव चलो अभियान भुरकुंडा मंडल में शुरू किया गया है। वहीं इस मुहिम में भाजपा के द्वारा शनिवार को बुथ प्रवासियों को बुथ सामग्री देकर शुरुआत किया गया। वहीं बुथ सामग्री वितरण का शुभारंभ गांव चलो अभियान के संयोजक नारायण चंद्र भौमिक, मंडल संयोजक योगेश दांगी के द्वारा किया गया। वहीं इस मौके पर जगतार सिंह, अशोक सोनी, युगल नायक, ज्योति सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## पुराना टावर काटने के दौरान, बड़ा हादसा टला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** थाना रामगढ़ क्षेत्र के कोलयरी सिरका परियोजना के रेलवे साइडिंग के समक्ष उस वक्त खलबली मच गई, जब शनिवार को करीब दोपहर 1:30 बजे स्क्रैप कटिंग के दौरान पुराना सीएचपी टावर का बड़ा हिस्सा रेलवे लाइन तार व भूली क्वार्टर जाने वाले लाइन पर जा गिरा। इससे अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करीब आधा दर्जन से अधिक स्क्रैप कंपनी के कर्मियों के द्वारा पुराने लोहे टावर को काटने का कार्य किया जा रहा था। तभी अचानक टावर रेलवे लाइन बिजली तारों की ओर जा गिरा। इसके बाद रेलवे साईडिंग के आस-पास झाड़ियां में आग भी लग गई। जिसे किसी प्रकार बुझाने का प्रयास समाचार लिखे जाने तक किया जा रहा था। घटना में हताहत होने की खबर नहीं मिली हैं। सूत्र बताते हैं कि यह घटना सुरक्षा की अनदेखी के कारण घटी हैं। जिसकी जांच होने पर सच सामने आ जाएगा।

## नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने शिष्टाचार मुलाकात किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने पतरातू अंचल में नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विरेन्द्र राम से मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र एवं कलम देकर सम्मानित करते हुए उनका पतरातू मे औपचारिक स्वागत किया।वहीं सुजीत कुमार पटेल ने परिचय बैठक में कहा कि पतरातू प्रखण्ड में शांति व्यवस्था सहित क्षेत्र कि एक बडी समस्या है नशा खोरी है जिसमे कडाई से लगाम लगाई जाए। चूँकि इसके लत में पतरातू वं सपूर्ण कोयलांचल क्षेत्र है नशा खोरी पूर्ति के लिए चोरी चमारी वं छिनतई कि घटना बढ गई है इस पर पुलिस पब्लिक मैत्री संबंध से लगाम लगाई जाए। मौक पर सुजीत कुमार पटेल, डा.कृष्ण कांत्त शर्मा, नईम अंसारी, सुबेदार हृदय नारायण, विद्यायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडे, कृष्णा सिंह, जयंत तुरी, संजय सिंह, अशोक प्रसाद, संजीव सिंह, अनिल कुमार, मो.शकरूल्लाह, विक्कू रजक, तारिक रजा, अयाज आलम , जयदेव प्रसाद, राज रानी देवी सहित दर्जनो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** डॉ एस राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में गाइडेंस काउन्सलिंग × प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान सी टेट , जे टेट × अन्य कम्पटीटिव परीक्षा अन्य से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गयाद्यजिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संजय कुमार तिवारी निर्देशक, पतंजलि आई. ए. एस. अकेडमी विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार सिन्हा प्राचार्य, पतंजलि आई. ए. एस. अकेडमी अतिथि श्रीमती स्मिता एचआर व मीडिया इंचार्ज , पतंजलि आई.ए.एस. अकेडमी मातृ संस्था जनआंकाक्षा सोसाइटी के सचिव मणिकांत सिन्हा,महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा तथा महाविद्यालय के सभी शिकक्षगण द्वारा डॉ एस राधाकृष्णन् के फोटो चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बी.एड महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने विषय प्रवेश करते हुए एक दिवसीय कार्यशाला की उपयोगिता,अतिथियों को अभिनंदन किया और साथ प्रशिक्षुओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। श्रीमती स्मिता के द्वारा प्रशिक्षुओं को प्रतियोगिता से संबंधित सीटेट,जेटेट, जेपीएससी की तैयारीके बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई, क्रमशः मनोज कुमार सिन्हा प्राचार्य, पतंजलि आई.ए.एस. अकेडमी ने प्रशिक्षुओं को शिक्षक एवं आईए. एस. बनने संबंधी बातें कहीं। डॉ संजय कुमार तिवारी ने विस्तारपूर्वक सीटेट , जटेट , राज्य लोक सेवा आयोग संघ लोक सेवा आयोग, नेट , पाठ्यक्रम कैसे तैयारी करे, समयावधि संबंधी बातों पर चर्चा किया एवं प्रशिक्षुओं से प्रश्नोत्तरी का जवाब दिया। प्रश्न पूछने वाले प्रशिक्षुओं में आनंद कुमार गुप्ता, सुभानु प्रसाद, पूजा कुमारी, मोनिका, मुस्कान, भारती, प्रिया, अनिता, प्रियदर्शनी, विवेक, बबीता, चांदनी, चंचल, अशोक करमाली इत्यादि रहे। कार्यशाला के प्रभारी बाबुचंद प्रसाद के अथक प्रयास एवं मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।




## रणधीर वर्मा अंतर जिला प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 में शामिल होने रामगढ़ की टीम हजारीबाग रवाना हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित रणधीर वर्मा अंतर जिला प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 24 के सेशन में रामगढ़ जिला की टीम हजारीबाग रवाना हुई हजारीबाग में दिनांक 11 फरवरी 2024 को प्रथम मैच रामगढ़ जिला का हजारीबाग से खेला जाएगा द्वितीय मैच गोड्डा जिला से एवं तृतीय व अंतिम मैच गढ़वा के बीच लीग मैच में पार्टिसिपेशन करने के लिए रोशन कुमार के कप्तानी में 15 सदस्यो की टीम रवाना हुई टीम मैनेजर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य महेंद्र राणा, टीम कप्तान रोशन कुमार, उपकप्तान कैफ आलम टीम के अन्य सदस्य ऋषिकेश तिवारी,अभिषेक आर्यन, राहुल राज, दिव्यांशु राज, अरुणनिशि राज, दिव्यम राज, सामंत कुमार,वामिक राजा, आदित्य सिंह, राहुल कुमार वर्मा एवं मोहम्मद सोहेल टीम के सदस्यों को रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव अरुण कुमार राय ने एवं दूरभाष के माध्यम से अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने टीम को हजारीबाग के लिए रवाना किया अरुण कुमार राय ने कहा कि वर्तमान सत्र में अंतर जिला का प्रथम मैच प्रारंभ हो रहा है टीम बहुत ही बैलेंस है अच्छा प्रदर्शन करके वापस आएगा।



## डीएवी बनियाहीर में विदाई समारोह का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बनियाहीर में कक्षा 12 के वाणिज्य और विज्ञान वर्ग के छात्रों की आगामी बोर्ड की परीक्षा की सफलता हेतु मंगलमय कामनाओं के साथ विदाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। विदाई कार्यक्रम के आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु कक्षा 11वीं के छात्रों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 11वी के छात्र सन्नी और अर्चिता दास ने किया। इस अवसर पर 11वी के छात्राओं के द्वारा अत्यंत मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य सुब्रतो मोदक ने उपस्थित छात्र -छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि तनाव मुक्त हो कर परीक्षा दें। जीवन में सर्वदा प्रगति करें और जीवन के हर क्षेत्र में सर्वदा सफल हों। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रमन रॉय, शुभांकर सरकार, देवेंद्र पाणिनि, सर्वेश्वर मिश्रा आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल निर्देशन सोमा बनर्जी ने किया। परम्परा के अनुरूप मिस्टर डीएवी सुशांत कुमार और मिस डीएवी आइशा नूर को चुना गया।

## डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में विदाई समारोह संपन्न



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में एक भव्य समारोह का आयोजन कर शनिवार को कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर यज्ञ एवं हवन का भी आयोजन हुआ तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस समारोह का आयोजन एवं सफल संचालन कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया तथा उनके सम्मान में आकर्षक नृत्य एवं मन-मोहक संगीत प्रस्तुत किए गए। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने बच्चों को विदाई देते हुए कहा कि आप शानदार दिख रहे हैं, हम अलविदा अलविदा कह रहे हैं और दूसरी ओर आपके पंख इतने मजबूत हो चुके हैं कि हमारी महिमा स्थापित करने के लिए बाहरी दुनिया में उड़ान भर सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में हर सपने को पूरा करने की सभी संभावनाएं विद्यमान है,परंतु एक अच्छा नागरिक बनना पहला कर्तव्य होना चाहिए। इस आयोजन के दौरान सर्वश्रेष्ठ नर्तकी का पुरस्कार शुभा समृद्धि एवं नर्तक प्रिंस कुमार को दिया गया वहीं दूसरी और श्रेष्ठ गायिका का पुरस्कार गुणी कुमारी को दिया गया। दो वर्षों तक श्रेष्ठ अनुशासन का पालन करने के लिए कृष वर्मा तथा स्नेहा दत्ता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के हेड बॉय एवं हेड गर्ल मास्टर आर्कादीप एवं मिस राखी शर्मा को मोस्ट पॉपुलर का खिताब दिया गया। मिस डीएवी चांदिमा घोष एवं मास्टर डीएवी राजवीर को घोषित किया गया। विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को प्यार की निशानी के तौर पर स्मृति चिह्न के साथ-साथ उपहार भी दिया गया।

## मारपीट से एक वृद्ध व्यक्ति हुआ घायल

**तिसरी(गिरिडीह)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तिसरी थाना में बरवाडीह गांव



के घायल रामचंद्र प्रसाद यादव ने भतीजा मनोज यादव पर मारपीट करने का आरोप लगाकर आवेदन देकर न्याय की अपील की है।आवेदन में कहा की तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में भतीजा मनोज यादव शराब पीकर घर में अशब्द भाषा का प्रयोग कर रहा था।मना करने पर अचानक लाठी डंडा से चाचा रामचंद्र प्रसाद यादव के साथ मारपीट कर दिया जिससे चाचा रामचंद्र प्रसाद यादव का माथा में गंभीर चोट लगी।खून निकलने लगा ।जिसे देख घर के लोगो ने इलाज हेतु तिसरी अस्पताल ले गए।डाक्टर अनिता ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गिरिडीह रेफर कर दिया गया।

### जिप अध्यक्ष व एडीएम ने दवा खाकर किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

# लोगों से की दवा लेने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए आज सदर अस्पताल से जिला परिषद शारदा सिंह, प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ज्ञानेंद्र सिंह, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमित कुमार सहित अन्य लोगों ने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी लोगों को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली का खुराक अवश्य लेना चाहिए। सरकार द्वारा इसके रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस बीमारी को जड़ से खत्म करना अभियान का उद्देश्य है। वहीं प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने कहा कि



सभी लोगों को इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। घर-घर जाकर दवा खिलाने वाले दवा प्रशासकों का सहयोग करें। यह दवा स्वस्थ लोगों को इस बीमारी से बचाने के लिए है। सभी इस अभियान का लाभ उठाएं। सिविल सर्जन ने कहा कि आज से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा।

आज जिले के 2220 बूथ पर 4446 दवा प्रशासक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खलाई जाएगी। इस तरह दी जाएगी दवा की खुराक1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली।

**इन्हें नहीं दी जाएगी दवा:-** एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी।

## गिरिडीह : गांव चलो अभियान में संगठन सशक्तिकरण पर जोर : प्रो विनीता



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत आज प्रवासी प्रभारी के रूप में प्रो विनीता कुमारी गिरिडीह के पावरहाउस में वार्ड नंबर 11 में 24 घंटे प्रवास के दौरान वहां के स्थानीय लोगों से जनसंपर्क कर मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बात की। सभी लोगों ने मोदी जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। लगभग सभी लोगों को को केन्द्रीय योजनाओं का लाभ मिला है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में 11 नं वार्ड अंतर्गत चार बूथों 42,43,44, और 45 में बुथ संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया जिसमें चारों बुथ अध्यक्ष एवं उनकी कमिटी मौजूद रहीं।

राम मंदिर निर्माण के साथ साथ महिलाओं के लिए राजनीति में 33त्नआरक्षण को लेकर भी खुशी व्यक्त किया है। प्रवास के दौरान पावरहाउस में केडिया आवास पर सुनील डेंगेच एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ चाय पे चर्चा हुई।

## खुदाई के बाद झमाडा का 12 ईंच राइजिंग पाइप लाइन बना बाधक, रास्ता बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** आद्रा डिवीजन के फूसबंगला जामाडोबा मुख्य सड़क में यातायात समस्या को दूर करने को जामाडोबा रेलवे क्रॉसिंग के समीप प्रायोजित आरओबी निर्माण को लेकर शनिवार को रेलवे गेट को बंद करने आए कार्यपालक अभियंता अरुण कुमार सक्सेना को स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों की भारी विरोध व जनदबाव के चलते रेलवे की आई टीम को फिलहाल गेट को बंद करने का योजना को स्थगित करना पड़ा। बताते चलें की 16 मार्च 2021 में भागा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने का काम शुरू किया गया था। खुदाई के बाद झमाडा का 12 ईंच राइजिंग पाइप लाइन बाधक बन गई थी। रास्ता को बंद कर दिया गया था। बताते हैं कि रेलवे ने झमाडा कि पाइपलाइन कि समस्या के समाधान कि पुरी जवाबदेही अपने उपर ले लेने के बाद आरओबी का कार्य शुरू करने कि कवायद तेज कर दिया है। कार्य शुरू करने को शनिवार को आद्रा डिवीजन के अधिकारी एके सक्सेना ने आरपीएफ जवानों के साथ जामाडोबा रेलवे गेट को बंद करने पहुंचे। जहां पूर्व पार्षद मनोज साव, कांग्रेस नेता पिंटू तुरी, किशोर कुमार, मो कलाम, चेंबर ऑफ कॉमर्स के आरिफ सिद्दिकी, शुभाशीष राय आदि के नेतृत्व में दर्जनो लोगों ने गेट के बगल में वैकल्पिक सड़क देने कि मांग करते हुए रेलवे के अधिकारी टीम का गेट बंद करने का जमकर विरोध किया। लोगों कि विरोध को देखते हुए अभियंता सक्सेना ने गेट के बगल से स्टेशन तक वैकल्पिक सड़क बनाने का स्थल का लोगों के साथ निरीक्षण कर लोगों से वार्ता किया। अधिकारी ने कहा कि अगले सप्ताह लोगों कि समस्या का समाधान करने को वार्ता कर के ही कार्य शुरू किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : रन फॉर सेफ्टी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय सुरक्षा माह 2024 के तहत सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक तक रन फॉर सेफ्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा माह 2024 के तहत लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करना कितना आवश्यक है, यह बताने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया है।

उन्होंने वैसे अभिभावक, जो अपने बच्चों को मॉडिफाई या रेसर बाइक देते हैं, से अपील करते हुए कहा कि वैसे अभिभावक अपने बच्चों पर नजर रखे, उनको तेज रफ्तार बाइक चलाने नहीं दे एवं




यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

साथ ही युवाओं से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ज्यादा तेजी और लापरवाही से वाहन चलाने से जान का जोखिम है। आप सुरक्षित रहेंगे तो आपका परिवार और देश भी सुरक्षित रहेगा।

रन फॉर सेफ्टी में जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात अरविंद कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा सेल के कर्मी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## सड़क सुरक्षा माह : कांको मोड़ सहित अन्य स्थानों पर किया नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी तथा ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत कांको मोड़, राहुल चौक, भटमुड़ना मोड़ सहित अन्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई तथा दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने को कहा गया। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग, ट्रैफिक सिग्नल, गुड सेमेरिटन के बारे में जानकारी दी गई।

## गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीणों से हुई चर्चा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गाँव चलो अभियान के तहत डाटा मैनेजमेंट के जिला संयोजक सह प्रवासी नीलकंठ रवानी राजगंज मंडल अन्तर्गत लुसाडीह बुथ संख्या 298 मे भाजपा के वरिष्ठ नेता सुदाम चन्द्र अड्डी, दामोदर चौधरी, गणेश चन्द्र रवानी, प्रवीण चौधरी, सिंटु मुखर्जी, बिभुति चौधरी, किशोर चौधरी, सौरव चौधरी, जीतन महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित होकर गाँव चलो अभियान का ग्रामीणों से विस्तार से चर्चा किये ।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर आजसू पार्टी ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**तिसरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तिसरी प्रखंड के गांधी मैदान में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंपा. जिसमें आजसू नेता शंकर यादव ने कहा कि जनवरी माह का राशन डीलरों द्वारा गबन कर लिया गया है और पीडीएस दुकानदार द्वारा प्रति व्यक्ति यूनिट में 5kg के जगह पर 4.5 kg दिया जा रहा है जो गरीब व्यक्ति का निवाला छीनने का काम कर रही है वही मनरेगा योजना में B.P.O मनमानी रवैया के खिलाफ।

# जाति-धर्म नहीं, जनता की समस्याओं पर हो चुनाव तभी बदलेगी व्यवस्था : आप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि जब तक जनता की समस्याओं पर चुनाव नहीं होगा व्यवस्था नहीं बदलेगी। जाति और धर्म के नाम पर पूरे देश को भटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल और होस्पीटल में आधारभूत संरचना नहीं है। सरकारी स्कूल में शिक्षक नहीं हैं, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल रही। सरकारी होस्पीटल में डॉक्टर नहीं हैं, गरीबों का सही से इलाज नहीं हो पा रहा है। और उम्मीद जताई जा रही है कि मेरी झोपडी में भगवान आयेंगे और सब कुछ ठीक कर देंगे। श्री शर्मा ने कहा कि व्यवस्था सरकार बदलती है। स्कूल होस्पीटल बिजली पानी महंगाई रोजगार भ्रष्टाचार की समस्या सरकार ही ठीक करेगी। और इसके लिए



जनता को अब सड़क पर उतरने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली और पंजाब में सरकार है। वहाँ जनता को बिजली और पानी फ्री मिलता है। दिल्ली में सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूल से अच्छा हो गया है। होस्पीटल में गरीबों का मुफ्त इलाज मुफ्त जांच मुफ्त दवा और मुफ़्त आपरेशन की व्यवस्था है। केवल शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर दिल्ली सरकार 41 प्रतिशत बजट खर्च करती है जबकि भारत सरकार केवल 4 प्रतिशत खर्च करती है। उन्होंने कहा कि भारत में सेकेंड हाइयेस्ट टैक्स एजुकेशन पर है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लोगों से टैक्स पर टैक्स वसूला जा रहा है। गरीब और गरीब तथा अमीर और अमीर होते जा रहे हैं। । कहा कि दिल्ली में सड़क दुर्घटना में घायल होने पर घायल लोगों की जिंदगी बचाने के लिए सारा पैसा सरकार खर्च करती है।

**अमीरी और गरीबी की बढ़ रही है खाई : शर्मा**

महिलाओं बुजुर्गों विद्यार्थियों दैनिक मजदूरों के लिए यातायात की मुफ्त बस व्यवस्था की गई है। बच्चों के मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था है। एजुकेशन लोन की गारंटी सरकार लेती है। दिल्ली में इस तरह व्यवस्था बदलाव का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को तत्काल हर पंचायत में पाँच ईमानदार व संघर्ष करने वाले साथियों की जरूरत है। वो आगे आयें और व्यवस्था बदलाव की लड़ाई लड़ें।

## लोकसभा उम्मीदवार के लिए शमशेर आलम ने पेश की दावेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा की कांग्रेस से उम्मीदवारी के लिए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सह सचिव शमशेर आलम ने आपनी दावेदारी धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के समक्ष आवेदन के साथ अपनी कांग्रेस पार्टी मे वर्षो से विभिन्न पदो मे रहकर कार्य की राजनीतिक सफर का ब्योरा सौंप कर किया।

प्रवक्ता शमशेर आलम ने कहा की धनबाद लोकसभा से मेरी दावेदारी काफी मजबूत बनती है। मेरी राजनीतिक सफर छात्र जीवन से कांग्रेस संगठन मे युवा कांग्रेस से जिला कांग्रेस, प्रदेश काँग्रेस संगठन मे विभिन्न पदो पर रहकर आज तक जनता की हर एक समस्याओ को लेकर संघर्षशील हूँ तथा दो बार धनबाद नगर निगम चुनाव मे अपनी योग्यता दिखा चुका हूं।


**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,खूँटी**
**(मनरेगा कोषांग)**

**मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प ज्ञापांक 4729 दिनांक 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक 6440 दिनांक 17.07.2012 एवं संकल्प 848 दिनांक 21.03.2017 के आलोक में मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 311/मन० दिनांक 05.10.2023 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।

विभिन्न माध्यमों से यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) पद के लिए कुछ अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापन की कंडिका 07 में दिए गए शर्त के विपरीत एक से अधिक जिलों में आवेदन दिया गया है एवं शपथ पत्र भी समर्पित किया गया है, इत्यादि परिवाद।

उक्त के आलोक में चयन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर **तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)** पद पर नियुक्ति हेतु खूँटी जिला के लिए अभ्यर्थियों की तैयार योग्य/अयोग्य/प्रारंभिक मेधा सूची /साक्षत्कार को निरस्त किया जाता है।

प्राप्त सभी आवेदनों के जाँचोंपरान्त **तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)** पद के लिए अभ्यर्थियों की नई योग्य/अयोग्य/प्रारंभिक मेधा सूची तैयार किया जाएगा एवं पुनः साक्षत्कार/दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सूचना बाद में जिला के वेबसाईट **www.khunti.nic.in** पर एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा।

ह०/–
उप विकास आयुकत
–सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,खूँटी

PR 318601 District(23-24).D


## एसएनएमएमसीएच में डॉक्टर मित्तल को दी गई श्रद्धांजलि, शोक सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के लेक्चर थिएटर में शनिवार को स्वर्गीय डॉ .प्रो. केदार नाथ मित्तल को कॉलेज प्रबंधन की तरफ से श्रद्धांजलि देने के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

डॉ. के. एन. मित्तल का स्वर्गवास 2 फरवरी को हुई थी। डॉ. मित्तल पी एम सी एच के प्राध्यापक,चर्म रोग विभागाध्यक्ष, पूर्व प्राचार्य एवं अधीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके थे। उन्हें भारत के बेस्ट सिटीजन अवार्ड से भी नवाजा गया था। वह कई सामाजिक, धार्मिक, मेडिकल संस्थानों से भी जुड़े हुए थे।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(जिला योजना)**

**– :: निविदा :: –**

DMFT मद से रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी विभागों में Biometric उपस्थिति शत–प्रतिशत करने के निमित्त Biometric Device हेतु Rate Contract किया जाना है। उक्त हेतु दिनांक 04.03.2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक निविदा जिला योजना कार्यालय, रामगढ़ में आमंत्रित की जाती है। दिनांक 06.03.2024 को अपराह्न 12:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में चयन समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। तद्नुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, शर्त एवं नियम तथा विशिश्टताएँ रामगढ़ जिले के वेबसाइट/पोर्टल http://ramgarh.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,
रामगढ़।

PR 318623 (District) 23-24 (D)



**झारखंड सरकार**
**राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, हेहल,राँची**
**Ph. No: 65135-02613**
**Email: sirdranchi@gmail.com, sird.jharkhand@nic.in**

पत्रांकः– II-04/2020/140 दिनांक– 08.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, राँची के कार्यालय एवं छात्रावास के उपयोगार्थ पुराने एवं बेकार सामग्रियों की बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निम्नलिखित शर्ते हैं :–

नियम एवं शर्ते

1. निविदाकर्ता मुहरबंद निविदा दिनांक– 12/02/2024 से 21/02/2024 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते हैं।
2. निविदा दिनांक– 23/02/2024 को निदेशक, सर्ड के द्वारा में गठित आन्तरिक क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष उनके कार्यालय कक्ष में अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी।
3. निविदा के साथ अग्रधन रु० 5,000/– (पाँच हजार) का बैंक ड्राफ्ट जो निदेशक, राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, राँची के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट प्रस्ताव के साथ संलग्न करना होगा।
4. निविदाकर्ता के द्वारा क्रय किये गये सामग्रियों को उठाने का व्यय का वहन स्वंय करना होगा।
5. निविदा स्वीकृति के उपरांत निविदाकर्ता को स्वीकृति के दो दिनों के अन्दर सामग्रियों को उठा लेना होगा।
6. जिन निविदाकर्ता का निविदा अस्वीकृत होगा उनका अग्रधन निविदा स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर वापस कर दिया जायेगा।
7. सीलबंद निविदा सुस्पष्ट अक्षरों में क्रय दर के साथ अंकित होना चाहिए।
8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार निदेशक के पास सुरक्षित रहेगा।

ह०/–
(राजेश सिंह)
निदेशक
राज्य ग्रामीण विकास संस्थान,राँची

PR 318551 SIRD(23-24).D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


संक्षिप्त खबरें

## गौ माता की सेवा करना हम सब का परम कर्तव्य है : दीपक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शांति आश्रम के पास दो दिनों से एक गाय गिरा हुआ था जिसकी शुद्ध लेने वाला कोई नहीं था जिसकी सूचना महेंद्र प्रसाद ने जय श्रीराम समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू को दी। दीपक साहू समेत नगर कार्यकारी अध्यक्ष लाल नितेश नाथ शाहदेव ने तत्काल उक्त स्थान पर जाकर देखा एवं उचित उपचार के लिए पशु डॉक्टर कर्मा उरांव से तत्काल इलाज करवाया। अभी स्थिति अच्छी है परंतु अभी तक उसका मालिक नहीं पहुंचा है। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा गाय हमारी माता है उसकी सेवा करना हम सब का परम कर्तव्य है। आगे कहा सड़कों पर बेधड़क गायों को छोड़ दिया जाता है और कई दिनों तक उसका मालिक ढूंढने नहीं आता है ऐसे लोगों पर प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। कई बार सड़कों पर रहने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती है या संभावना बनी रहती है।

## संतोष मांझी हत्याकांड का हुआ पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल, दो फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में विगत दिनों हुए हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दिनाक 04/02/2024 को कुडू थानान्तर्गत कुडू बाजार टांड़ के संतोष कुमार मांझी उर्फ मंगलू की अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस सम्बध में कुडू थाना में षड्यंत्र रचकर हत्या करने से संबंधित काण्ड दर्ज कराया गया था। तत्पश्चात हत्या के उद्भेदन हेतु सहायक पुलिस अधीक्षक (भा0पु0) एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लोहरदगा के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन कर अज्ञात अपराधकर्मियों का पता लगाने का निर्देश दिया गया था। स्थ्ढ्ढञ्ज टीम के द्वारा वैद्यानिक रूप से तकनिकी शाखा के सहयोग से इस काण्ड में संलिप्त 06



अपराधकर्मियों 1.सत्यजीत कुन्दन, 2.रितेश कुमार भारती,3. विजय राम पावार, 4.अमन सिंह, तथा दो अन्य की संलिप्ता पायी गई थी जिसमें से 04 अपराधकर्मी 1.सत्यजीत कुन्दन, 2 रितेश कुमार भारती,3.विजय राम पावार, 4.अमन सिंह को विभिन्न-विभिन्न जगहों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के द्वारा संतोष कुमार मांझी उर्फ मंगलू की आपसी रजिश के कारण हत्या करने की बात स्वीकार किया गया। अपराधकर्मियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाईल, हत्या के षड्यंत्र में मिले पैसे एवं घटना में प्रयोग किये गये कार एवं मोटरसाईकिल को भी जप्त किया गया। वही पुलिस ने बताया कि अन्य दो फरार अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द कर ली जायेगी जिसमे गिरफ्तार अभियुक्तों 1. सत्यजीत कुन्दन उम्र करीब 32 वर्ष, पिता- युवराज प्रसाद, ग्राम कुडू, थाना- कुडू जिला- लोहरदगा, 2.रितेश कुमार भारती उम्र करीब 31 वर्ष पिता- स्व0 नागेन्द्र भारती, ग्राम बरवाटोली, थाना-चन्दवा,जिला- लातेहार 3. विजय राम पावार उम्र- 36 वर्ष, पे0 स्व0 मनोहर राम पावार सा0- हरमू रोड बालमिकी नगर थाना-सुखदेवनगर जिला- रांची, 4.अमन सिंह उम्र-25 वर्ष पिता- प्रीतम सिंह सा0गली न0- 03 पुन्दाग,स्रू चौक थाना- जगरनाथपुर जिला राँची, से गिरफ्तार किया गया,जिसमें अभियुक्तों के पास से 1. सत्यजीत कुन्दन के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया एप्पल कम्पनी का 11 प्रो मैक्स मोबाईल फोन, 2.रितेश कुमार भारती के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया वन पल्स मोबाईल फोन, टी0भी0एस0 मोटरसाईकिल तथा हत्या के षड़यंत्र में मिला खर्च करने के उपरांत बचा हुआ नकद 1000 (एक हजार) रुपये, 3.विजय राम पावार के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया रियल मि कम्पनी का एक मोबाईल फोन, एक सफेद रंग की होण्डई ङ्खक्रश्वहृ्र कार नं0- छ्व॥01ष्टस्न- 0561 एवं हत्या के षड़यंत्र में मिला खर्च करने के उपरांत बचा हुआ नकद 2500 (दो हजार पांच सौ रुपये), 4.अमन सिंह के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया आईटेल कम्पनी का कीपैड मोबाईल, घटना के समय पहने हुए अस्मानी रंग का जैकेट एवं हत्या के षड़यंत्र में मिला खर्च करने के उपरात बचा हुआ 1500 (पंद्रह सौ) रुपये, तथा घटना में प्रयोग किया गया एक लाल रंग का ग्लैमर मोटरसाईकिल भी जप्त किया गया है। इस छापेमारी के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

## जी टी पी एस लोहरदगा के चार छात्रों ने सी ए फाऊंडेशन उत्तीर्ण की

### सृष्टि कुमारी 87 प्रतिशत अंक लाकर अव्वल रही

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के चार छात्रों ने सी ए फाऊंडेशन कोर्स में उत्तीर्ण होकर विद्यालय एवं जिला का नाम रोशन किया है। जिनमें सृष्टि कुमारी, मानव कुमार, सक्षम कुमार और जीशान आलम शामिल हैं। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि सृष्टि कुमारी कुल 400 अंकों में 346 अंक प्राप्त कर अव्वल रही है। उल्लेखनीय है कि सृष्टि कुमारी स्वर्गीय विनय कुमार अग्रवाल की पुत्री हैं और उनकी माता रूबी अग्रवाल टाइनी टास्क में शिक्षिका हैं। माता रूबी अग्रवाल के अनुसार सृष्टि कभी ट्यूशन नहीं पढी वह अपने मेहनत के बल पर हमेशा कक्षा में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करती रही है। विद्यालय के कॉमर्स शिक्षक



राहुल कुमार ने बताया कि चारो सफल छात्र काफी परिश्रमी हैं और हमेशा अपनी मेहनत के बल पर ये अपने कक्ष में भी अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। छात्रों की इस शानदार सफलता के लिए विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह शिक्षा निर्देशिका जान्हवी सिंह विद्यालय प्रबंधक आजात शत्रु प्राचार्य एस के झा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मोदी सरकार का श्वेत पत्र नहीं, बल्कि सफेद झूठ पत्र है : आलोक साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा संसद में अर्थव्यवस्था पर लाया गया श्वेत पत्र एक झूठ पत्र है। मोदी सरकार के द्वारा अपनी नाकामी को छुपाने के लिए श्वेत पत्र लाकर जो जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है वह कभी पूरा नहीं होगा। देश की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। श्री साहू ने कहा कि श्वेत पत्र में मोदी के 10 साल में युवाओं, महिलाओं, किसान, अल्पसंख्यकों और श्रमिकों के साथ जो अन्याय हुआ है उसका जिक्र करना चाहिए। भाजपा के इस 10 वर्षों के कार्यकाल में बेरोजगारी 45 वर्षों में सबसे अधिक पहुंच गई



है। 2012 में बेरोजगारी एक करोड़ थी जो 2022 में बढ़कर लगभग 4 करोड़ हो गई। 10 लाख स्वीकृत पद खाली पड़े हैं। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत 2014 से 2024 के बीच 20 फ़ीसदी कम हुई है। कीमतों में प्रति बैरल 100 से 79 डॉलर की कमी आई है इसके बावजूद मोदी सरकार एलपीजी, पेट्रोल और डीजल के मामलों में वृद्धि करती रहे जिससे सभी वस्तुएं महंगी रही। भाजपा ने किसानों क आय दुगना करने का वादा किया था वह पूरा नहीं हुआ। भाजपा ने किसानों के लिए तीन काला कानून लाया था इस कानून के खिलाफ आवाज उठाने के लिए लगभग 700 किसान शहीद हुए। महिलाओं पर अत्याचार काफी बड़ा है। अग्निपथ जैसी योजना लाकर सेना को कमजोर कर दिया गया है। 2013 की तुलना में 2022 में एसटी,एससी समुदाय के खिलाफ अपराध 48 फ़ीसदी बढ़ी है ।देश में जातीय जनगणना करने से मोदी सरकार इनकार कर दिया है। महंगाई,मणिपुर पर भी श्वेत पत्र बीजेपी को लाना चाहिए लेकिन सरकार इस पर चुप है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में सम्पन्न हुआ प्रवेश परीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र स्थित जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में 9 वी एव 11 वीं कक्षा में नमाकंन के लिये शनिवार को प्रवेश परीक्षा लिया गया। वही प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने जानकारी देते हुए बताया की नवोदय विद्यालय में 6 ठी,9 वी और 11 वीं कक्षा में नामांकन से पूर्व सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्रओं से प्रवेश परीक्षा लिया जाता है। उसी क्रम में 9 वीं कक्षा व 11 वीं कक्षा में नमाकंन के लिये प्रवेश परीक्षा आयोजित किया गया। जिसमें प्रवेश परीक्षा पास करने पर 9 वीं कक्षा में 6 बच्चो का नमाकंन लिया जायेगा। जो पास करेगें उसको लिया



जाता है नवी कक्षा के लिए 128 छात्र छात्राओं ने आवेदन किया था। जिसमें 88 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 40 अनुपस्थित रहें। 11 वी कक्षा के लिए 73 बच्चो ने आवेदन किया था। परीक्षा में 48 शामिल हुए तथा 25 अनुपस्थित रहें। कुल 136 विद्यार्थियों शामिल हुए। साथ ही बताया कि 11 वी के लिये परीक्षा देने वाले छात्र छात्राएँ 10 वीं कक्षा के बच्चे है। जो मैट्रिक पास करने के उपरान्त जेएनवी की प्रवेश परीक्षा में उतीर्ण होने पर उन सभी छात्रों का नमाकान जवाहर नवोदय विद्यालय में होग। उसी में जो विद्यार्थी स्टेट टॉप करेगें वैसे बच्चे झारखंड के किसी भी नवोदय विद्यालय में नमांकन करा सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया की परीक्षा शांतिपुर्ण और कदाचार मुक्त संपन्न हुआ। तथा विद्यालय के मुख्य द्वार से सिर्फ परीक्षार्थीयों को ही प्रवेश करने का अनुमति था। मौके पर दंडाधिकारी सह जेई संजीत कुमार, धनंजय कुमार, जगेश्वर महतो, रमेश कुमार उपाध्याय, आर पी विश्वकर्मा, सीमा जायसवाल, सूरज पाण्डेय के अलावे एइस आई अलबीना लकड़ा दल बल के साथ मौजूद थे।

## कैरो प्रखंड 20-सुत्री अध्यक्ष ने नए एसडीपीओ से मिल क्षेत्र में शांति सौहार्द में सहयोग का दिया भरोसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** लोहरदगा अनुमंडल के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा से कैरो प्रखंड 20 सुत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष सह कैरो प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अनीश अहमद खान, कैरो प्रखंड कांग्रेस महासचिव मोजाहिर अंसारी ने 10 फरवरी शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में मिलकर दिया क्षेत्र में शांति, सौहार्द कायम रखने मे सहयोग का भरोसा। इस अवसर पर नए एसडीपीओ को 20-सुत्री अध्यक्ष ने सर्वप्रथम गुलदस्ता



भेंट कर जिले मे उनके योगदान पर स्वागतम किया। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने प्रखंड 20 सुत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान से थाना क्षेत्र के हनहट, सढ़ाबे, कैरो, नरौली, गजनी, व गुड़ि पंचायत क्षेत्र के भगौलिक पृष्ठभूमि के विषय मे जानकारी लिया। वही चर्चा के दौरान एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने 20 सुत्री अध्यक्ष से कहा कि आप सभी समाज मे फैले कुरीतियों, नशापान, अंधविश्वास, सड़क सुरक्षा व यातायात नियमो के प्रति लोगो को करें जागरुक।

## श्रवण कुमार पाठक को शास्त्रीय संगीत पखावज वादन में ए ग्रेड कलाकार अनुमोदित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एम.बी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल लोहरदगा झारखंड के संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक को प्रसार-भारती आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के केंद्रीय ऑडिशन बोर्ड महानिदेशालय दिल्ली के द्वारा शास्त्रीय संगीत पखावज वादन में ए ग्रेड कलाकार अनुमोदित किया गया है। इस उपलब्धि पर इन्हें आकाशवाणी पटना के भा.प्रा.(का) से. प्रोग्राम हेड डॉक्टर राजकुमार नाहर जी के कर कमलों द्वारा सॉल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। मालूम हो कि श्रवण कुमार पाठक को पखावज वादन में अंतरराष्ट्रीय रावा कला श्री अवार्ड भी प्राप्त हुआ है। हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## 90 छात्र छात्रओं ने दिया मैट्रिक बोर्ड में उर्दू की परीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा के पांचवे दिन शनिवार को प्रखण्ड क्षेत्र के दो परीक्षा केंद्र नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में कड़ी सुरक्षा के बीच कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से उर्दू की परीक्षा संपन्न हुई। वही नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 43 तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 47 छात्र छात्राओं ने उर्दू का परीक्षा दिया। दोनों परीक्षा केंद्र में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे? केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा और अभिषेक गौरव



ने जानकारी देते हुए बताया कि निगरानी विभाग के अन्तर्गत उड़नदस्ता टीम के जिला भू अर्जन पदाधिकारी सह फ्लाइंग स्वायड जय ज्योति सामंता द्वारा प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण कर परीक्षा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि राज्य सरकार के मानव संसाधन विभाग के निर्देशानुसार परीक्षा आयोजित हो रहा है। जिस निमित शनिवार को कदाचारमुक्त तथा शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न हुआ। वरीय पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी किया जा रहा है। तथा परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जिस के लिये प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, बीपीओ निलेन्द्र कुमार व एसआई शशिकांत कुमार, ए एस आई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ उपस्थित थे।

## प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की पूनम कुमारी को मिला द्वितीय स्थान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय की 12वीं की छात्रा पूनम कुमारी ने विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है,उनके निबंध का शीर्षक था रोजगारपरक शिक्षा में कौशल विकास की भूमिका। इसी निबंध प्रतियोगिता में राजन साहू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है। एकादश की छात्रा किरण कुमारी और ज्योति प्रिया कुजूर ने भी निबंध प्रतियोगिता, जिसका शीर्षक था राष्ट्र निर्माण में भैया-बहनों का योगदान÷ में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है। सभी विजेता प्रतिभागियों का सम्मान महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संदेश एक्का के समक्ष सैकड़ो लोगों ने थामा झारखंड पार्टी का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रखंड के कुंदूरडेगा में झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा शनिवार को ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए बैठक का आयोजन किया। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा उनका स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले गए इसके बाद अपनी समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आज भी कच्चा सड़क है ,जिससे की बारिश के मौसम में आवागमन में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि गांव में बिजली बिल नहीं आती है और ऐसे में एक मुस्त बिजली बिल आने से लोगों को चुकाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ,इसके अलावा कई लोगों का डबल बिजली बिल आने की भी शिकायत है। वहीं इसके अलावा गांव में प्रधानमंत्री आवास



पीने की पानी सहित कई समस्याओं को रखा। समस्याओं को सुनने के बाद संदेश एक्का ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों के साथ मुलाकात करते हुए दूर करवाने का आश्वासन दिया। व्हाई इस मौके पर गांव के सैकड़ो की संख्या में लोगों के द्वारा झारखंड पार्टी का दामन थामा मौके पर संदेश एक्का के द्वारा पार्टी का पट्टा पहन कर सभी लोगों को पार्टी संगठन में शामिल करते हुए आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने को लेकर आवाहन किया। इस मौके पर जिला महासचिव बाबूराम लकड़ा आशीष सिंह, रवि बड़ाईक, चिराग बाड़ा, बंधू सिंह, दिनेश सिंह, अनिल मुंडा, जगन सिंह, रमेश सिंह, जनविजय सिंह, सुनीता देवी, संजू देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गांव चलो अभियान व अन्य कार्यक्रमों को लेकर भाजपा द्वारा दी गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद के नेतृत्व में गांव चलो अभियान के तहत बूथ नंबर 138 139 140 143 167 में जाकर बूथ अध्यक्ष पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान जैसे गांव चलो अभियान एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया आदरणीय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया गया इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता फनी भूषण



शाह, चंदन लाल कसेरा, चिंटू कुमार गुप्ता, राजेंद्र साहू इत्यादिक काफी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

## सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर में हवन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के पुराना शुक्र बाजार अजय पार्क के समीप श्री सिध्दीविनायक हनुमान मंदिर में नवनिर्मित हनुमान जी एवं विश्वकर्मा भगवान जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 10 फरवरी को वेदी पूजन सर्वोदव पूजन सभी देवी विर्गोहो का जलाधिवास, फलाधीवास, अन्नाधीवास, पुस्पाधिवास औषधि वास पुष्पा दिवस हवन आरती पुष्पांजलि एवं आरती आदि कार्यक्रम किया गया। पुरोहित जयशंकर मिश्रा चंद्रशेखर मिश्रा, पंकज मिश्रा, परमानंद मिश्रा और गोपाल मिश्रा के द्वारा यजमान सरोज प्रजापति पत्नी सरिता देवी, दीपक अग्रवाल पत्नी पिंकी अग्रवाल, प्रजापति पत्नी यशोदा देवी, विनय शर्मा पत्नी जयंती देवी व रविशंकर शर्मा पत्नी नीलम शर्मा के साथ विश्व कल्याण हेतू पूजन कराया गया। इस क्रम में पंडित



जयशंकर मिश्र ने कहा कि पूजन विधि से भगवान की प्रतिमा में उर्जा संग्रहित होता है तथा भक्त जब प्रतिमा का दर्शन के लिए जाता है तो उसका पाप तप रोग ऋण शत्रु आदि का नाश होता है। इस प्राण प्रतिष्ठा व पूजन कार्यक्रम शहर मे होना सुखद है अतः भक्त गण सपरिवार भाग लेकर पूण्य के भागी बने। पण्डित जयशंकर मिश्र ने कहा कि 11 फरवरी दिन के 1बजकर 22 मिनट मे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। इसके पूर्व प्रातः 9 बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकलेगी। मौके पर लगातार दुसरे दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में लोहरदगा कीर्तन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज कुमार प्रजापति, दीपक अग्रवाल, महेंद्र कुमार प्रजापति, इंद्र प्रजापति, अजय प्रजापति, प्रदीप गुप्ता, प्रमोद प्रजापति, अभिषेक शर्मा, रमेश साहू, निशीथ जयसवाल, बालगोबिंद साहु, ब्रजेश शर्मा, दीपांशु प्रजापति, नागेंद्र प्रजापति, मृत्युंजय कुमार, गणेश प्रजापति, विनोद प्रसाद, निधि कुमार, रिंकू गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रवाल, मनोहर गुप्ता, नवल अग्रवाल, महेश मिस्त्री, राहुल, सजल, कन्नू, मनु, विकास, चिंटू, ऋषिका, मिली, किरण, मीणा आदि बड़ी संख्या के साथ भक्तगण उपस्थित थे। समिति के लोगों ने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य के भागी बने। 11फरवरी को बेदी पूजन आरती सभी विग्रहों के साथ शोभा यात्रा नगर भ्रमण प्राण प्रतिष्ठा पूजन हवन आरती संध्या में महाआरती कार्यक्रम होगे।

### विधायक व गांव वालों के द्वारा भूमि पूजन करते हुए किया गया शिलान्यास

## ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत के चेटमाल से छुरिया दुमकी होते हुए उड़ीसा बॉर्डर तक सड़क का मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत राज्य सरकार के मद से विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी के अनुशंसा पर बनने वाले पथ का गांव वालों संवेदक और विभाग के पदाधिकारीयो संग भूमि पूजन करते हुए विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने शिलापट्ट का अनावरण फीता काटकर किया। विधायक के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत ग्रामीणों के द्वारा नाच गान एवम स्वागत गीत गाकर किया गया। विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के



आधार पर दूर किया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा सड़क के बारे में बताया गया था कि इस सड़क की स्थिति बहुत ही खराब है। किसी के बीमार हो जाने की हालत में उन्हें ले जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।चुंकि रोड बहुत ही जर्जर स्थिति में था और जगह जगह पर बोल्डर निकल गया था।दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी।इसको देखते हुए वे इस पथ को निर्माण कराने के लिए राज्य सरकार को अनुशंसा किया। चुंकि इस पथ के बन जाने से सभी तरह का परेशानियों से राहत मिलेगी। हमारा देश भारत गांवों में बसता है।जब तक गांव का विकास नही होगा, विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसी कड़ी में गांवों के चहुँमुखी बिकास करने का काम किया जा रहा है। गांव में मुलभुत सुविधा जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य की उत्तम सुविधाओं को बहाल किया जा रहा है। वहीं उन्होंने विपक्षी एनोस एक्का और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उक्त दोनों कभी भी झारखंड के विकास के लिए कार्य नही किया बल्कि अवसर मिलते ही लूट मचा दी। झारखंड में सबसे अधिक समय तक भाजपा का शासन रहा, जिसमे विकास के नाम पर पूंजीपतियों और उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया। देश के नागरिकों के मन मे जहर भर कर अपना लाभ उठाते रहे और इस कार्य मे पूर्व मंत्री एनोस एक्का का भी भरपूर योगदान रहा जिसे जनता ने गद्दी से हटाने का कार्य उपचुनाव के माध्यम से किया। उक्त अवसरवादी नेताओं की पोल खुल चुकी है और जनता अब समझदार हो गयी है और ऐसे अवसरवादी नेताओं से जनता को जागृत करने का कार्य कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता करेंगे।

## चलते चलते एक नजर

### झारखंड राज्य सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की हुई बैठक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने सभी महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों की बैठक किए। 2 फरवरी 2024 को महासंघ के सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों को सूचित किया गया था कि 2 फरवरी 3 फरवरी और 4 फरवरी तक आकरअपना 2024 का नए पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों का मनोनय पत्र ले ले अन्यथा किसी पदाधिकारी या सदस्यों ने अपना मनोनय पत्र नहीं लिया इससे महासंघ के संस्थापक सह प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी क्या समझे क्या आपको इस यूनियन में रुचि नहीं है और नहीं है तो कल की बैठक में आप अगर उपस्थित नहीं होते हैं और नियमों अनुसार नवनिर्वाचित घोषित पदाधिकारी या कार्यकारी सदस्य ने अपना मनोनय पत्र नहीं लिया तो उनको दिनांक 11 फरवरी फरवरी 2024 समय संध्या 5:00 बजे के बाद नहीं उनको मनोनय पत्र दिया जाएगा और ना ही उसको महासंघ का सदस्य या पदाधिकारी समझ जाएगा।

### आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विधान सभा में बजट पर चर्चा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के फैसले समेत केन्द्र सरकार के कार्यों की सराहना की तो अपनी सरकारी की उपलब्धियों को भी गिनाया। विपक्ष पर भी खूब कटाक्ष किए। विपक्ष पर हमला करते हुए बोले कि आपने लूटे मिलियन, हम देंगे प्रदेश को वन ट्रिलियन। नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महान विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए केन्द्र का आभार व्यक्त करता हूँ। चौधरी साहब का सम्मान कोटि-कोटि अन्नदाता किसानों का सम्मान है। चौधरी साहब के प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में विकास के प्रयास सराहनीय हैं। किसान 2014 के बाद राजनितिक एजेंडे में आया। यह चौधरी साहब की देन है। मै सोच रहा था कि जब बजट पर नेता विरोधी दल बोलेंगे तो चौधरी साहब पर बोलेंगे लेकिन। इनकी स्थिति ये हो गयी है कि कोई साथ नहीं आ रहा, क्योंकि सब जानते हैं कि ये कब किसको धोखा दे दें, किसी को पता नहीं।

### पीटी ऊषा पहुंची रांची, हुआ भव्य स्वागत



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा मुंडा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट रांची में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा का स्वागत झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक के नेतृत्व में विभिन्न संघ के अध्यक्ष/सचिव के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर झारखंड के धरती पर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में झारखंड एथलेटिक्स संघ के सीडी सिंह, साइक्लिंग संघ के सचिव शैलेंद्र पाठक, एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष आशीष झा, झारखंड एथलेटिक्स संघ के शिव कुमार पांडेय, एथलेटिक्स कोच सैलेश कुमार सिंह, बिलियर्ड्स संघ के सीए पंकज भलोटिया एवम सीसीएल के अधिकारीगण उपस्थित थे। बताते चले की पीटी ऊषा सीसीएल के द्वारा आयोजित मैराथन में शामिल होने रांची आईं हैं। उक्त जानकारी आशीष कुमार सीनियर संयुक्त सचिव झारखंड ओलंपिक संघ ने दी।

---

### मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में हुए शामिल

# राज्य में कोई भी गरीब और जरूरतमंद बिना पक्का मकान के नहीं रहेगा: सीएम

**राज्य सरकार अपने बलबूते 20 लाख लोगों को तीन कमरों का पक्का मकान देगी मुख्यमंत्री**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** राज्य में हर किसी को सम्मान मिलेगा। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। सभी के साथ न्याय होगा। राज्य की जनता को पूरे मान-सम्मान के साथ हक अधिकार देंगे। हमारी सरकार का यह संकल्प है और पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शनिवार को गढ़वा में आयोजित पलामू प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मौके पर चयनित कुछ लाभुकों को सांकेतिक रूप से आवास की स्वीकृति पत्र एवं उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त की राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई भी गरीब और जरूरतमंद बिना मकान के नहीं रहेगा। किसी भी व्यक्ति का कच्चा और जर्जर घर नहीं होगा। सभी का अपना आशियाना होगा। राज्य सरकार अपने बलबूते 20 लाख लोगों को तीन कमरों का पक्का मकान देगी और इसका आगाज हो चुका है। उन्होने कहा कि विकास की लकीर को लंबी करेंगे। पूर्व




मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पिछले 4 वर्षों के अपने कार्यकाल में जिस तरह विकास के कार्य किए हैं। हमारी सरकार हेमन्त सोरेन द्वारा खीची गई विकास की लकीर को और लंबा करेगी। हम इस राज्य की तस्वीर और तकदीर को बदलेंगे। राज्य में कोई भी व्यक्ति रोटी, कपड़ा और मकान से वंचित नहीं रहेगा।

यहां की जनता ने जिन उम्मीदों और आकांक्षाओं से हमारी सरकार बनाई है, उसे हर हाल में पूरा करेंगे। गरीबों को हर वर्ष साल में दो बार धोती-साड़ी और लूंगी उपलब्ध कराया जा रहा है। अब अबुआ आवास योजना के माध्यम से 20 लाख आवास विहीन गरीबों और जरूरतमंदों को मकान भी देने का काम कर रहे हैं। मौके पर स्थानीय विधायक मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जो वादे किये थे उसे पहले दिन से ही पुरा कर रहे थे। उन्होने कहा कि यह सरकार आपके हितों एवं अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित है।

कार्यक्रम को मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार के विधायक वैद्यनाथ राम, उपायुक्त शेखर जमुआर ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

---

## मोदी सरकार ने ऐतिहासिक विकास कार्य किया: जवाहर पासवान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भाजपा डंडा मंडल के भिखही पंचायत के बोंगासी में बुथ संख्या 302 पर गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर बैठक किया गया। साथ ही दिवार लेखन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बुथ संख्या 302 के प्रवासी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ऐतिहासिक विकास कार्य किया है। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश तरक्की का नया इतिहास रचा है। मोदी सरकार ने जनहित में अनेकों योजनाएं बनाई हैं जिसका सीधा लाभ आम आदमी को मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजना, विश्वकर्मा योजना, श्री अन्न योजना, सहित अन्य कई योजना जनहित में चल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में धारा 370, अयोध्या राम मंदिर, सहित पूरे देश में विकास का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। डंडा मंडल प्रभारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजपा मोदी सरकार के विकास कार्य के दम पर चुनाव मैदान में आ रही है। युवाओं का रुझान भाजपा की तरफ तेजी से बड़ा है। गांव चलो अभियान कार्यक्रम के माध्यम से गांव गांव नेता कार्यकर्ता पहुंच रहें हैं। मौके पर भाजपा नेता चंद्रमणि धर दुबे, डंडा मंडल अध्यक्ष लखन चौधरी, महामंत्री नंदु चौधरी, बुथ अध्यक्ष संतु चौधरी, भाजयुमो मंडल मनोज कुमार चौधरी, बिरेन्द्र साव, राहुल कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, प्रहलाद तिवारी, रामनाथ ठाकुर, श्याम बिहारी तिवारी, रितेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

### संसद में नमो हैट्रिक वाली हुडी पहनकर पहुंचे अनुराग ठाकुर, कहा

# अबकी बार 400 पार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, बीजेपी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है.केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने एक बार फिर से मोदी सरकार की वापसी का दावा किया है. अनुराग ठाकुर ने संसद भवन में कहा कि तीसरी बार भी मोदी सरकार ही सत्ता में वापसी करने जा रही है. इसके साथ ही उन्होंने %तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा भी दिया. बता दें कि इस दौरान अनुराग ठाकुर ने भगवा रंग की हुडी पहनी हुई थी, जिस पर %नमो हैट्रिक% लिखा हुआ था. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश की जनता एक बार फिर से पीएम मोदी को वापस लाने का मन बना चुकी है. देश में नमो हैट्रिक लगने जा रही है.



बीजेपी सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी देश के बनने जा रहा हैं और भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है. इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी सरकार के कामकाज का भी जिक्र किया. अनुराग ठाकुर ने कहा कि बीजेपी सरकार में 4 करोड़ लोगों को पक्के घर दिए गए और 12 करोड़ पक्के शौचालय जरूरतमंदों तक पहुंचे. बीजेपी नेता ने कहा कि मोदी सरकार में 13 करोड़ घरों में पानी पहुंचा और 80 करोड़ लोगों को पानी और मुफ्त राशन की सुविधा भी दी गई. संसद में आज राम मंदिर प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि, राम मंदिर हमारे लिए आस्था का केंद्र था, है और रहेगा, लेकिन जो लोग सवाल उठाते थे कि बीजेपी कहती है कि भगवान राम आएंगे। लेकिन हमें तारीख नहीं बता रहे.अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने तारीख की घोषणा की और राम मंदिर का निर्माण भी किया.

---

# मुख्यमंत्री धामी ने किया 202 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

एजेंसी

**अल्मोड़ा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अल्मोड़ा के हवालबाग में आयोजित आजीविका महोत्सव में प्रतिभाग किया।इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुल 202 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 117 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं 85 करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं अन्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवी शक्ति के स्वरूप 10 कन्याओं का पूजन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार मातृशक्ति के उत्थान को



समर्पित सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार लगातार महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) को पारित कर जनता से किया वादा उन्होंने पूरा कर दिया है। उन्होंने समान नागरिक संहिता को देश एवं महिलाओं के विकास में मील का पत्थर कहा। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता किसी जाति, धर्म समुदाय के लिए न होकर पूरे राज्यवासियों के हितों के लिए है।उन्होंने कहा कि गोल्जू भगवान की पावन धरती अल्मोड़ा में आकर वें स्वयं को अभिभूत महसूस कर रहे हैं। इतने बड़े जन सैलाब के द्वारा अल्मोड़ा से किए गए स्वागत के लिए उन्होंने अल्मोड़ा वासियों का अभिनंदन किया एवं धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह जनसैलाब हमारे संकल्प में ऊर्जा भरने का काम करता है। उन्होंने कहा कि चंद राजाओं की भूमि सांस्कृतिक विशेषताओं को संजोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां आर्गेनिक कृषि,दुग्ध विकास, एपण की अपनी अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि इन विशेषताओं को गति देकर अल्मोड़ा में विकास का नया आयाम शुरू होगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका विकास सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के मंत्र पर हमारी सरकार अग्रसर है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का कार्य कर रही है। मैदान से लेकर पहाड़ तक विकास की गाड़ी चल पड़ी है।

---

# ओबीसी महासम्मेलन आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के तत्वावधान में आज 11 फरवरी को डालटनगंज के हाउसिंग कॉलोनी मैदान में ऐतिहासिक ओबीसी महासम्मेलन होगा। इस महासमेलन के कर्ताधर्ता ब्रह्मदेव प्रसाद हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से पिछड़ों की आवाज पूरे देश में फैलायी जाएगी। पिछड़ों के हक अधिकार की लड़ाई का आगाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरक्षण और जनगणना के साथ-साथ आबादी के हिसाब से नौकरी में आरक्षण पिछड़ों को देना ही होगा। उनकी आबादी 65 प्रतिशत है। इसके हिसाब से आरक्षण तय करना होगा। जो राजनीतिक पार्टियां चुनावी घोषणा पत्र में उनकी 11 सूत्री मांग को शामिल करेगी उनका समर्थन देने पर निर्णय लिया जाएगा। निकाय चुनाव में ट्रिपल टेस्ट कराकर ओबीसी को 52 प्रतिशत आरक्षण देना होगा और तत्काल 27 प्रतिशत आरक्षण पूरे झारखंड में लागू करना होगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी महासम्मेलन चिंगारी का काम करेगी। पूरे देश में ज्वालामुखी की तरह यह अभियान भड़क के अपने अंजाम पर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि शिवाजी मैदान काफी छोटा पड़ रहा था और शहरी गतिविधि अस्त-व्यस्त हो जाती। ऐसे में हाउसिंग कॉलोनी मैदान में कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। पूरे पलामू प्रमंडल में 33 लाख लोग ओबीसी समाज से आते हैं। सम्मेलन में लाखों लोगों की मौजूदगी होगी। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह 9 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत हो जाएगी। पूरे दिन कार्यक्रम चलेगा और समाज से आने वाले सारे अतिथि लोगों को उनके हक अधिकार से रूबरू कराएंगे। बता दें कि ब्रह्मदेव प्रसाद पलामू के जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। इन्होंने हमेशा गरीब, दलित और पिछड़ों की हक और अधिकार को लेकर आवाज बुलंद किया है। अभी लगातार कई दिनों से उन्होंने पलामू प्रमंडल में पिछड़े समाज के हक और अधिकार को लेकर रथ यात्रा निकाला। इस यात्रा के माध्यम से उन्होंने पिछड़े समाज को जागरूक करने का काम उन्होंने किया। आज इनकी दहाड़ से पिछड़े वर्ग में एक खाश संदेश जाएगा।

---

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में सेवा निरंतर जारी है नमन भारतीय

**रांची ।** श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुताहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष मिश्रा के द्वारा भोग लगाया गया तथा मंदिर परिसर में जुटे भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया, इसमें खिच?ी, अचार, चिप्स आदि थे। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह (लल्लू सिंह), शंकर दुबे, रवि कुमार पिंकू, रुपेश बर्मन, राहुल सिंह,विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, नमन भारतीय,राहुल रजक,संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक,अभिषेक रजक(बाबू),प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदि उपस्थित थे। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

